CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, सोमवार 2 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 169 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 17⁰C
न्यूनतम: 09⁰C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 13 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## आम बजट 2026-27: वित्त मंत्री ने नहीं किया आम आदमी के लिए कोई बड़ा ऐलान

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा बजट 15 % बढ़ा

### इनकम टैक्स में बदलाव नहीं, 17 कैंसर की दवाएं ड्यूटी फ्री, 3 आयुर्वेदिक एम्स व 7 हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनेंगे



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को बजट पेश कर दिया। वे संसद में 85 मिनट बोलीं, लेकिन आम आदमी के लिए कोई बड़ा ऐलान नहीं किया। हालांकि टैक्स फाइल करने में सहूलियत, रेलवे प्रोजेक्ट और 3 नए आयुर्वेदिक एम्स जैसी नई बातें कही हैं। बजट भाषण में कोई सीधा चुनावी ऐलान भी नहीं हुआ।

सीतारमण लोकसभा में तमिलनाडु की प्रसिद्ध कांजीवरम साड़ी पहनकर पहुंचीं जरूर, लेकिन इसी साल होने वाले पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुड्डुचेरी चुनाव पर सीधा असर डालने वाली घोषणाएं नहीं कीं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहले बजट में वित्त मंत्री ने जियो-पॉलिटिक्स और चुनौतियों की बात कही और देश का रक्षा बजट 6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ कर दिया। यानी कुल डिफेंस बजट में 15.2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। डिफेंस बजट की खास बात यह है कि हथियार खरीदी और सेना के आधुनिकीकरण पर पिछले साल के 1.80 लाख करोड़ के मुकाबले इस बार 2.19 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे। यह पूंजीगत खर्च में सीधे 22 फीसदी की बढ़ोतरी है।

आम बजट की सबसे बड़ी घोषणाएं- इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव नहीं। रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने के लिए 3 महीने का ज्यादा समय दिया। यानी अब 31 दिसम्बर के बदले 31 मार्च तक रिवाइज्ड रिटर्न फाइल कर सकते हैं। कैंसर की 17 दवाओं पर से आयात शुल्क हटाया। अभी 5 फीसदी शुल्क लगता था। हीमोफीलिया, सिकल सेल और मस्कुलर डिस्ट्राफी जैसी 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाइयां भी ड्यूटी फ्री। हाईस्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा। इनमें मुंबई -पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलिगुड़ी।

**आयुर्वेदिक एम्स खोले जाने की घोषणा**

मेडिकल टूरिज्म को बढ़ाने के लिए 5 मेडिकल हब भी बनेंगे। - लाख से ज्यादा आबादी वाले टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास के लिए 12.2 लाख करोड़ खर्च करने का ऐलान।

**इनकम टैक्स- स्लैब में बदलाव नहीं, रिटर्न फाइलिंग के लिए तीन महीने एक्स्ट्रा**

इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं।



रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने के लिए 3 महीने का ज्यादा समय दिया। यानी अब 31 दिसम्बर के बदले 31 मार्च तक रिवाइज्ड रिटर्न फाइल कर सकते हैं। न्यू इनकम टैक्स एक्ट एक अप्रैल 2026 से लागू होगा। फार्म रीडिजाइन किए गए हैं, ताकि आम लोग उसे आसानी से भर सकें।

**रक्षा बजट- 15 फीसदी बढ़ा, फोर्सेस के आधुनिकीकरण पर 22 फीसदी ज्यादा खर्च**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहले बजट में निर्मला सीतारमण ने जियो-पॉलिटिक्स और चुनौतियों की बात कही और देश का रक्षा बजट 6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ कर दिया। यानी कुल डिफेंस बजट में 15.2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। डिफेंस बजट की खास बात यह है कि इसमें हथियार खरीदी और आधुनिकीकरण पर पिछले साल के 1.80 लाख करोड़ के मुकाबले इस साल 2.19 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे। यह पूंजीगत खर्च में सीधी 22 फीसदी की बढ़ोतरी है। विमान और एयरो इंजन डेवलपमेंट के लिए 64 हजार करोड़ और नौसेना बेड़े के लिए 25 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं। पेंशन के लिए 1.71 लाख करोड़ अलग रखे गए हैं।



**स्वास्थ्य- कैंसर की दवाओं से कस्टम ड्यूटी हटेगी, इलाज सस्ता होगा**



कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 17 दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी हटा दी गई है। ये एडवांस कैंसर की इंपोर्ट होने वाली दवाएं हैं। अभी 5 फीसदी कस्टम ड्यूटी लगती थी। हीमोफिलिया, सिकल सेल और मस्कुलर डिस्ट्राफी जैसी 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाइयां भी ड्यूटी फ्री कर दी गई हैं।

**आयुर्वेद- भारत को ग्लोबल बायो फार्मा मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की तैयारी**

बजट में 3 आयुर्वेदिक एम्स बनाने का ऐलान किया गया है। आयुर्वेदिक दवाइयों की टेस्टिंग के लिए नेशनल लैब्स बनाई जाएंगी। भारत को ग्लोबल लेवल पर बायोफार्मा प्रोडक्ट के उत्पादन का हब बनाया जाएगा। अगले पांच साल में एक लाख स्पेशलिस्ट हेल्थकेयर प्रोफेशनल तैयार होंगे। इसके लिए 10,000 करोड़ के निवेश करने की बात कही गई है।

**गर्ल्स एजुकेशन- 789 जिलों में गर्ल्स हॉस्टल, हर जिले में एक हॉस्टल**




देश में 789 जिले हैं। हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाने का ऐलान किया गया है। गर्ल स्टूडेंट्स के लिए स्टीएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा को विशेष प्राथमिकता देने की बात कही गई है। -15 हजार सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब्स बनाई जाएंगी। करीब 800 जिलों में लड़कियों के लिए हॉस्टल बनेंगे। हर जिले में एक हॉस्टल बनाया जाएगा।

**महिलाएं- लखपति दीदी मॉडल पर रोजगार और आय बढ़ाने की स्कीम**

लखपति दीदी की तर्ज पर महिला स्वयं सहायता समूह की उद्यमी महिलाओं के लिए शी-मार्ट बनाए जाएंगे। इन दुकानों को महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों के समुदाय ही चलाएंगे। यहां महिलाओं के बनाए खाद्य पदार्थ, हस्तशिल्प, कपड़े और स्थानीय उत्पाद सीधे बेचे जाएंगे। इससे बिचौलियों की भूमिका कम होगी और महिलाओं को अपने कारोबार पर मालिकाना हक मिलेगा।

**रेल-जलमार्ग और ग्रीन ट्रांसपोर्ट सेक्टर: सात नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनेंगे**

शहरों के बीच 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे। ये मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद- चेन्नई, हैदराबाद- बेंगलुरु, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली- वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी के बीच बनेंगे। अगले 5 साल में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग बनेंगे। बनारस और पटना में जहाज मरम्मत सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

**ग्रीन एनर्जी: बैटरी बनाने की मशीनों पर टैक्स छूट बढ़ी**

सरकार ने लिथियम-आयन बैटरी बनाने वाली मशीनों पर टैक्स छूट का दायरा बढ़ा दिया है। अब बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के लिए इस्तेमाल होने वाले सामान पर भी ड्यूटी नहीं लगेगी। इससे इलेक्ट्रिक व्हीकल सस्ते होंगे। वहीं, सोलर ग्लास बनाने में इस्तेमाल होने वाले सोडियम एंटीमोनेट पर भी ड्यूटी हटा दी गई है, जिससे देश में सोलर पैनल बनाना सस्ता होगा। खनिज- रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाया जाएगा- केरल, तमिलनाडु और ओडिशा में दुर्लभ खनिजों के लिए विशेष कॉरिडोर बनाए जाएंगे। इसमें आंध्र प्रदेश को भी जोड़ा जाएगा ताकि खनिज संपन्न राज्यों को फायदा मिले। रेयर अर्थ मटेरियल का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक गाड़ियों की मोटर बनाने में इस्तेमाल किया जाता है।

**खेती और पशु-मछली पालन- आय और रोजगार के मौके बढ़ाने पर फोकस**

नारियल प्रोत्साहन योजना से करीब 3 करोड़ लोगों को जोड़ा जाएगा। मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए 500 तालाबों और अमृत सरोवरों का -**शेष पृष्ठ दो पर**

## मोदी बोले: ये युवा शक्ति का बजट, राहुल ने कहा: युवाओं को कुछ नहीं मिला



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने आम बजट को युवाओं का बजट बताया है। कहा कि देश में रिफॉर्म एक्सप्रेस चल पड़ी है। ये स्किल, स्केल और सस्टेनेबिलिटी को मजबूत करने का प्रयास है। सबसे बड़ी पूंजी नागरिक, इसी में निवेश किया। उधर विपक्ष ने बजट को निराशाजनक बताया। राहुल गांधी ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार वाला बजट नहीं है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर गिर रहा है। निवेशक पूंजी निकाल रहे हैं। घरेलू बचत में भारी गिरावट आ रही है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि यह बेहद ही बिखरा बजट है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार ने आम जनता को कुछ नहीं दिया। मोदी ने कहा कि हम तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनकर ही संतुष्ट नहीं है। बल्कि जल्द से जल्द तीसरी अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं। ये बजट अपार अवसरों का राजमार्ग है। ये बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है। भारत जिस रिफॉर्म्स पर सवार है, बजट से उसे नई गति मिलेगी। सनराइज सेक्टर को जिस मजबूती के साथ महत्व दिया है वह अहम है। रेयर अर्थ कारिडोर, क्रिटिकल मिनिरल्स पर बल, टैक्सटाइल, हाईटेक टूल मैनुफैक्चरिंग जैसी चीजें भविष्य और वर्तमान की जरूरतों का ध्यान रखती हैं।



संक्षिप्त समाचार

### कमर्शियल रसोई गैस सिलेंडर महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार दूसरे महीने बढ़ोतरी की है, जबकि घरेलू सिलेंडर के दाम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में रविवार से 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 1,740.50 रुपये का हो गया है। यह मई 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। जनवरी में इसकी कीमत 111 रुपये बढ़ाकर 1,691.50 रुपये की गई थी।

### यूपी और हरियाणा में ओले गिरे, खड़ी फसलों को नुकसान

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने बताया कि फरवरी में रातें कम ठंडी और दिन ज्यादा गर्म हो सकते हैं। इसका कारण लॉ-नीना का कमजोर होना बताया जा रहा है। हालांकि उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय है। इससे अगले 2 दिन उत्तर-पश्चिम और हिमालई क्षेत्रों में बारिश- बर्फबारी होगी। रविवार को राजस्थान, एमपी, यूपी, हिमाचल और हरियाणा में बारिश, ओलावृष्टि और घना कोहरा रहा, जिससे फसलों को नुकसान हुआ। रविवार सुबह देश के 5 राज्यों यूपी, पंजाब, मेघालय, मध्य प्रदेश और हरियाणा के कुल 11 जिलों में तापमान 5 से 8 डिग्री के बीच रहा।

## बजट में कृषि क्षेत्र को मिले 1,62,671 करोड़

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को संसद में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते हुए कृषि तथा संबद्ध क्षेत्र के लिए 1,62,671 करोड़ का प्रस्ताव और किसानों की आमदनी में इजाफा करने के लिए कई उपायों की घोषणा की। यह धनराशि साल 2025-26 के संशोधित अनुमान 1,51,853 से सात प्रतिशत ज्यादा है।

श्रीमती सीतारमण ने तटीय क्षेत्रों में नारियल, चंदन, कोको और काजू जैसी महंगी फसलों में मदद देने की बात कही है। इन महंगी फसलों में इत्र बनाने में इस्तेमाल होने वाले अगर के पेड़ों और पहाड़ी इलाकों में बादाम, काजू



और खुबानी जैसे गिरीदार फलों की बागवानी में सहायता देने का भी ऐलान किया गया। बजट में कहा गया है कि पुराने, कम उपज वाले बागों में दोबारा जान डालने के लिए सरकार आगे आएगी। इनमें अखरोट, बादाम और पाइन नट्स के बागों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। चंदन के पेड़ों की खेती से किसानों की आमदनी बढ़ाने की बात भी बजट में कही गई है।

## बजट में क्या सस्ता-क्या महंगा

### ईवी की कीमत घटेंगी, शराब महंगी होगी, कैंसर की दवाओं के दाम घटेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल बजट में कई बड़े ऐलान किए हैं। खासकर भारतीय अर्थव्यवस्था को अमेरिकी टैरिफ से बचाने के लिए सरकार ने कई नए प्रावधान किए हैं। इनमें निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कुछ आयात शुल्क घटाने की घोषणा की गई है, जिससे व्यापारियों को मुख्य तौर पर राहत मिलेगी। इसके अलावा घरेलू खपत बढ़ाने के लिए भी कई चीजों के शुल्क को घटाया गया है।

समुद्री खाद्य उत्पादों की प्रोसेसिंग के लिए शुल्क मुक्त आयात की सीमा बढ़ाई गई है। इसके जरिये मछलीपालन उद्योग से जुड़े लोगों को राहत मिलेगी। जूतों के ऊपरी हिस्सों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इनके शुल्क



मुक्त आयात की अनुमति दी गई है। यानी विदेश भेजे जाने वाले जूतों की निर्माण लागत कम होगी। इससे देश में बिकने वाले जूते भी सस्ते होंगे। चमड़े और वस्त्र परिधानों के निर्यात में व्यापारियों की सहायता करने के लिए इनके कच्चे माल के आयात पर छूट की समयसीमा एक साल बढ़ाई गई है। भारत में इनकी कीमत जस-की-तस बनी रहेगी। लिथियम आयन सेल विनिर्माण में प्रयोग होने वाली वस्तुओं पर सीमा शुल्क में छूट दी जाएगी। इससे लिथियम आयन तकनीक से संचालित होने वाली बैटरी देश में सस्ती होंगी। इससे इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) के क्षेत्र को मदद मिलेगी और यह सस्ते हो सकते हैं। सोडियम एंटीमोनेट के आयात शुल्क पर मूल सीमा शुल्क में छूट। इसका इस्तेमाल टेलीविजन ट्यूब्स के फाइनिंग और ऑप्टिकल ग्लास में किया जाता है। साथ ही दमकल उपकरणों में इनका प्रयोग होता है। यानी टीवी-शीशे की बनी चीजें और दमकल उपकरण सस्ते हो सकते हैं। न्यूक्लियर परियोजनाओं के लिए जरूरी वस्तुओं के आयात पर छूट जारी रहेगी। अहम खनिजों की प्रोसेसिंग के लिए जरूरी वस्तुओं के आयात पर छूट मिलेगी।

## दो दिन में चांदी 1.36 लाख और सोना 31 हजार सस्ता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** गोल्ड और सिल्वर मार्केट में लगातार दूसरे दिन गिरावट है। 1 फरवरी को वायदा बाजार में चांदी करीब 25 हजार रुपये (9 फीसदी) गिर गई। 1 किलो चांदी का भाव 2.65 लाख रुपये पर आ गया। सोने में भी करीब 12 हजार रुपये (8 फीसदी) की गिरावट है। 10 ग्राम सोना 1.38 लाख रुपये पर आ गया है।

वायदा बाजार यानी मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के दाम में दो दिन में 31 हजार रुपये की गिरावट हुई है। 29 जनवरी को ये 1.69 लाख रुपये पर पहुंच गया था, जो आज 1.38 लाख रुपये पर



ट्रेड कर रहा है। चांदी की कीमत में 1.36 लाख रुपये की गिरावट हुई है। 29 जनवरी को ये 4.01 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई थी, जो आज 2.65 लाख रुपये पर ट्रेड कर रही है। सोना और चांदी की कीमतों में एमसीएक्स पर आई इस गिरावट का सीधा असर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) पर भी पड़ा।

## भारत ने पाकिस्तान के दावों को किया खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

- बलूचिस्तान हिंसा पर इसे 'ध्यान भटकाने की रणनीति' बताया
- पाक अपने लोगों की मांगों पर ध्यान दे

**नई दिल्ली।** भारत ने बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को हुई हिंसा में अपनी किसी भी तरह की संलिप्तता के पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें 'निराधार' बताया और कहा कि ऐसा कहकर पाकिस्तान अपने आंतरिक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाता है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान को 'बेतुके दावे' करने की बजाय अपने लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांगों और जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान द्वारा



लगाए गए निराधार आरोपों को सिरे से खारिज करते हैं, जो उसकी अपनी आंतरिक विफलताओं से ध्यान भटकाने की उसकी सामान्य रणनीति के अलावा और कुछ नहीं है। हर बार जब कोई हिंसक घटना होती है, तो ऐसे दावों को दोहराने की बजाय पाकिस्तान को अपने लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने पर ध्यान देना चाहिए। दमन, क्रूरता और मानवाधिकारों के उल्लंघन का उसका रिकॉर्ड जगजाहिर है। यह बयान पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी द्वारा हमलों में भारत पर शामिल होने का आरोप लगाने के बाद आया है। भारत ने पाकिस्तान के खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड और क्षेत्र में लंबे समय से चले आ रहे दमन को उजागर करके पलटवार किया। गौरतलब है कि शनिवार को पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में कम से कम 16 जगहों पर हमले हुए। क्वेटा, ग्वादर, कल्लात, खारान, मस्तुंग, पसनी, दलबांदिन, नोशकी, बुलाइदा, टंप, मच और आसपास के इलाकों में विस्फोट और सशस्त्र हमलों की सूचना मिली। बलूचिस्तान में हुई हिंसा की जिम्मेदारी शनिवार को बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने 'ऑपरेशन हेरोफ फेज दो' के हिस्से के रूप में ली।

## टी-20 वर्ल्डकप में भारत के खिलाफ नहीं खेलेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने घोषणा की है कि उसकी क्रिकेट टीम टी-20 वर्ल्ड कप में 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले मैच का बहिष्कार करेगी। भारत और श्रीलंका में 7 फरवरी से आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप शुरू होने जा रहा है।

पाकिस्तान सरकार ने एक्स पर लिखा है कि इस्लामी गणराज्य पाकिस्तान की सरकार ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप



2026 में हिस्सा लेने की मंजूरी दे दी है, हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट टीम 15 फरवरी 2026 को भारत के खिलाफ निर्धारित मैच में मैदान पर नहीं उतरेगी।

## उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने केंद्रीय बजट का स्वागत किया

# बजट सर्वसमावेशी दृष्टि व आत्मनिर्भर भारत का सशक्त घोषणापत्र



शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए इसे सर्वसमावेशी दृष्टि, दूरदर्शी सोच और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का मजबूत दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट भारतीय आकांक्षाओं का प्रतिबिब है और समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की स्पष्ट प्रतिबद्धता दर्शाता है।

राज्यपाल ने कहा कि करीब 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर आना, राजकोषीय अनुशासन, नियंत्रित घाटा और संतुलित कर्ज-जीडीपी अनुपात इस बात का प्रमाण है कि भारत की विकास यात्रा सुदृढ़ आधार पर आगे बढ़ रही है। उनके अनुसार यह बजट किसान, युवा, महिला, श्रमिक, छात्र, उद्यमी और उद्योग सभी को समान संवेदनशीलता के साथ संबल प्रदान करता है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में 'भारत विस्तार' जैसे एआई आधारित नवाचार, शिक्षा में छात्राओं के लिए हॉस्टल, खेलो इंडिया के माध्यम से कौशल एवं रोजगार, आयुष और एवीजीसी सेक्टर के विस्तार, एमएसएमई व मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहन तथा हरित उद्योगों के लिए कार्बन कैप्चर जैसे प्रावधानों को विकसित भारत की दिशा में ठोस कदम बताया। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर रिकॉर्ड निवेश, रेल व जलमार्गों का विस्तार, ग्रामीण स्वराज और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की पहल भारत को आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से सशक्त बनाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 सुधारों की गति, आत्मनिर्भरता की शक्ति और समृद्ध भारत के उज्जवल भविष्य का पाथेय सिद्ध होगा।

## भाजपा का बजट सिर्फ पांच प्रतिशत लोगों के लिएः अखिलेश यादव



**लखनऊ।** केंद्रीय बजट पेश होने के बाद शेयर मार्केट में आई गिरावट को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हमने पहले ही कहा था, सवाल यह नहीं है कि बाजार कब खुलेगा, सवाल यह है कि और कितना गिरेगा।

अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने बयान जारी कर कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी सरकार से जनता को कोई उम्मीद नहीं है, तो उसके बजट से भी क्या अपेक्षा की जा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का हर बजट '1/20 का बजट' होता है, क्योंकि यह केवल 5 प्रतिशत लोगों के हित में तैयार किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह बजट अपने कमीशन और अपने लोगों को सेट करने का दस्तावेज है तथा इसे 'भाजपाई भ्रष्टाचार की अदृश्य खाता-बही' बताया। सपा अध्यक्ष का कहना है कि इस बजट में न आम जनता का जिक्र है और न ही उनकी फिक्र। महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि बेतहाशा बढ़ती कीमतों के बावजूद आम लोगों को टैक्स में कोई राहत नहीं दी गई, जो सीधे तौर पर 'टैक्स-शोषण' है। वहीं दूसरी ओर अमीरों के कारोबार और घूमने-फिरने पर कई तरह की छूटें दी गईं, जबकि बेकारी और बेरोजगारी से जूझ रहे युवाओं व आम नागरिकों की उम्मीदों की थाली खाली रह गई। उन्होंने बजट को निराशाजनक और निंदनीय बताते हुए कहा कि यह आम आदमी की जरूरतों से पूरी तरह कटा हुआ है।

## केंद्रीय बजट जमीन पर उतरता दिखे तभी होगा सार्थकः मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संसद में पेश किए गए बजट में योजनाओं, परियोजनाओं और वादों के नाम भले ही बड़े हों, लेकिन असली कसौटी यह है कि उनका लाभ जमीन स्तर पर आम लोगों तक कितना पहुंचता है। उन्होंने कहा कि सर्वसमाज के हित में केवल बातें करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें सही नीयत के साथ अमल में लाना भी उतना ही जरूरी है। रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए मायावती ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार का बजट सत्ताधारी बहुजन समाज पार्टी के नजरिए से नहीं, बल्कि पूंजीवादी सोच से प्रभावित प्रतीत होता है, जिसमें बड़े उद्योगपतियों और धनाढ्य वर्ग को प्राथमिकता मिलती दिखती है, जबकि गरीब, दलित और बहुजन समाज की अपेक्षाएं पीछे छूट जाती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति और नीयत का आकलन इस बात से होना चाहिए कि वास्तव में गरीबों और वंचितों के जीवन में कितना सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की बात तभी सार्थक होगी, जब सरकारी क्षेत्र को पर्याप्त महत्व देते हुए संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर के कल्याणकारी संविधान की भावना के अनुरूप ठोस कदम उठाए जाएं। मायावती ने यह सवाल भी उठाया कि पिछले वर्ष के बजट में किए गए दावे और वादे कितने पूरे हुए तथा क्या लोगों के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार देखने को मिला है।

## विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजटः कपिल देव अग्रवाल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने केंद्रीय बजट को विकसित भारत की दिशा में निर्णायक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को सशक्त आधार देते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना नौवां बजट प्रस्तुत किया है, जो 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' की भावना को मजबूती देता है।

मंत्री ने कहा कि यह बजट युवाओं, किसानों, श्रमिकों और उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने की ठोस रूपरेखा प्रस्तुत करता है। एमएसएमई क्षेत्र को मजबूती देने के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान से औद्योगिक क्षमता को नई गति मिलेगी। 5 लाख तक की आबादी वाले शहरों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल से उत्तर प्रदेश के अनेक नगरों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह 'युवा शक्ति-संचालित बजट' है, जिसमें कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता को केंद्र में रखा गया है। शिक्षा से रोजगार तक की यात्रा को मजबूत करने हेतु उच्च-शक्ति स्थाई समिति के गठन का प्रस्ताव किया गया है।

स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, पर्यटन, डिजाइन और खेल जैसे क्षेत्रों में पेशेवर मानव संसाधन के निर्माण पर विशेष बल दिया गया है। किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, महिला नेतृत्व वाले उद्यमों, एआई आधारित पहलों और दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सशक्त विजन है। उन्होंने वित्त मंत्री को इस जनहितकारी बजट के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह बजट भारत की प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिखेगा।

## बजट 2026-27 पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया जयराम ने बताया निराशाजनक



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया करते हुए इसे पूरी तरह निराशाजनक और फीका करार दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बजट पर प्रतिक्रिया करते हुए सोशल मीडिया पर रविवार को लिखा कि भले ही बजट दस्तावेजों का विस्तृत अध्ययन अभी किया जाना बाकी है, लेकिन बजट भाषण के 90 मिनट बाद ही यह साफ हो गया है कि बजट को लेकर जो माहौल और प्रचार बनाया गया था, उस पर यह पूरी तरह खरा नहीं उतरता। उन्होंने कहा कि यह बजट न तो नई दिशा दिखाता है और न ही किसी बड़े बदलाव का संकेत देता है। रमेश ने बजट भाषण को अस्पष्ट और गैर-पारदर्शी बताते हुए कहा कि इसमें प्रमुख कार्यक्रमों और योजनाओं के लिए बजटीय आवंटन की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। उनके अनुसार सरकार ने वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश की है और आम जनता को निराशा हाथ लगी है।

## बजट 2026 पावर सेक्टर और कर्मचारियों के लिए निराशाजनकः शैलेन्द्र दुबे

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 को पावर सेक्टर और बिजली कर्मचारियों के लिए अत्यंत निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के बढ़ते वित्तीय घाटे को कम करने और उन्हें सुदृढ़ बनाने के लिए बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। दुबे ने कहा कि ट्रांसमिशन सेक्टर में टैरिफ बेस्ड कॉम्पिटेटिव बिडिंग (टीबीसीबी) के नाम पर हो रहे निजीकरण को रोकने की अपेक्षा थी, क्योंकि यह विषय राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है, लेकिन बजट इस पर मौन रहा। साथ ही देश में सस्ती बिजली उत्पादन के लिए नए सार्वजनिक क्षेत्र के बिजली घरों की स्थापना पर भी कोई स्पष्ट नीति या दिशा नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि उत्पादन, ट्रांसमिशन और डिस्कॉम-तीनों क्षेत्रों को लेकर बजट में स्पष्ट दृष्टिकोण का अभाव है।

## नया भारत-विकसित भारत का रोडमैप है केंद्रीय बजटः योगी

लखनऊ, वार्ता



केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे नए भारत और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला दूरदर्शी बजट बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बजट प्रस्तुत करने पर हार्दिक बधाई दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 145 करोड़ देशवासियों की आशा और आकांक्षाओं का प्रतीक यह बजट है, जिसमें मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, कैपिटल एक्सपेंडिचर में वृद्धि, रेल कॉरिडोर, आयुष और हेल्थ सेक्टर को सशक्त करने जैसे ठोस प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कामकाजी महिलाओं पर विशेष ध्यान, हर जनपद में छात्रावास निर्माण, विज्ञान-गणित-आंकड़ा विज्ञान और उभरती तकनीकों से जुड़े हॉस्टलों की पहल युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगी। उन्होंने कहा कि व्यापक सुधारों के साथ अलग-अलग सेक्टरों में किए गए प्रावधान आम नागरिक का जीवन सरल बनाएंगे और अर्थव्यवस्था को तेज गति देंगे। युवाओं, महिलाओं, अन्नदाता किसानों, उद्यमियों और मध्यम वर्ग-सभी के लिए नए अवसर सृजित करने वाला यह बजट है। जीएसटी रिफंड की प्रक्रिया, आयकर रिटर्न को सरल बनाने की दिशा में उठाए गए कदम तथा अप्रैल से नए इनकम टैक्स एक्ट को लागू करने की घोषणा को उन्होंने स्वागतयोग्य बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने का दस्तावेज है और तेजी से आगे बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने बजट में शामिल प्रावधानों का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि यह विकसित भारत की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

### लोककल्याण की प्रेरणा देती है संत रविदास की वाणी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को संत रविदास की 649वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बाराबिरवा, कानपुर रोड स्थित संत रविदास मठ में संत रविदास की प्रतिमा एवं सभागार का लोकार्पण किया। संत रविदास की साधना और कर्मयोग समाज को जोड़ने तथा लोक कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध बनाते हैं। उनकी वाणी आज भी 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण की प्रेरणा देती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत रविदास के कथन 'मन चंगा तो कठौती में चंगा' का उल्लेख करते हुए कहा कि कर्म की शुद्धता ही जीवन की दिशा तय करती है। उन्होंने बताया कि संतों ने मध्यकाल में भी सामाजिक समरसता का मार्ग प्रशस्त किया, उसी नींव पर आज का भारत खड़ा है। संत रविदास की प्रेरणा से ही शासन की योजनाएं अंतिम पंक्ति तक पहुंच रही हैं। गरीबों के बैंक खाते, आवास, शौचालय, गैस कनेक्शन, राशन और स्वास्थ्य सुविधाएं इसी सोच का परिणाम हैं, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ-सबका विकास' विजन से गति मिली है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65



रु. 150430
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

**अर्थ व्यापार देश**



चांदी रु. 291770
प्रति किलो



## शेयर बाजार को रास नहीं आया आम बजट, सेंसेक्स 1,547 अंक तक लुढ़का

मुंबई, वार्ता



वित्त वर्ष 2026-27 का बजट निवेशकों को लुभाने में विफल रहा और घरेलू शेयर बाजारों में रविवार को विशेष सत्र के दौरान शुरुआती तेजी के बाद भारी गिरावट देखी गई।

बीएसई का सेंसेक्स 2,826 अंक के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में 1,546.84 अंक (1.88 प्रतिशत) टूटकर चार महीने के निचले स्तर 80,722.94 अंक पर बंद हुआ। बाजार बजट से पहले तेजी में था और एक समय 456 अंक चढ़कर 82,726.65 अंक पर पहुंच गया, लेकिन वित्त मंत्री का बजट भाषण समाप्त होते-होते बाजार अचानक तेजी से गिर गया। कुछ ही देर में यह 2,370 अंक गिरकर 79,899 अंक तक उतर गया था, जो बीच कारोबार में पांच महीने का निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 495.20 अंक यानी 1.96 प्रतिशत की गिरावट में 24,825.45 अंक पर बंद हुआ। यह इसका भी चार महीने का निचला स्तर है। सूचकांक ऊपर 25,440.90 अंक और नीचे 24,571.75 अंक तक गया। चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों को भी नुकसान उठाना पड़ा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.06 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.73 प्रतिशत गिर गया। एनएसई में आईटी सूचकांक की 0.57 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टर गिरावट में रहे। सार्वजनिक बैंकों का सूचकांक 5.57 प्रतिशत, धातु का 4.05 प्रतिशत, तेल एवं गैस का 2.86 प्रतिशत, एफएमसीजी का 2.29 प्रतिशत, रियलिटी का 2.22 प्रतिशत, ऑटो का 2.09 प्रतिशत और निजी बैंकों का 1.22 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक और अडानी पोर्ट्स के शेयर साढ़े पांच प्रतिशत से ज्यादा टूट गए। बीईएल में भी सवा पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। आईटीसी, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट और एलएंडटी के शेयर तीन से चार प्रतिशत के बीच टूटे। बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड और महिंद्रा एंड महिंद्रा में दो से तीन प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, ट्रेंट और भारती एयरटेल के शेयर एक से दो प्रतिशत फिसल गए। एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनीलिवर में भी करीब एक फीसदी की गिरावट देखी गई। टीसीएस का शेयर करीब दो प्रतिशत और इंफोसिस का एक प्रतिशत से अधिक चढ़ा।

## भारत के विकास का अगला चरण पूंजी–समर्थित, एमएसएमई प्रेरित

नई दिल्ली, वार्ता

**केंद्रीय बजट राजकोषीय अनुशासन पर आधारित है : सिंह**

पीबी फिनटेक के जॉइंट ग्रुप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सरबवीर सिंह ने रविवार को कहा कि केंद्रीय बजट राजकोषीय अनुशासन पर आधारित है और यह स्पष्ट संकेत देता है कि भारत के विकास का अगला चरण पूंजी-समर्थित तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई)-प्रेरित होगा।

उन्होंने कहा कि बजट में मजबूत संरचनात्मक सुधारों के साथ-साथ जन-केंद्रित दृष्टिकोण भी स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। सिंह के अनुसार सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को वित्त वर्ष 2026-27 में 12.2 लाख करोड़ रुपये तक ले जाने का निरंतर प्रयास बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए मजबूत तथा पूर्वानुमेय मांग की पाइपलाइन तैयार करेगा। वहीं 10,000 करोड़ रुपये के एमएसएमई ग्रोथ फंड की घोषणा से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को आवश्यक फंडिंग और तरलता सहायता मिलेगी, जिससे विस्तार और रोजगार सृजन को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि विदेशी निवासियों के लिए निवेश सीमा को बढ़ाकर 24 प्रतिशत किए जाने से भारतीय पूंजी बाजारों में निवेशकों की भागीदारी बढ़ेगी और दीर्घकालिक पूंजी प्रवाह को मजबूती मिलेगी। 'विकसित भारत' के लक्ष्य के तहत बैंकिंग क्षेत्र पर प्रस्तावित उच्च स्तरीय समिति को उन्होंने अधिक निवेश-आधारित और वैश्विक रूप से एकीकृत अर्थव्यवस्था की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। सिंह ने मोटर दुर्घटना मुआवजे को कर-मुक्त करने के फैसले को बीमा व्यवस्था को अधिक मानवीय और उपभोक्ता-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम करार दिया। उन्होंने कहा कि सरल किए गए कर-फाइलिंग मानदंड अनुपालन को आसान बनाएंगे और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को और सुदृढ़ करेंगे। साथ ही स्वयं सहायता आधारित उद्यमियों पर विशेष फोकस से महिला-नेतृत्व वाले व्यवसायों और जमीनी स्तर की उद्यमिता को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा–UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑपरेशन सिंदूर**

विकास किया जाएगा। पशुपालन के क्षेत्र में नए व्यवसायों को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि ज्यादा लोगों के लिए नौकरी और रोजगार के अवसर बनें। राज्यों के साथ मिलकर भारतीय चंदन उद्योग तंत्र को फिर से स्थापित किया जाएगा। काजू-कोको को 2030 तक दुनिया में पहचान दिलाने का टारगेट है।

**हैंडलूमः नेशनल फाइबर स्कीम, खादी को प्रोत्साहन**

नेशनल हैंडलूम पॉलिसी से कारीगरों को प्रोत्साहन और मदद देने की तैयारी है। मेगा टेक्सटाइल पार्क बनाए जाएंगे। मैन मेड फाइबर का उत्पादन बढ़ेगा। एडवांस्ड फाइबर के लिए टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन का सिस्टम तैयार किया जाएगा। महात्मा गांधी ग्राम स्वराज मिशन के तहत खादी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोडक्शन, ट्रेनिंग और मार्केटिंग पर जोर होगा। वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट को बढ़ावा दिया जाएगा।

**पर्यटनः 20 टूरिस्ट प्लेस पर 10 हजार गाइड्स ट्रेंड किए जाएंगे**

20 प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर 10, हजार गाइड्स को ट्रेंनिंग दी जाएगी। इसके लिए पायलट योजना शुरू की जाएगी। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू- कश्मीर में पर्यावरणीय रूप से ऐसे रास्ते बनाए जाएंगे जो ट्रेकिंग और हाइकिंग के लिए आसान हों। विदेश में पढ़ाई-इलाज- 2026-27 में विदेश पैसा भेजने (एलआरएस) पर लगने वाले टीसीएस (टैक्स कलेक्टेड एड सोर्स) को कम करने का ऐलान किया है। अब विदेश में पढ़ाई या इलाज के लिए साल में 10 लाख रुपये से ज्यादा भेजे तो टीसीएस 5 फीसदी से घटाकर 2 फीसदी कर दिया गया है। सरकार की कमाई, कर्ज और घाटे का पूरा हिसाब- सरकार ने लक्ष्य रखा है कि 2030-31 तक देश का कुल कर्ज, जीडीपी के 50 फीसदी (1) के बराबर लाया जाए। 2025-26 में यह कर्ज 56.1 फीसदी था, जो अब 2026-27 में घटकर 55.6 फीसदी रहने का अनुमान है। यह कर्ज कम होगा तो सरकार को ब्याज कम देना पड़ेगा, जिससे वो पैसा स्कूल, अस्पताल और सड़कों पर खर्च हो सकेगा।

**राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.5 फीसदी से नीचे आया**

राजकोषीय घाटा मतलब सरकार की कमाई और खर्च के बीच का अंतर। सरकार ने कहा है कि वह घाटे को जीडीपी के 4.5 फीसदी से नीचे ले आई है। 2025-26 में यह घाटा 4.4 फीसदी रहा, और अगले साल (2026-27) के लिए इसे और घटाकर 4.3 फीसदी करने का लक्ष्य है। सरकार की कुल कमाई 34 लाख करोड़ रही। इसमें से 26.7 लाख करोड़ टैक्स से आए। वहीं कुल खर्च 49.6 लाख करोड़ रहा। पूंजीगत खर्च यानी लगभग 11 लाख करोड़ नए ब्रिज, हाईवे और इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में खर्च हुआ। सरकार ने 36.5 लाख करोड़ कुल कमाई का अनुमान है। जिसमें टैक्स से 28.7 लाख करोड़ आएंगे। वहीं लगभग 53.5 लाख करोड़ कुल खर्च रहने का अनुमान है। खर्च कमाई से ज्यादा है, इसलिए सरकार बाजार से 11.7 लाख करोड़ का उधार लेगी। बाकी पैसा छोटी बचत योजनाओं से आएगा।

## सारनाथ व हस्तिनापुर को 'एक्सपीरिएंशियल कल्चरल डेस्टिनेशन' के रूप में किया जाएगा विकसित

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि देश के 15 प्रमुख पुरातात्विक स्थलों को 'एक्सपीरिएंशियल कल्चरल डेस्टिनेशन' के रूप में विकसित करने की योजना में सारनाथ और हस्तिनापुर को शामिल किया जाना केंद्र सरकार की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह निर्णय 'विकसित भारत' के विजन में उत्तर प्रदेश की केंद्रीय भूमिका को और सुदृढ़ करेगा।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि बजट में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को विशेष प्राथमिकता दी गई है, जिससे प्रदेश की पहचान देश के प्रमुख सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन गंतव्य के रूप में और मजबूत होगी। उन्होंने इसे प्रदेश के पर्यटन विकास के लिए मील का पत्थर बताया।

जयवीर सिंह ने कहा कि भगवान बुद्ध के प्रथम उपदेश स्थल सारनाथ का विकास इस तरह किया जाएगा कि उसकी पवित्रता और ऐतिहासिक गरिमा बनी रहे। यहां विश्वस्तरीय विजिटर सुविधाएं, क्यूरेटेड वॉकवे, इंटरप्रिटेशन सेंटर और तकनीक आधारित स्टोरीटेलिंग की व्यवस्था की जाएगी। इससे पर्यटक सारनाथ के आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व को और गहराई से समझ सकेंगे तथा बौद्ध पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि हस्तिनापुर, जो महाभारत काल का प्रमुख नगर रहा है, को एक समग्र हेरिटेज डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। कौरव वंश की राजधानी रहे इस ऐतिहासिक स्थल का पुरातात्विक और सांस्कृतिक महत्व अत्यंत विशाल है। वैज्ञानिक संरक्षण, बेहतर पर्यटक सुविधाओं और संरचित व्याख्या व्यवस्था के माध्यम से पर्यटक महाभारत से जुड़े गौरवशाली इतिहास से भावनात्मक रूप से जुड़ सकेंगे। बजट के व्यापक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे से जुड़े प्रावधान प्रदेश में पर्यटन को नई गति देंगे। धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को जोड़ने वाली बेहतर रेल और सड़क व्यवस्था से सुगम पर्यटन सर्किट विकसित होंगे।

## फार्म–7 भेज कर विपक्षी मतदाताओं के नाम कटवाने की साजिश रच रही भाजपा : सपा

**फर्जी हस्ताक्षर करवाकर नाम हटवाए जा रहे हैं: यादव**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर प्रक्रिया के तहत गांवों में पहले से छपे फार्म-7 भेजे जाने को लेकर बड़ा आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि इन फार्मों के जरिए फर्जी आपत्तियां दर्ज कर विपक्षी मतदाताओं के नाम कटवाने की साजशि रची जा रही है। रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि कई मामलों में शिकायतकर्ता का कोई अता-पता नहीं है और फर्जी हस्ताक्षर करवाकर नाम हटवाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया में खासतौर से पीडीए समाज और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। कई मतदाताओं को तो यह भी जानकारी नहीं है कि उनके सभी दस्तावेज सही होने के बावजूद उनके नाम पर आपत्ति लगा दी गई है। सपा अध्यक्ष ने माननीय न्यायालय, निर्वाचन आयोग और समस्त पत्रकारों से इस 'महाघोटाले' का संज्ञान लेने की अपील की है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय व स्थानीय मीडिया, यूट्यूबर और लोकल न्यूज कर्मियों से लोकतंत्र के हित में इस कथित साजशि का पर्दाफाश करने का आग्रह किया। अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी ऐसे मामलों को देश-प्रदेश के सामने लाएगी और ईमानदार पत्रकारिता करने वालों का समर्थन करेगी।

# बैंक शाखा प्रबंधक व फील्ड ऑफिसर समेत तीन गिरफ्तार

## सीबीआई ने 45 हजार रिश्वत लेते पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर/स्योहारा।** भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एंटी करप्शन विंग ने सहसपुर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की सहसपुर शाखा के शाखा प्रबंधक, फील्ड अधिकारी और एक संविदा कर्मी को ऋण आवेदक से 45 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के बाद तीनों आरोपियों को टीम अपने साथ गाजियाबाद ले गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार शाम निरीक्षक परवेंद्र तोमर के नेतृत्व में सीबीआई एंटी करप्शन विंग की टीम सहसपुर पहुंची। टीम ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए बैंक के शाखा प्रबंधक कपिल कुमार, फील्ड अधिकारी विकास कुमार और संविदा कर्मी मौहम्मद नौमान को रिश्वत लेते समय दबोच लिया। देर रात करीब 12 बजे सीबीआई की टीम तीनों आरोपियों को लेकर गाजियाबाद के लिए रवाना हो गई।

सीबीआई की ओर से रविवार को जारी जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई एक शिकायत के आधार पर की गई। ग्राम जयरामपुर निवासी चंचल दिवाकर की पत्नी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत आरओ प्लांट लगाने के लिए पांच लाख रुपये के ऋण हेतु यूपी ग्रामीण बैंक, सहसपुर शाखा में आवेदन किया था। आरोप है कि ऋण स्वीकृति के एवज में बैंक के फील्ड अधिकारी ने पहले 40 हजार रुपये की रिश्वत मांगी, जिसे बाद में बढ़ाकर 45 हजार रुपये कर दिया गया।

शिकायतकर्ता द्वारा सीबीआई से संपर्क किए जाने के बाद मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सामने आया कि फील्ड अधिकारी ने शाखा प्रबंधक के साथ मिलकर रिश्वत लेने की साजिश रची थी। आरोपियों ने रकम सीधे न लेकर एक निजी व्यक्ति के माध्यम से लेने की योजना बनाई थी, ताकि मामला दबा रहे। इसके बाद सीबीआई की टीम ने सुनियोजित ढंग से जाल बिछाया और शिकायतकर्ता को तय राशि के साथ आरोपियों के पास भेजा। जैसे ही 45 हजार रुपये की रिश्वत स्वीकार की गई, टीम ने मौके पर छापा मारकर तीनों आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार सीबीआई अब इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या इससे पहले भी बैंक शाखा में इसी तरह की अवैध वसूली की गई थी। एजेंसी ने संकेत दिए हैं कि जांच के दायरे में अन्य लोगों की भूमिका भी सामने आ सकती है।

इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में बैंक ग्राहकों और आम नागरिकों के बीच चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। लोगों का कहना है कि सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए रिश्वत मांगने की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं, लेकिन सीबीआई की इस सख्त कार्रवाई से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगने की उम्मीद जगी है।

# बिरादर को मिला लाइलाज दर्द

**घूमता आईना | समीउल्लाह**

बुजुर्गों से कहावत सुनी है कि अपना मारे, तो छाव में डाले और दूसरा मारे, तो धूप में डालें। मगर बिजनौर में एक ऐसा 'टू इन वन' है, जिसे बिरादर से लाइलाज दर्द मिल गया है। वैसे तो यह टू इन वन दूसरों के मर्ज का इलाज करता है और इसकी एवज में मोटी रकम भी लेता है। मगर इसके पास अपने लाइलाज दर्द की दवा नहीं है। मर्ज भी ऐसा है, जिसकी दवा किसी कंपनी ने न तो अभी तक बनाई है और न ही बनाने के बारे में सोचा जा रहा है। चार साल पहले टू इन वन को बिरादर ने जोर का झटका धीरे से दिया था। शराफत पर रजालत भारी पड़ गई थी। टू इन वन ने कसम खा ली थी कि अब ऐसा कदम नहीं उठाएंगे, जिससे किस्मत आजमाने के बारे में सोचा जाए। टू इन वन ने समाजसेवा की डिग्री को भी तिजौरी में बंद कर सूखे कुए में फेंक दिया था। वो पूरी तरह से कारोबारी बन गए थे। लेकिन चवन्नी ने टू इन वन के जख्मों को फिर से हरा कर दिया है। चवन्नी की चाल को टू इन वन समझ ही नहीं पाया और लाइलाज दर्द की गिरफ्त में आ गया है। दर्द भी गैरों के मैदान में कूदने से नहीं है। बल्कि बिरादरों से है। पहले तो सामने एक ही बिरादर था, मगर अब दो बिरादरों की मौजूदगी ने दर्द की शिद्दत को बढ़ा दिया है। वैसे इस दर्द का इलाज चांदपुर में बेहतर हो सकता है। वहां पर न तो मर्ज रहेगा और न ही मरीज। साथ ही चवन्नी की चालाकी भी चौपट हो जाएगी। वैसे भी पहलवान को हालात ने मैदान छोड़कर भागने के लिए मजबूर कर दिया है। बुजुर्गों का तजुर्बा भी कहता है कि जो पहलवान मैदान में पैतरा दिखाने से पहले ही नौ दो ग्यारह हो जाए, उससे आईंदा किसी तरह की उम्मीद नहीं करना चाहिए।

### बिल्लियों की लड़ाई लखनऊ पर चढ़ाई

अगर एक वक्त भी भूखा रहना पड़ जाए, तो दिन में तारे दिखाई देने लग जाते है। लेकिन भूख भी कई तरह की होती है। किसी को दौलत की भूख होती है, तो किसी को शौहरत की भूख होती है। किसी को हवस की भूख होती है, तो किसी को रेत बजरी भी हजम हो जाता है। लेकिन यहां तो नौ साल से भूखी बिल्लियां खाली हंडिया के लिए लड़ रही है। कभी कोई बिल्ली इस हंडिया में मुंह डाल कर भागना चाहती है, तो कभी कोई दूसरी बिल्ली दूसरी से इस हंडिया को छिनने के लिए लखनऊ में गिड़गिड़ाने लगती है। फिलहाल तो इस हंडिया में न मलाई है और न ही खूरचन है। हंडिया को पकाने के लिए लाखों का माल खुद ही जुटाना पड़ेगा। फिर भी न जाने बिल्लियों के इस खाली हंडिया में कौन सा माल दिखाई दे रहा है। वैसे भी जब हैंडिया माल से भरी हुई होती है, तो इन बिल्लियों का नसीब ऐसा नहीं होता है कि उन्हें मिल जाए। तब लोमड़ियां और भेड़िए मैदान मार कर ले जाते है। बिल्लियों को यह कौन समझाए कि घर फूंक कर तमाशा देखना अकलमंदी नहीं है।

### पति ने खोली पोल अच्छा नहीं रौल

वफादारी अच्छे इंसान की पहचान होती है। जहां भी रहो और जिसके भी साथ रहो, पूरी वफादारी निभानी चाहिए। मैड्म बरसों से एक ही पार्टी में है। सत्ता की चकाचौंध भी मैड्म को अपनी तरफ नहीं खींच पाई। मैड्म ने विपक्ष में रहना पसंद किया। लेकिन पति देव की एक हरकत ने पोल खोल दी है। पतिदेव ने बिरादरीवाद के चक्कर में फंस कर पाला बदल लिया। जो काम पर्दे के पीछे से हो सकता था, वो काम पूरी तरह से खुल कर किया। विरोधियों के हाथों पति देव की फोटो लग गई है, जो मैड्म को बेनकाब करने के लिए हथियार बन रही है।

### खजाना फौरन खाली बेहद लालची माली

माली का काम बाग को हरा-भरा रखने का होता है। माली बाग को उजाड़ता नहीं है। लेकिन एक ऐसा माली है, जो खुद को सबसे बड़ा ईमानदार और वफादार बताता था। वो अब इसके उल्टा साबित हो रहा है। न तो वो किसी भी एंगल से ईमानदार है और वफादारी उसके खून में है। इस माली की नजर हर वक्त खजाने पर रहती है। न जाने किस लूटेरे से इस माली ने खजाना फौरन खाली करने का हुनर सीखा है कि पलक झपकते ही माल अंदर हो जाता है। दिखने में शरीफ माली इतना ज्यादा शातिर है कि बड़े-बड़े शातिर भी उससे तौबा मांग रहे है। शातिरों ने समझा था कि यह माली बाग को संवार देगा और हर तरफ हरियाली ही हरियाली नजर आएगा। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। माली ने तो पूराने सभी रिकार्ड तोड़ दिए है। माली खुद को बेबस बताते हुए हर वक्त रौने की नौटंकी करता है, मगर हकीकत इसके बिल्कुल उल्टी है। वह दूसरों को रूला रहा है। दूसरों के कंधों पर बंदूक रख कर शिकार करने में माहिर माली यह भूल रहा है कि उसकी असलियत भी अब जगजाहिर हो रही है। दूध से जले हुए दही भी फूंक-फूंक कर पीते है। कहीं ऐसा न हो जाए कि शराफत का चौला चौराहे पर उतारना पड़े।

# लकड़ी से भरा ओवरलोड ट्रक पलटा

**झालू।** नूरपुर रोड पर रविवार को लकड़ी से भरा एक ओवरलोड ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि सड़क पर चारों ओर लकड़ियां बिखर गईं, लेकिन गनीमत रही कि किसी राहगीर या अन्य वाहन की चपेट में आने से बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक लकड़ी लादकर ले जा रहा था। ओवरलोड के चलते ट्रक संतुलन खो बैठा और सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए यातायात पूरी तरह बाधित रहा।

सूचना पर लोग मौके पर पहुंचे और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बाद में भारी मशीन की मदद से सड़क पर फैली लकड़ियों को हटवाया गया, तब जाकर यातायात बहाल हो सका।

# विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**नहटौर।** ग्राम खंडसाल में संघ शताब्दी वर्ष के अंतर्गत न्याय पंचायत स्तरीय विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा भारतमाता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में आशीष कुमार प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख बजरंग दल ने हिंदुत्व की विचारधारा एवं वर्तमान परिदृश्य पर व मूलचंद प्रांत कृषक कार्य प्रमुख ने संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर, संजय पूर्व जिला संयोजक हिंदू जागरण मंच ने धर्मांतरण एवं लव जिहाद विषय पर एवं हिमांशु जिला संपर्क प्रमुख ने पंच परिवर्तन विषय पर अपने-अपने विचार रखे। विराट हिन्दू सम्मेलन में आसपास के ग्रामों से आए व्यक्तियों महिपाल, पंकज त्यागी, जगेंद्र दत्त, धर्मपाल, अवनी राणा, सुरेंद्र, लक्ष्यराज, प्रदीप, विशाल, मनोज, योगेश, कमल कांत चंद्रवती, रेखा, अमलेश, सलोनी, बबीता, ममता, सरोज आदि हजारों महिला पुरुषों ने भाग लिया।

# ग्राम समाज की भूमि पर चबूतरा बना कर झंडा लगाया

**नहटौर।** गांव बाकरनगर में रविदास जयंती के उपलक्ष में दलित समाज के लोगों ने ग्राम समाज की भूमि पर चबूतरा बनाते हुए झंडा लगा दिया, जिसकी सूचना पर राजस्व विभाग व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने वहां से झंडे को हटवा दिया। काफी देर तक हंगामा मचता रहा। पुलिस ने तीन महिलाओं सहित चार को हिरासत में लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव बाकरनगर में दलित समाज के लोगों ने ग्राम समाज की भूमि पर रविदास जयंती के उपलक्ष में पूजा अर्चना करने के लिए चबूतरा बनाते हुए झंडा लगा दिया।

सूचना पर राजस्व विभाग के तहसीलदार धनराज कुमार, नायब तहसीलदार राजकमल सिंह, थाना प्रभारी धीरज नागर आदि मौके पर पहुंचे और ग्रामीण से वार्ता की इस दौरान काफी देर तक हंगामा होता रहा।

पुलिस ने तीन महिला सहित चार को हिरासत में लिया। हंगामे के दौरान पुलिस ने ग्रामीण से वार्ता करते हुए चबूतरे व झंडे को हटवा दिया।

# झालू में निकली ऐतिहासिक शोभायात्रा

## रविदास जयंती पर उमड़ा आस्था का सैलाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के पावन अवसर पर कस्बे में आस्था, उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। जब नगर में भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता से नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां सामाजिक संगठनों, कमेटियों और गणमान्य नागरिकों द्वारा श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। मौहल्ला महाजनान में समाजसेवी शिवम् अग्रवाल एड. ने शोभायात्रा का स्वागत कर माला पहनाकर स्वागत करते हुए कोल्डड्रिंक वितरण करी, जबकि छतरी वाले कुएं पर नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने पुष्पवर्षा के साथ कोल्ड ड्रिंक, फल वितरण कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। इस दौरान मौहल्ला अमरू वाला कमेटी के अध्यक्ष नाथे राम सिंह, खलीफा शेर सिंह उर्फ शेरू, बालवीर मिस्त्री, तेजपाल, भीम सिंह, पुष्पेंद्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं मौहल्ला मंदिर वाला कमेटी के सभापति बाबू सिंह, प्रधान निकेश कुमार, पूर्व सभासद उस्ताद अतर सिंह, खलीफा मुन्नु सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार तथा उप कोषाध्यक्ष आदेश कुमार की भी सक्रिय भूमिका रही। शोभायात्रा में शामिल भव्य व रंग-बिरंगी झांकियां श्रद्धालुओं और दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। ढोल-नगाड़ों की गूंज, भक्ति संगीत और गुरु रविदास के जयघोषों से पूरा कस्बा गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने गुरु रविदास के समता, भाईचारे और मानवता के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# एक नजर

## रविदास जयंती पर निकाली शोभायात्रा



**बिजनौर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास उत्थान सेवा समिति लड़ापुरा के तत्वावधान में संत शिरोमणी गुरु रविदास जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। शोभायात्रा का उद्घाटन नगर पालिका चेयरमैन श्रीमती इंदिरा सिंह, वरिष्ठ समाजसेविका लक्ष्मी अग्रवाल, श्रीमती बबीता देवी, डॉ. बीरबल, झालू पूर्व चेयरमैन शहजाद अंसारी, समिति अध्यक्ष चंद्रहास सिंह, डीपीए जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि, इंजिनियरिंग महासंघ के मंडलाध्यक्ष इं. कविराज सिंह, सभासद सचिन अग्रवाल, मुस्तकीम अहमद, जीआईसी प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति महासंघ के प्रभारी तेजपाल सिंह, वरिष्ठ सदस्य उमेश कुमार, महामंत्री ओम प्रकाश सिंह, केपी सिंह, चंदू सिंह, मनोज कुमार यादव, विनोद कुमार यादव, नरेंद्र कुमार, बुद्ध सिंह आदि अतिथियों ने फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों ने संत शिरोमणि गुरु रविदास पद चिन्हों पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास ने विषमता मूलक समाज में समरसता कायम करने कार्य किया है। शोभायात्रा में एड. टीकम सिंह एड., बृजमोहन, रजत कुमार, ध्यान चंद्र, महेन्द्र सिंह, राहुल कुमार, कौशल, गौतम, रीवा सिंह, शीला, पूनम, वेदो, चंद्रो, प्रमोद कुमार, रीतू रानी, निधि राजपूत यादव, लौकेन्द्र कुमार, रोहित कुमार पिंटू, अजय कुमार, आकाश कुमार, अभिलाषा, दीपक कुमार, अमन कुमार, प्रश्नजीत कुमार, आकाश कुमार, सवित कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## बजट को लेकर व्यापारियों में उत्साह



**नहटौर।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट को लेकर नहटौर के व्यापारिक जगत में भारी उत्साह देखा गया। आज नगर के प्रमुख व्यवसायी कपिल शर्मा के प्रतिष्ठान पर बड़ी संख्या में व्यापारी एकत्र हुए, जहां उन्होंने लाइव प्रसारण के माध्यम से बजट की बारीकियों को समझा। व्यापारियों ने एक स्वर में बजट की सराहना करते हुए इसे 'सर्वसमावेशी' करार दिया। व्यापारियों का मानना है कि इस बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और छोटे उद्यमियों (MSMES) का विशेष ध्यान रखा गया है। बैठक के मुख्य बिंदु- **व्यापारिक सुगमता:** कर प्रक्रियाओं में सरलीकरण और नए प्रावधानों की प्रशंसा की गई। **विकासोन्मुखी दृष्टिकोण:** बुनियादी ढांचे पर निवेश को भविष्य के लिए मील का पत्थर बताया गया। **समावेशी बजट:** उपस्थित लोगों ने कहा कि बजट में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति से लेकर बड़े उद्योगपतियों तक, हर वर्ग की जरूरतों को संतुलित किया गया है। यह बजट भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला है। जिस तरह से हर वर्ग को राहत देने की कोशिश की गई है, उससे बाजार में सकारात्मकता आएगी। व्यापारियों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया और उम्मीद जताई कि इस बजट से स्थानीय व्यापार और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी होगी। इस मौके पर भाजपा नहटौर मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, राकेश अग्रवाल, अशोक चंद्रा, प्रशांत वर्मा, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

## कपड़ा कारखाने में लगी आग

**नहटौर।** नगर के बाईपास पर स्थित एसआर बैंकट हॉल के निकट निवासी नजाकत हुसैन पुत्र मुबारक हुसैन का घर के बराबर में ही कपड़ा बनाने का कारखाना हैं। जिसमें कई मशीनों द्वारा कपड़ा तैयार किया जाता है और तैयार कपड़ा कारखाने में ही रखा जाता है। रविवार की रात्रि में कारीगर काम निपटाकर लेट गए थे। रात करीब 3 बजे शॉर्ट सर्किट से अचानक कारखाने में आग लग गई। कारखाने में फैले धुएं से कारीगर की आंख खुल गई और उन्होंने बिजली की लाइन को काटते हुए पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। नजाकत हुसैन ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट के चलते लगी है, जिससे करीब डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हो गया। उन्होंने बताया कि आग सिर्फ चार मशीनों में लगी है। बाकी कारखाने का सभी सामान बच गया है। आग पर समय से काबू पा लिया गया था, जिससे कई लाख का नुकसान होने से बच गया।

# बजट को देख कर लगता है सरकार दिव्यांग विरोधी: पाशा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पिछले कई दशकों से दिव्यांगों के हकों की लड़ाई लड़ रहे राष्ट्रीय विकलांग एसो. के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रांड एंबेसडर निर्वाचन आयोग सदस्य जिला स्तरीय समिति बिजनौर सरकार के पेश किए गए बजट से बेहद आहत हैं।

हर बार की तरह एमआर पाशा को पूरी उम्मीद थी कि इस बार सरकार के बजट में दिव्यांगों का बजट जरूर होगा। लेकिन बजट में दिव्यांगों की अनदेखी कर इस सरकार ने भी यह साबित कर दिया है कि यह दिव्यांग विरोधी है। जबकि पूरे भारत में दिव्यांगजनों की संख्या 11 करोड़ से भी अधिक है। सरकार द्वारा पेश किए बजट में धनराशि बहुत ही कम है। दिव्यांगजन को उत्थान के लिए जो धनराशि दिव्यांग जनों को बजट में दी गई है वह दुगनी होनी चाहिए।

राष्ट्रीय विकलांग एसो. के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने सरकार द्वारा पेश किए गए बजट से आहत होकर कहा कि पूरे भारत देश में दिव्यांगजनों की संख्या 11 करोड़ से अधिक है। लेकिन उनको आज तक कोई भी सरकारी सुविधा नहीं मिल पा रही है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 अभी तक लागू नहीं हो पाया है और न ही दिव्यांग आयोग का गठन किया गया है और न ही दिव्यांगजनों की पेंशन पांच हजार हो पाई है, जो दिव्यांगों के हकों का हनन है। पूरे देश में दिव्यांगजनों के लिए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कोई भी योजना लागू नहीं की गई है। ऋण का आवेदन करते हैं, तो उनको रोजगार के लिए ऋण नहीं मिल पाता है। न ही उनको सरकारी नौकरी मिल पाती है। चार प्रतिशत आरक्षण के मुताबिक सरकारी बैंक लॉक में उनको आरक्षण नहीं दिया जाता। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी चुनाव 2027 विधानसभा की तैयारी के रूप में भाजपा सरकार की हर फ्लैक्सी बैनर या सरकारी दफ्तरों के बाहर खड़े बड़े-बड़े होर्डिंगों पर साफ बड़े-बड़े शब्दों में लिखा हुआ है कि मोदी यानी गारंटी, लेकिन दिव्यांग उत्थान के लिए किए गए मोदी सरकार द्वारा सभी वादे धनाशाह है और बजट में दिव्यांगों का बजट का बजट न रखने से यह सब जग जाहिर है कि मोदी सरकार भी दिव्यांग विरोधी सरकार है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा भारत वर्ष के सभी दिव्यांगों को आश्वासन देते हुए कहा कि भले ही सरकार उनके उज्जवल भविष्य के लिए कुछ भी न कर रही हो, लेकिन यह एमआर पाशा सभी दिव्यांगों के हकों की लड़ाई अकेले ही हमेशा लड़ते रहेंगे।

# ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे की अधिसूचना जारी

## धामपुर क्षेत्र के 78 गांव, नजीबाबाद के 22, बिजनौर 27 सहित कुल 127 गांव होंगे शमिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पानीपत से गोरखपुर तक प्रस्तावित ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड एक्सप्रेसवे को लेकर धामपुर और बिजनौर जनपद के लिए अहम संकेत सामने आए हैं। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से भारत के राष्ट्रपति के नाम से जारी अधिसूचना के बाद यह परियोजना औपचारिक रूप से सरकारी दस्तावेजों में दर्ज हो गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम की धारा-3 के तहत जारी इस अधिसूचना से यह स्पष्ट हुआ है कि प्रस्तावित एक्सप्रेसवे को सैद्धांतिक स्वीकृति मिल चुकी है और आगे की प्रक्रिया की तैयारी शुरू हो गई है।



वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र सिंह एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना में उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड कंट्रोल्ड एक्सेस एक्सप्रेसवे को हरी झंडी दी गई है। यह मार्ग हरियाणा के पानीपत से शुरू होकर पश्चिमी और मध्य उत्तर प्रदेश के कई जिलों से होते हुए गोरखपुर तक जाएगा।

बताया गया कि इस एक्सप्रेसवे के प्रस्तावित मार्ग में बिजनौर जनपद के कुल 127 गांव शामिल किए गए हैं। इनमें नजीबाबाद क्षेत्र के 22 गांव, बिजनौर क्षेत्र के 27 गांव और धामपुर तहसील क्षेत्र के 78 गांव शामिल बताए जा रहे हैं। अधिसूचना के बाद इन गांवों के किसानों और भूमि स्वामियों में हलचल तेज हो गई है।

जानकारी के अनुसार धामपुर तहसील में यह प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग बिलाई शुगर मिल क्षेत्र के समीप तहसील बिजनौर के ग्राम बिलाई की सीमा से प्रवेश करेगा। इसके बाद यह मार्ग रघुनाथपुर, हरपुर, फिरोजपुर, काजीपुरा, हमीरपुर, असदगढ़, पहाड़पुर सहित कई गांवों से होकर गुजरेगा। आगे चलकर यह धामपुर क्षेत्र के बसेड़ा खुर्द, उमरी, अलीपुर, भवानीपुर, तरकोला सलावा, दौलतपुर, सुक्खा, मानपुर शिवपुरी, बसावनपुर, ठाठ जट लांबाखेड़ा, कासिमाबाद, सत्तो नागली, बुरहानपुर, सैदपुर और आलमपुर गांवों को जोड़ते हुए अन्य जनपद की सीमा में प्रवेश करेगा।

फिलहाल गोरखपुर-पानीपत ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे को लेकर धामपुर क्षेत्र में उम्मीद और आशंका दोनों का माहौल बना हुआ है। अब सभी की निगाहें शासन और संबंधित विभागों के अगले कदम पर टिकी हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि यह परियोजना किस रूप में और किस मार्ग से आगे बढ़ेगी।

# धामपुर में हर्षोल्लास से मनाई रविदास जयंती

## सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन व पूर्व विधायक डा. इंद्रदेव सिंह ने किया कार्यक्रमों का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती श्रद्धा, उल्लास और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी गांवों में शोभायात्राएं निकाली गईं, अखाड़ों का प्रदर्शन किया गया और विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। अतिथियों ने फीता काटकर कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

सुबह के समय गांव-गांव स्थित रविदास धर्मशालाओं और मंदिरों में धार्मिक आयोजन किए गए, जहां संत रविदास के जीवन, उनके विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डाला गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर समाज में भाईचारा,



समानता और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने धामपुर क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों में पहुंचकर शोभायात्राओं का शुभारंभ किया और ग्रामीणों को संत रविदास जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने समाज को समानता, मानवता और कर्म की राह दिखाई, जिसे अपनाकर ही समाज आगे बढ़ सकता है।

वहीं जिला पंचायत सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन भी अपने



समर्थकों के साथ धामपुर क्षेत्र के अनेक गांवों में पहुंचे और जयंती कार्यक्रमों में भाग लिया। विवेक सेन ने धामपुर विधानसभा क्षेत्र के धामपुर, स्योहारा तथा शेरकोट क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद, मधी, मोहड़ा, केदारपुर, कुंडिपूरा, हैजरी, हाजिपुर, सरकडा चकराजमल, सलेम सराय, स्योहारा, खलीलपुर, फतेह नगर शेरकोट, निकम्माशाह, बालकिशनपुर, पालकी ऐमन, खानुजट, बेरंखा, बेखेड़ा टांडा, जमापुर, अमीनाबाद और बुडेरन गांवों में पहुंचकर शोभायात्राओं व कार्यक्रमों का शुभारंभ किया।

इस दौरान उन्होंने संत रविदास के आदर्शों को अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि संत रविदास का संदेश आज भी समाज को जोड़ने और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की प्रेरणा देता है।

जयंती के अवसर पर धामपुर क्षेत्र के सभी गांवों में पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। शोभायात्रा मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हो सके। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

कुल मिलाकर संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती धामपुर क्षेत्र में श्रद्धा, सौहार्द और उल्लास के वातावरण में शांतिपूर्वक मनाई गई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### धूमधाम से निकाली शोभायात्रा



**कोतवाली देहात।** क्षेत्र में रविदास जयंती का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के ग्राम बरुकी, शादीपुर, बेगमपुर शादी उर्फ रामपुर, महेश्वरी जट, रह्मापुर, पेरूवाला सहित कई गांव में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान युवाओं ने अखाड़े में करतब दिखाये। ग्राम शादीपुर में शिरोमणि रविदास की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में आदित्यवीर सिंह, नितिन मौर्य, विजेंद्र सिंह, लज्जाराम सिंह, फकीरचंद, ऋषिपाल सिंह, योगेश पाल, विपिन कुमार, मौहम्मद आबिद आदि मौजूद रहे।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार



**स्योहारा।** पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार 31 जनवरी को वादी ने थाने में तहरीर दी थी। इसमें बताया गया था कि विशाल उर्फ फैजान पुत्र साबिर, निवासी मोहल्ला मंसूर सराय, कस्बा स्योहारा, बिजनौर, वादी की बेटी को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर जंगल ले गया था। वहां उसने लड़की के साथ जबरन गलत कार्य किया। तहरीर के आधार पर स्योहारा थाने में संबंधित धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही थी। रविवार को पुलिस टीम ने वांछित आरोपी विशाल उर्फ फैजान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### शोभायात्रा का कई जगह स्वागत



**मंडावर।** मौहल्ला शम्भा बाजार से रविदास मंदिर से दोपहर संत शिरा. मणि भक्त रविदास की जयंती प्रारंभ हुई। जो मौहल्ला शाहविलात, कश्यप बस्ती, बाल्मीकि बस्ती से होता हुआ झंडा पार्क, काजियान, अफगानान हरिजन बस्ती, जोशियान, बंजारान, कस्साबान, प्रकाश पब्लिक स्कूल होते हुए बस स्टैण्ड से बाल्मीकि बस्ती, अंबेडकर मूर्ति, थाने के सामने से, बाजार कलां आदि होते हुए शम्भा बाजार पहुंचकर समाप्त हुआ। शोभायात्रा का नेतृत्व दुलीचंद, बुध सिंह, चंद्रपाल,करण सिंह, सुनील पाल, अशोक कुमार, कुणाल बाल्मीकि, धर्म सिंह, कैलाश कुमार, कृष्ण कुमार, मास्टर श्याम सिंह, बाबू राजकुमार, आदि मुख्य लोग मौजूज रहे।

### रविदास जयंती पर हवन-पूजन



**बुढ़नपुर।** ग्राम बुढ़नपुर, पाईन्दापुर की धर्मशाला में संत शिरोमणी रविदास कमेटी के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ समाजसेवी, प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य कमल कुमार ने हवन पूजा कर फीता काटकर उद्घाटन किया। ग्राम की अम्बेडकर धर्मशाला में हवन-पूजन किया गया। प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य कमल कुमार ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जयंती हमारे पुरखों की याद में बड़े ही धूमधाम से बनाई जाती है। शोभायात्रा में संत शिरोमणि रविदास, डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा बुद्ध, राजस्थानी आदि की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। प्रसाद वितरण किया गया। बाद में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

### सिडावली में भंडारे का आयोजन



**राजा का ताजपुर।** बकलावाले महाराज के पावन स्थान सिडावली में विशाल भंडारा श्रद्धा, भक्ति और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के साथ सम्पन्न हुआ। क्षेत्र व दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे परिसर में सेवा भावना और अनुशासन का सुंदर वातावरण रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं व्यवस्था ठाकुर कृपाल सिंह द्वारा की गई। उनके मार्गदर्शन में आयोजन गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सईम राजा, रामकुमार सिंह, प्रमोद कुमार, ग्राम प्रधान दिलशाद अंसारी, नदीम अख्तर, अनवर अहमद, सतीस चौहान, कृष्णपाल सिंह, नईम अहमद, शहजाद अहमद, शाहिद हुसैन, शुभम कुमार आदि उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाई रविदास जयंती



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र में रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। गुरु रविदास जयंती, माघ महीने में माघ पूर्णिमा को मनाया जाने वाला गुरु रविदास का जन्म दिवस है। ग्राम मानियावाला व सीरवासुचन्द में दलित धर्मशाला में गुरु के चित्र के साथ नगर में एक संगीत कीर्तन जुलूस व प्रभातफेरी निकाली गई। इस दौरान अखाड़े का आयोजन किया। श्रद्धालु ने पूजा अर्चना की। मन्दिरों को खूबसूरत ढंग से सजाया। इस अवसर पर गंगाराम सिंह, जय सिंह, रामबाबू, परमवीर सिंह, निशांत कुमार, डिंपल कुमार, सोनू कुमार, पुनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# खेत में युवती का शव मिलने से सनसनी

## पुलिस ने शव पीएम को भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** थाना क्षेत्र ग्राम रावली में एक युवती मृत अवस्था में पड़ोस के खेत में पड़ी मिली, जिससे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के गांव रावली निवासी विजयपाल सिंह की पुत्री पायल (18 वर्ष) का शव रविवार की सुबह गांव के ही एक किसान के खेत में पड़ा हुआ था। शव देख कर ग्रामीणों ने तत्काल मंडावर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष सुमित राठी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे, तो पाया कि खेत के चारों ओर तार बाड हुई थी। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) संग्राम सिंह भी मौके पर पहुंच गए। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई तथा परिजनों में शोक व्याप्त हो गया। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है लेकिन युवती की मौत का कारण बिजली की तारबाड़ से करंट लगना प्रतीत हो रहा है। मृत युवती के हाथ में करंट के निशान हैं। सम्भवत उसकी करंट लगने से मृत्यु हुई हैं।

### सोलर फेंसिंग के लिए लगाए गए ऐंगल चोरी

**कालागढ़।** वन्यजीवों की रोकथाम के लिए कालागढ़ में की जा रही सोलर फेंसिंग के लिए लगाई गई एंग्लो को वन विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के द्वारा अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया, जिसकी सूचना कर्मचारियों ने उच्च अधिकारी एसडीओ ग्वासकोटी कोटि को दी। एसडीओ से चोरी की गई एंगल के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि एंगल चोरी की एफआईआर दर्ज की जा रही है। वहीं कालागढ़ की सीमा पर चार किमी लकड़घाट क्षेत्र में सोलर फेंसिंग के लिए लगाए गए लोहे के एंगिल चोरी हो गए। सीमावर्ती ग्रामों के खेतों की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों व किसानों की मांग पर वन विभाग ने लकड़घाट से कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र के निकट सोलर फेंसिंग लगाने का काम शुरू कर दिया।

# नगीना में विराट हिंदू सम्मेलन

## संघ के शताब्दी वर्ष पर एकजुटता का दिया गया संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने हिंदू संस्कृति से जुड़ने और समाज को एकजुट करने का संदेश दिया।

हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति (लव कुश बस्ती व माधव बस्ती) के तत्वावधान में कृष्णा बैंक्विट हाल के विशाल मैदान मे मनोज वाल्मीकि व महेंद्र सैनी की संयुक्त अध्यक्षता व अनिल राणा के संचालन में आयोजित किया गया। विराट हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि महंत बच्चा बर्फानी ने कहा कि देश है तो धर्म और समाज है। उन्होंने कहा कि कई महत्वपूर्ण उद्देश्यों को लेकर आरएसएस और हिंदूवादी संगठन के साथ-साथ साधु संत भी सनातन हिंदू समाज को जगाने के कार्य में लगे हुए हैं। इसलिए देश भर में 80 हजार ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बाबा बर्फानी ने कहा कि माता और बहने वेशभूषा पर विशेष ध्यान दें और अपनी वही पोशाकें पहने जो हमारा पहनावा है। वह पहनावा न पहने जो भारतीय संस्कृति और देश को शर्मसार करता हो। उन्होंने कहा कि हमारी बालिकाओं को विशेष ध्यान रखना है कि वे स्वयं को झूठे प्रेमजाल में फंसाने वालों से सुरक्षित रखें और उनके प्रेम जाल में न फंसे। उन्होंने कहा कि हमारे नौजवान भी ध्यान दें कि जो देश की संस्कृति को मिटा रहे हैं उनसे बिल्कुल भी मेल मिलाप न रखें। उन्होंने कहा कि यह सब हिंदुओं के कुंभकरण निद्रा में सोए रहने के कारण हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले बंटवारे में पाकिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार, बांग्लादेश चले गए हैं। यदि हिंदू नहीं जागेगा, तो पूरा हिंदुस्तान जाने को तैयार है। उन्होंने हिंदू समाज के लोगों से राष्ट्र की सुरक्षा के लिए हिंदुओं के जगाने के कार्य करने में जुटे रहने का आह्वान किया है।

विशिष्ट अतिथि महिपाल विभाग संघचालक ने संघ के 100 वर्ष के सफर पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुनिया का ऐसा संगठन है, जिसने सफलतापूर्वक 100 वर्षों का सफर तय किया है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व पटल पर अपनी विशेष पहचान रखती है तथा देश के हालात किसी से छुपे नहीं है इसलिए जात पात से ऊपर उठकर हिंदू समाज के लोगों को एकजुट हो जाना चाहिए, जिससे हिंदुस्तान विश्व की महाशक्ति बन सके। मुख्य वक्ता अनुज कुमार प्रांत सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख ने कहा कि सनातन समाज के लोग अपनी संस्कृति को छोड़कर अंग्रेजी पद्धति अपनाते जा रहे हैं। इसी कारण हमारे बच्चे भारतीय संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को हिंदू संस्कृति की शिक्षा दिलाने की आवश्यकता है। बच्चे हिंदू संस्कृति की शिक्षा ग्रहण करेंगे। तो उनमें राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत होगी। आयोज. कों द्वारा सभी अतिथियों और लव कुश बस्ती, माधव बस्ती सहित सभी का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व आयोजक समिति ने बाबा बच्चा बर्फानी, अनुज कुमार, महिपाल सिंह, मनोज वाल्मीकि और महेंद्र सैनी को भगवा पगड़ी शाल और भारत माता का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल कुमार शर्मा, सिम्मी पाल, ओमकुमार चौहान, आसाराम सैनी, राजकुमार चावला, रोहन राज, अतुल गुप्ता, ललित कुमार, रिंकू सैनी, सुंदर प्रजापति, संदीप वाल्मीकि, कपिल पवार, राजीव कुमार, सूरज मचल, विवेक शर्मा, चान्द मल्होत्रा, लक्ष्मण सैनी, शिवचरण सैनी, राहुल सैनी, बृजेश सैनी, ऋषिपाल, महेश कुमार, सचिन कुमार, प्रमोद कुमार, महावीर सिंह सैनी, मुकेश एडवोकेट आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में दंपति घायल

**हल्दौर।** थाना नहटौर क्षेत्र के ग्राम किशनपुर भोगन निवासी दंपति रुपेश कुमार व उसकी पत्नी लक्ष्मी शाम करीब पांच बजे बाइक पर सवार होकर हल्दौर से अपने घर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ग्राम कुंडा वागेन के पास सामने से आ रही ई रिक्शा की बाइक से भिडंत हो गई। बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और पति पत्नी गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे राहगीरों व ग्रामीणों ने उक्त दोनों घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को नाजुक हालत में बिजनौर रैफर कर दिया।

# संत रविदास जयंती पर शोभायात्रा

## आपसी सौहार्द की दिखी मिसाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के अवसर पर एक भव्य एवं शांतिपूर्ण जुलूस निकाला गया। जुलूस में नगर की सामाजिक संस्थाओं, विभिन्न राजनी. तिक दलों के नेताओं, व्यापारियों एवं आम नागरिकों ने एकजुट होकर सहभागिता की और आपसी भाईचारे व सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

रविदास जयंती का जुलूस अपने निर्धारित स्थान चामुंडा से प्रारंभ होकर मिल चौराहा, पीर का बाजार शिवाजी मार्केट, जुमरात का बाजार, थाना चौराहा होते हुए पुन: अपने स्थान पर शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला।

जुलूस के दौरान नगर के कई गणमान्य व्यक्तियों ने विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा, बसपा नेता आदिल चौधरी, सपा के युवा नेता नजीबुल हसन, व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के पुत्र अमित कुमार वर्मा, इफ्तेखार चौधरी, मनोज भटनागर, कांग्रेस नगर अध्यक्ष एहसान जमील, अरशद जमाल, श्वेत रस्तोगी, खलीक चौधरी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी फहीम उर्फ रहमान, नासिर उर्फ आदिल एवं वली उर्फ रहमान, डा. विनित देवरा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों को रविदास जयंती समिति द्वारा पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। रविदास जयंती समिति के अध्यक्ष मास्टर विजयपाल सिंह ने कहा कि स्योहारा नगर के सभी वर्गों, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक और रविदास जयंती कमेटी के विकास, मोनू, नरेश, अशोक उस्ताद, कल्लू सिंह, शांति सिंह, जेके, मनीष गौतम, वीर सिंह सभी पदाधिकारी, मेंबर एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से जुलूस पूरी तरह शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

# अय्यूब अंसारी को जिलाध्यक्ष बनाने की पैरोकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम मीरापुर मोदीवाला निवासी समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद अय्यूब अंसारी ने सपा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से जनपद बिजनौर के जिलाध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। सपा कार्यकर्ता भी इस बार जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी अफजलगढ़ क्षेत्र को सौंपने की मांग कर रहे हैं। अय्यूब अंसारी ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश महासचिव हैं और जनपद में अच्छी खासी पकड़ भी रखते हैं। बढ़ापुर (अफजलगढ़) समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता है। जनपद बिजनौर अंसारी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण भी अय्यूब अंसारी की जनपद में खासी पहचान है।

समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला सचिव शरीफ अहमद उस्मानी का कहना है कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मौहम्मद अय्यूब अंसारी को बिजनौर जिले की कमान सौंपने से संगठन को मजबूती मिलेगी। वह वरिष्ठ सपा नेता हैं।

बढ़ापुर विधानसभा पूर्व सचिव इसरार अंसारी का कहना है कि अय्यूब अंसारी ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से समाजवादी पार्टी में अपने आप को समर्पित कर दिया है। वह जिलाध्यक्ष पद के लिए मजबूत दावेदार हैं।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता खुशनवीद अंसारी ने कहा कि अय्यूब अंसारी को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपे जाने की मांग की है।

सपा कार्यकर्ता इसरार कस्सार ने कहा कि अय्यूब अंसारी ही समा. जवादी पार्टी जिला अध्यक्ष पद के मजबूत हकदार हैं।

सूत्रों की मानें तो संगठन के भीतर उनके नाम पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। आशा व्यक्त की जा रही है कि इस बार सपा प्रदेश संगठन अय्यूब अंसारी को समा. जवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पद की कमान सौंप सकता है, हालांकि घोषणा होने पर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

गौरतलब है कि मौहम्मद अय्यूब अंसारी ने 1992 में समाजवादी पार्टी की प्रारंभिक सदस्यता ग्रहण की थी और संस्थापक सदस्य के रूप में अपने आप को समर्पित कर दिया। 1996 में अय्यूब अंसारी समाजवादी पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष अफजलगढ़, इसके बाद 1999 में अफजलगढ़ विधानसभा अध्यक्ष की कमान सौंपी गई। 2003 में जिला सचिव समा. जवादी पार्टी का पद मिला। 2014 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने मुरादाबाद चुनाव प्रचार समिति का सदस्य बनाया गया। बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र व मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। 2015 में उन्हें जिला उपाध्यक्ष जिला बिजनौर समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ट बनाए गए। 2023 में जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी जनपद बिजनौर की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई।

## एक नजर

### विद्यालय में गुरु रविदास जयंती कार्यक्रम



**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामलीला बाग नगीना में शनिवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के पवित्र प्रांगण में माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्चन एवं वंदना उपरांत प्रगतिशील विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने किया। कार्यक्रम प्रमुख आचार्य अंकुर कुमार चौहान व परीक्षा प्रमुख वरिष्ठ आचार्य सुधीर कुमार ने अपने उद्बोधन में उनके जीवन परिचय, महानता का वर्णन किया। कार्यक्रम की शोभा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानाचार्य महेश सिंह ने इस अवसर पर भक्ति आंदोलन के एक महान संत, कवि व समाज सुधारक शिरोमणि गुरु रविदास जी की शिक्षा और विचारधारा एवं अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों से भैया - बहिनों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### पीड़ित के पक्ष में पंचायत



**नांगल सोती।** गांव अभिपुरा निवासी एक किसान ने गांव के ही अपने संबंधियों पर भूमि का बैनामा कराने और उसकी धनराशि न देने का आरोप लगाया है। विवाद को लेकर रविवार को ग्रामीणों व समाज के लोगों की पंचायत हुई, जिसमें कानूनी लड़ाई में किसान का साथ देने का निर्णय लिया गया। गांव अभिपुरा निवासी किसान जितेंद्र सिंह का आरोप है कि गांव के ही उसके संबंधियों ने 3 वर्ष पूर्व उसे झांसे में लेकर उसकी लगभग 10 बीघा भूमि का बैनामा करा लिया और उसे बैनामे के वक्त तय की गई धनराशि नहीं दी गई। विवाद को लेकर रविवार को किसान के पक्ष में गांव में समाज के लोगों की पंचायत हुई, जिसमें किसान का उत्पीड़न न होने देने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि वह कानूनी लड़ाई में किसान के साथ रहेंगे और उसकी भूमि पर कब्जा नहीं होने देंगे। जमीनी विवाद को लेकर किसान ने पुलिस को तहरीर भी दी थी। भरत सिंह की अध्यक्षता और नरदेव सिंह के संचालन में आयोजित पंचायत में हुकम सिंह, पंकज, दिनेश कुमार, कुलबीर सिंह, विजय सिंह, सुनील कुमार, सत्यपाल सिंह, जाकिर अली, हमराज अली टीकम सिंह, आदि मौजूद रहे।

### बजट कॉरपोरेटर के हित में : रवि चौधरी



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहाँ के मंडल अध्यक्ष रवि चौधरी ने केंद्र सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट पूरी तरह किसान विरोधी और कॉरपोरेट समर्थक है। इसे कॉरपोरेट वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उनका कहना है कि देश का अन्नदाता किसान इसमें पूरी तरह उपेक्षित है। उन्होंने कहा कि बजट में न तो न्यूनतम समर्थन मूल्य की कोई गारंटी है, न कर्ज माफी का कोई प्रावधान, न ही किसान सम्मान निधि में कोई बढ़ोतरी की गई है। वहीं दूसरी तरफ यूरिया की बोरी को 45 किलो से घटाकर 40 किलो कर देना किसानों पर अतिरिक्त बोझ डालने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह बजट साफ तौर पर किसान विरोधी और कॉरपोरेट समर्थक है।

### बिल्डिंग मटेरियल का शुभारंभ




**स्योहारा।** नगर क्षेत्र के कूड़ी बंगर में किसानों और आम उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए चौधरी एग्रीकल्चर एंड बिल्डिंग मटेरियल का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में प्रतिष्ठान का शुभारंभ सादगीपूर्ण लेकिन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। दुकान स्वामी नय्यर चौधरी ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान पर किसानों के लिए उच्च गुणवत्ता के कृषि उत्पादों के साथ साथ भवन निर्माण से जुड़ी सभी आवश्यक सामग्री एक ही स्थान पर उचित और प्रतिस्पर्धी दामों पर उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को भरोसेमंद सेवा देना और उनकी सुविधा का पूरा ध्यान रखना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। नय्यर चौधरी ने यह भी कहा कि यह प्रतिष्ठान क्षेत्र के किसानों व ठेकेदारों के लिए एक विश्वसनीय विकल्प बनेगा।

### सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा छोटा पुत्र नितिन गलत संगत में पड़कर बिगड़ गया है। मेरे कहने में नहीं है। उसने अपनी मर्जी से विवाह कर लिया है। उसके ससुराल वाले भी मुझे बहुत परेशान करते है और घर से बाहर निकालने की धमकी देते है। नितिन अपनी पत्नी व ससुराल वालों के कहने सुनने में है। नितिन के आचरण व व्यवहार से व्यथित होकर मैंने उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करके उससे सम्बंध विच्छेद कर लिया है। मेरे साथ भविष्य में कोई भी घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी नितिन को होगी और उसके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं होगा। **सीमा देवी पत्नी स्व. रोहिताश, ग्राम कालाखेड़ी, थाना नगीना, जिला बिजनौर**

### खोया पाया सूचना

मेरी हाई स्कूल की परीक्षा 2014 ई. में मूर्ति देवी इंटर कॉलेज सदाफल से उत्तीर्ण किया है। जिसका अनुक्रमांक संख्या 0898848 है तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा सन 2016 ईस्वी में उत्तीर्ण किया है जिसका अनुक्रमांक संख्या 0696141 है। मेरी दोनों कक्षाओं की मार्कशीट एक माह पूर्व अचानक कही खो गई है, जो तलाश करने पर भी अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। **विकास कुमार पुत्र जैल सिंह निवासी ग्राम बघाला, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर**

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम पंकज कुमार तथा जन्म तिथि 18-06-1998 अंकित है, जो गलत है। जबकि मेरे सभी दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड मार्कशीट अन्य सभी कागजात में मेरा नाम राहुल कुमार जन्मतिथि 19-02-1994 है। जो सही सत्य है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम, जन्मतिथि मेरे दस्तावेजों के अनुसार सही नाम Rahul Kumar S/o BRIJPAL SINGH Date of Birth 19-02-1994 अंकित किया जाए।

**राहुल कुमार पुत्र ब्रिजपाल सिंह निवासी ग्राम लुहारपुरा, पोस्ट बास्टा, थाना व तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर (उ.प्र.)**

# ओपन जिम और खेल मैदान में जलभराव

## लाखों की लागत से बना था जिम ग्रामीणों में रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के गांव सुहागपुर में युवाओं और बुजुर्गों के स्वास्थ्य लाभ के लिए बनाया गया ओपन जिम और खेल मैदान आज बदहाली का शिकार हो गया है। वर्ष 2022 में मनरेगा, राज्य वित्त एवं केंद्र वित्त से लगभग 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह पार्क और ओपन जिम महज दो दिन की हल्की बारिश में ही पानी से भर गया, जिससे इसका उपयोग पूरी तरह ठप हो गया है। स्थिति यह है कि जहां कभी बच्चों के खेलने, युवाओं के व्यायाम करने और बुजुर्गों के टहलने की व्यवस्था होनी थी, वहां आज घुटनों तक पानी भरा हुआ है।

ग्रामीणों के अनुसार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत बनाए गए इस ओपन जिम का उद्देश्य गांव के युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ना और नशे जैसी बुराइयों से दूर रखना था। लेकिन जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण यह योजना शुरू होने से पहले ही दम तोड़ती नजर आ रही है। ओपन जिम के उपकरण पानी में डूबे हुए हैं और मैदान पूरी तरह दलदल में तब्दील हो चुका है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस भूमि पर ओपन जिम और खेल मैदान का निर्माण कराया गया, वह पहले से ही निचली और जलभराव वाली थी। इसके बावजूद बिना भराव और जल निकासी की पुख्ता व्यवस्था किए निर्माण करा दिया गया। परिणामस्वरूप थोड़ी सी बारिश में ही पूरा परिसर पानी से भर गया। ग्रामीणों का आरोप है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद योजना का कोई लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि लंबे समय से जलभराव रहने के कारण अब यह स्थान असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। जहां कभी योग और व्यायाम होना था, वहां अब नशीले पदार्थों के अवशेष मिलने की बात भी सामने आ रही है, जिससे गांव का माहौल प्रभावित हो रहा है।

मजेदार लेकिन दुखद पहलू यह है कि इस ओपन जिम के स्वागत द्वार पर देश की प्रसिद्ध महिला धावक और 'उड़न परी' के नाम से मशहूर पीटी उषा के नाम का बोर्ड लगा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि जहां दौड़ और फिटनेस को बढ़ावा देने का सपना देखा गया था, वहां आज पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

इस संबंध में ग्राम प्रधानपति से संपर्क करने का प्रयास किया गया। मगर उनका मोबाइल नोट रीचेबल आया। ग्रामीणों ने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया जाए और जल निकासी व भराव की स्थायी व्यवस्था कर इस ओपन जिम को उपयोग योग्य बनाया जाए, ताकि सरकारी धन का सही उपयोग हो सके।

# मुदस्सिर जमा खान का कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** कांग्रेस पार्टी से मुदस्सिर जमा खान के इस्तीफे ने नगर की राजनीति में जबरदस्त खलबली मचा दी है। तीन पीढ़ियों से कांग्रेस की जमीनी राजनीति से जुड़े परिवार का यह फैसला न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि आने वाले राजनीतिक समीकरणों की ओर भी इशारा कर रहा है।

मुदस्सिर जमा खान का परिवार दशकों से कांग्रेस पार्टी के साथ खड़ा रहा है। उनके दादा ने पूरी जिंदगी कांग्रेस पार्टी में रहकर समाजसेवा और संगठन को मजबूत करने का कार्य किया, जबकि उनके पिता मुबशिर जमा खान का आज भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में शुमार हैं और खुद मुदस्सिर जमा खान ने भी कांग्रेस पार्टी में रहकर विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया और संगठनात्मक जिम्मेदारियों को निभाया। ऐसे में उनका पार्टी से इस्तीफा देना कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। हालांकि इस्तीफे के पीछे की वास्तविक परिस्थितियों को लेकर उन्होंने सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आने वाले दिनों में मुदस्सिर जमा खान आसपा या फिर आरएलडी का दामन थाम सकते हैं। कुल मिलाकर, कांग्रेस की मजबूत मानी जाने वाली पारिवारिक विरासत का इस तरह टूटना किरतपुर की राजनीति में नए मोड़ और नए समीकरणों की शुरुआत माना जा रहा है।

## एक नजर

### हंगामा लोक समिति ने किया सम्मानित



**धामपुर।** हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, राजेन्द्र शर्मा, शशिबाला शर्मा व संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक द्वारा संत शिरोमणि स्वामी रविदास जी की 649 वी जयंती के अवसर पर गुरु रविदास एवं बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर धर्मशाला नौरंगाबाद के अध्यक्ष सन्तराम सिंह, उपाध्यक्ष अक्षय कुमार, सचिव रविन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष फूल सिंह, चन्द्रपाल सिंह को सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया। शोभायात्रा का समिति द्वारा पुष्पवर्षा व प्रसाद वितरण कर भव्य स्वागत किया गया। समिति के सदस्यों द्वारा स्वामी रविदास जी के मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित भी किया गया।

### झाकियां और अखाड़े रहे आकर्षण का केंद्र



**नांगल सोती।** रविदास जयंती के जुलूस का शुभारंभ रविदास धर्मशाला जीतपुर से बड़ी धूमधाम और बैंडबाजो के साथ किया गया। जिसके बाद जुलूस को नांगल, जीतपुर और खानपुर के अनेकों मौहल्लों से निकाला गया। जुलूस में शामिल झांकियां और अखाड़े गाजे बाजे के साथ जुलूस में चार चांद लगा रहे थे। अखाड़े में खिलाड़ी करतब दिखाते चल रहे थे। इस दौरान आजाद समाज पार्टी नेता भीमसेन हल्दिया ने सन्त रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचार आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने समाज को समरसता, सहिष्णुता और भाइचारे का संदेश दिया। उनका मानना था कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। सन्त रविदास ने समाज मे फैली कुरीतियों और छुआछूत और भेदभाव का जमकर विरोध किया। आज भी हमें उनसे समाज मे फैली कुरीतियों के विरुद्ध लड़ने की ताकत मिलती है। इस मौके पर छोटेलाल, नरपाल सिंह, नंदकिशोर, पीतम सिंह, वेदपाल सिंह, प्रमोद कुमार, करतार सिंह, मुकेश कुमार, महेंद्र सिंह, मुन्नू सिंह, राजपाल सिंह, वीर सिंह काले सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### आरजेपी में रविदास जयंती का आयोजन



**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में प्रबंधक उदयन वीरा के निर्देश पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल की अध्यक्षता एवं चंद्रहास सिंह के संचालन में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने अपने दोहों के जरिए समाज से भेद-भाव को दूर करने का बीड़ा उठाया था। संत रविदास ने लोगों को मन की ताकत को समझाते हुए अपने दोहों के जरिए जो सीख दी उसी के कारण समाज उन्नति की ओर अग्रसर हुआ। उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रविदास जी ने अपनी वाणी से समाज में सामाजिक परिवर्तन करने का जो कार्य किया हमें उसे आगे बढ़ाना है। जय राम सिंह ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने मन चंगा तो कठौती में गंगा जैसी अमर सूक्ति देकर समाज को आत्म संतुष्टि के महत्व को समझाया। जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने विषम परिस्थितियों में समाज को सार्थक दिशा देने का कार्य किया है। मनोज कुमार यादव ने कहा कि हमें संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के द्वारा दिए गए संदेश को हमे अपने जीवन में अनुसरण करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। इस अवसर पर एसपी गंगवार, बालेश कुमार, बृजेश कुमार, प्रधान लिपिक राजेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार, विनोद कुमार यादव, अतुल कुमार रस्तोगी, भूपेंद्र पाल, जयप्रकाश, भोलानाथ, अनुराग भारद्वाज, दयानंद शर्मा आदि ने संत जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### हवन में आहुति के साथ गौ कथा का समापन

**नजीबाबाद।** गीता भवन मंदिर में एक माह से चल रही माघ महात्म्य गौ कथा का समापन विधिवत रूप से हवन में पूर्ण आहुति देकर किया गया। पूर्णाहुति के लिए मंदिर में जन सैलाब उमड़ा। श्रद्धालुओं ने सभी की सुख शांति की कामना की। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभोज का आनंद लिया। कथावाचक पंडित भोला शंकर शास्त्री जी ने बताया कि आज माघ पूर्णिमा है, शुक्र उदय व शुभ पुष्य नक्षत्र रहेगा। प्रत्येक पूर्णिमा का महत्व है, लेकिन माघी पूर्णिमा विशिष्ट है। धर्मशास्त्रों के अनुसार इस दिन स्नान, ध्यान व दान से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, मोक्ष मार्ग प्रशस्त होता है। जप, हवन व पुण्यकर्म से अनंत फल व नवग्रह दोष शमन होता है। मान्यता है कि माघी पूर्णिमा रात्रि चंद्रमा की अमृतमयी किरणें जल में तत्व संचार करती हैं, जो कष्ट निवारक व आरोग्यदायक है। इस अवसर पर पंडित हर्षवर्धन बूटी, राकेश गर्ग एडवोकेट, सुनील महाजन, डॉ. जौहर, जितेंद्र पोपली, अमित ग्रोवर, कृष्णा शर्मा, शुभम ग्रोवर, जनक राज, नीरा भारद्वाज, राखी, रजनी, नीलम हांडा, लक्ष्मी, सृष्टि, प्रिया, नंदनी, किरन, सुनैना, कर्ण प्रिया आदि मौजूद रहे।

## सीएचसी में कर्मचारी का विदाई समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सफाई कर्मचारी की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात नाम राजीव कुमार स्वीपर स्टाफ पद से रिटायर हुए।

अस्पताल परिसर में आयोजित समारोह में राजेश कुमार को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्हें विभाग की ओर से चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विशाल दिवाकर द्वारा 12 लाख रुपये का ग्रेजुटी का चेक दिया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्त कर्मचारी ने अपने कार्यकाल के अनुभव और यादें साझा कीं। उन्होंने साथी कर्मचारियों और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रभारी डॉ. विशाल दिवाकर, डॉ. माज शमसी, डॉ. उज्ज्वल, अनमोल सिंह, प्यारे लाल, मग्न रावत, अरुण कुमार, पीयूष कुमार, हितेश त्रिपाठी, संजीव कुमार, गौरव राजपूत, सनाउल हक, पूजा विश्नोई, पंकज वर्मा, अभय कुमार, सुनील कुमार एपीओ, अभिनय एडवोकेट, कपिल कुमार, नीरज बिश्नोई, राज कुशवाहा, अनूप बाल्मीकि, मनोज बाल्मीकि समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी व गणमान्य मौजूद रहे। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारी को उनके नए जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वे अपने अनुभव का लाभ समाज को देते रहेंगे।

# आरएसएम में विराट हिंदू सम्मेलन

## देवी-देवताओं के हाथों में शास्त्र और शस्त्र दोनों होते हैं : साध्वी मैत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शिवाजी बस्ती के लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

एसबीडी महिला महाविद्यालय में देर शाम कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन में श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। साहिबजादा बाबा अजित सिंह दल द्वारा गतका का प्रदर्शन किया गया, जिसमें शस्त्रों का हैरत अंगेज प्रदर्शन कर सभी को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर किया गया। सरदार गुरुचरण सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह द्वारा बनाए गए सिख पंथ को बनाकर मार्शल आर्ट्स को सीखकर हिंदू समाज की रक्षा करने का संदेश दिया गया है और शास्त्र एवं शस्त्र दोनों को नियमित अभ्यास करने का भी संदेश दिया है। जिससे हिंदू समाज की रक्षा की जा सके। आरएसएस के प्रांत प्रचारक अनिल कुमार ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा का विस्तार से वर्णन किया। आरएसएस के प्रांत बौद्धिक प्रमुख सुनील कुमार ने संघ की पंच परिवर्तन का संदेश हिंदू समाज को दिया। बताया कि सनातन धर्म एवं हिंदू संस्कृति लाखों वर्ष पुरानी है, जिसे हमारे पूर्वजों ने त्याग बलिदान देकर सुरक्षित बनाए रखा है। अब हम सब हिंदू समाज को भी आरएसएस के साथ मिलकर हिंदू समाज की रक्षा के करने के लिए आगे आना होगा।

हिंदू सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में साध्वी मैत्री दीदी ने महिलाओं से अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने का आह्वान किया और कहा कि धार्मिक कार्यक्रम में अपने बच्चों को साथ में लाकर हिंदू संस्कृति की शिक्षा देनी चाहिए, तभी हमारे बच्चे संस्कारवान बनेंगे और हिंदू समाज की रक्षा कर सकेंगे। हमारे सभी देवी देवताओं के हाथों में शास्त्र और शस्त्र दोनों होते हैं इसलिए हमें इन दोनों को अपने घरों में रखना चाहिए।

हिंदू सम्मेलन में अमित कुमार नगर प्रचारक, क्रांति कुमार विभाग प्रचारक, पीयूष शर्मा, अनिल ग्रोवर, आलोक कुमार, राहुल, चरण गोयल, अभय गोयल, प्राचार्या पूनम चौहान, व्यवस्थापिका रेनू गोयल, यश दुआ, अनिल के गोयल, अनुपम कुमार, उदित जैन, पुरुषोत्तम अग्रवाल, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी, सुभाष चौहान एवं हिंदू समाज के प्रबुद्ध लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदार गुरु चरण सिंह द्वारा की गई और संचालन अर्चना कुंतल एवं आजाद चौहान एडवोकेट द्वारा किया गया।

# प्रबंध समिति का निर्विरोध निर्वाचन तय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** राजा भरत सिंह इंटर कालेज नांगल सोती में प्रबंध समिति का पांच वर्षीय चुनाव के नामांकन की प्रकिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रबंध समिति के सभी 12 पदों पर एक एक नामांकन दाखिल होने से प्रबंध समिति का निर्विरोध निर्वाचित होना तय है।

जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर द्वारा नामित पीठासीन अधिकारी / प्रधानाचार्य एमडीएस इंटर कालेज नजीबाबाद अनुपम माहेश्वरी व पर्यवेक्षक / प्रधानाचार्य जीआईसी भागूवाला पंकज कुमार की देखरेख में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई।

प्रबंध समिति के चुनाव में एक पद पर एक नामांकन भरा गया। जांच के दौरान सभी नामांकन पत्र वैध पाएं गये। अध्यक्ष पद पर यशवीर सिंह नजीबाबाद, उपाध्यक्ष- प्राची चौधरी जालपुर, प्रबंधक -ऋषभ प्रताप सिंह एड मीरमपुर बेगा, उप प्रबंधक यशवीर सिंह चंदोक, कोषाध्यक्ष - कावेन्द्र सिंह मुस्सेपुर तथा कार्यकारिणी सदस्य के पद पर जितेन्द्र सिंह, अभयराम सिंह, जाकिर अली, कुलवीर सिंह, आकाशदीप, मैनपाल सिंह, लक्ष्मी देवी ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। सभी नामांकन पत्रों का निरीक्षण किया गया सभी नामांकन पत्र वैध पाएं गये। कालेज की प्रबंध समिति के चुनाव में एक पद पर एक नामांकन होने, सभी नामांकन पत्र वैध पाएं जाने व किसी नामांकन पत्र पर कोई आपत्ति ना आने, कोई नाम वापसी ना होने के कारण प्रबंध समिति का निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। पीठासीन अधिकारी व प्रधानाचार्य अनुपम माहेश्वरी ने बताया प्रबंध समिति का निर्विरोध निर्वाचित होना तय है फिर भी प्रबंध समिति की घोषणा निर्धारित चुनाव तिथि पर की जाएगी। उन्होंने शान्ति पूर्वक चुनाव प्रक्रिया होने विद्यालय की प्रबंध समिति के निर्वाचित होना तय होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान कोषाध्यक्ष राघव प्रताप, प्रधानाचार्य राजीव कुमार, सूरतपाल सिंह, विजेन्द्र सिंह, विद्युशेखर चौहान, सौरभ कुमार, सुधीर कुमार, नरपाल सिंह, केशव शरण, मुकेश सिन्हा, अश्वनी कुमार, अमित शर्मा, अनुज चतुर्वेदी, सत्यपाल सिंह, सत्यपाल सिंह, सुनीता चौधरी आदि मौजूद रहे।

# एस.पी. कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों का शैक्षिक टूर



## काजू फैक्ट्री में ली जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** एसपी कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को ग्राम धीवरपुरा ब्लॉक जलीलपुर स्थित विदुरभूमि एग्रो नामक काजू फैक्ट्री का एक शैक्षिक टूर कराया गया।

इस दौरान विद्यालय प्रबंधन की ग्राम धीवरपुरा में स्थित विदूर भूमि एग्रो नामक काजू की फैक्ट्री का एक शैक्षिक टूर कराते हुए बच्चों को जानकारी उपलब्ध कराई गईं। इस इंडस्ट्रियल टूर पर बच्चों को यह बताया गया कि आप जो अपने घर में काजू खाते हैं, उसका कच्चा माल विदेश से यहां लाकर मशीनों की सहायता से कैसे तैयार किया जाता है। प्रबंधक अनंत अग्रवाल ने बताया कि विदेश से आने वाले काजू के कच्चे माल को पेड़ों से प्राप्त किया जाता है तथा इसको भारत लाकर फैक्ट्री में मशीनों के द्वारा कई अलग-अलग प्रक्रिया द्वारा काजू को खाये जाने के योग्य बनाया जाता है। छात्रों ने फैक्ट्री का अच्छे से भ्रमण किया और काजू से मिलने वाली सभी जानकारी प्राप्त की। सभी बच्चों ने अंत में फैक्ट्री में तैयार किया हुआ काजू भी खाया व इस टूर का पूरा आनंद उठाया। यह शैक्षिक टूर बच्चों के लिए बहुत लाभदायक रहा व उन्हें इससे काफी ज्ञान मिला। विद्यालय व फैक्ट्री प्रबंधक अनंत अग्रवाल ने सभी बच्चों को इससे संबंधित कई जानकारी भी दी तथा आगे भी विद्यालय के बच्चों को इस प्रकार के अनेक शैक्षिक टूर कराते रहने हेतु बच्चों को आश्वास्त किया। टूर के बाद क्षेत्र के उद्यमी एवं समाजसेवी विद्यालय कमेटी अध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल एडवोकेट ने बच्चों को शुभकामनायें भी दी।

गणतंत्र दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं


यशवीर सिंह
अध्यक्ष


कावेन्द्र सिंह एड.
प्रबंधक


राघव प्रताप एड.
कोषाध्यक्ष


राजीव चौहान
प्रधानाचार्य

राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज, नांगल सोती


संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी
की जयंती पर सभी को
हार्दिक बधाई

धनीराम सिंह
पूर्व मंत्री- उ.प्र. सरकार
निवासी- किरतपुर, जनपद-बिजनौर


उत्तम तकनीक | उत्तम गन्ना | उत्तम चीनी | उत्तम किसान

UTTAM SUGAR PREMIUM
उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड
बरकतपुर (बिजनौर) की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
UTTAM SUGAR PREMIUM

कृषक बंधुओं! आप सभी के सहयोग से चीनी मिल का पेराई सत्र 2025-26 सुचारू रूप से चल रहा है। क्षेत्र के समस्त कृषक भाईयों से अनुरोध है कि पर्ची मिलने पर ही गन्ने की छिलाई करें तथा मिल को ताजा, साफ-सुथरा, जड़-पत्ती एवं अगोला रहित गन्ना ही आपूर्ति करें, ताकि आपका तथा चीनी मिल दोनों का भविष्य सुखद हो। आपकी लोकप्रिय गन्ना प्रजाति Co-0238 लाल सड़न व अन्य कीट रोगों से पूर्णत: ग्रस्त हो गयी है। अत: आर्थिक नुकसान से बचने हेतु चीनी मिल द्वारा दी जा रही, निम्नलिखित गन्ना प्रजातियों की बुवाई करें:-

❒ उन्नतशील गन्ना प्रजाति Co-0118, Co-15023, ColK-14201, COS-17231 एवं Co-98014 आदि की ही बुवाई करें।

❒ गन्ना की बुवाई (अधिक दूरी विधि Wider Space Method) लाईन-से-लाईन की दूरी 4.5 से 5 फीट पर ही करें। ❒ भूमि उपचार हेतु उत्तम जैव फफूंदी नाशक 02 ली. प्रति एकड़, अच्छी गोबर की खाद में मिलाकर 5 से 7 दिन छायादार स्थान पर रखकर कल्चर तैयार करें तथा गन्ने की बुवाई से पहले इसको खेत में डालकर अन्तिम जुताई अवश्य करें। ❒ बीज उपचार हेतु गन्ना बुवाई करते समय गन्ना बीज का एक या दो आंख के टुकड़ों को 250 ग्राम थायोफिनेट मिथाईल व 100 मिली. इमिडाक्लोप्रिड को 100 लीटर पानी का घोल बनाकर कम से कम 15 से 20 मिनट तक डूबोकर अवश्य उपचारित करें।



चीनी मिल आपके गन्ना मूल्य का भुगतान नियमित रूप से करने हेतु पूर्णतया प्रयासरत है। कृषक भाईयो, आगामी बसन्तकालीन बुवाई के दौरान उपरोक्त बतायी गयी प्रजातियों की ही बुवाई करें। बीज संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये अपने गन्ना सुपरवाईजर/फिल्ड अधिकारी से सम्पर्क करें।

**नोट: रोग ग्रसित व अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई कदापि न करें।**

शुभकामनाओं सहित

नरपत सिंह
संयुक्त अध्यक्ष

राजकुमार अदलखा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

# तीन माह के राष्ट्रव्यापी सम्पूर्णता अभियान का शुभारम्भ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** विकासखंड गुन्नौर में तीन माह के राष्ट्रव्यापी संपूर्णता अभियान 2.0 को लेकर शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उ. प्र. धर्मवीर प्रजापति रहे एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा.. अनामिका यादव एवं पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गन्नौर अजीत कुमार उर्फ राजू यादव एवं भाजपा के जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू रहे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर तथा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गान गाया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित विभिन्न विभागों आईसीडीएस, बेसिक शिक्षा तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा स्वास्थ्य विभाग के स्टालों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों एवं भाजपा के मंडल अध्यक्ष को पुष्प एवं पुस्तक तथा अंग वस्त्र से स्वागत किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा आईसीडीएस विभाग के अन्तर्गत गोद भराई एवं अन्नप्राशन का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य विकास अधिाकारी गोरखनाथ भटट द्वारा संपूर्णता अभियान 2.0 के उद्देश्यों के विषय में जानकारी दी, जिसमें नई लक्ष्य, निरंतरता, संस्थागतकरण, अभिसरण और जनभागीदारी के विषय पर प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। नीति आयोग के आकांक्षात्मक ब्लॉकों गुन्नौर एवं असमोली के 6 संकेतांक की भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक चलेगा तथा यह कार्यक्रम देश भर के 112 जिलों और 513 ब्लॉकों को कवर करता है।

**0 गोद भराई व कराया अन्न प्राशन्न**



सम्भल-धनारी में मांगो को लेकर 28वें दिन भी धरने पर डटे भाकियू असली के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए।

# अधिकारियों के आश्वासन पर आमरण अंशन स्थगित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक का धरना आन्दोलन 28वें दिन भी जारी रहा। उपजिलाधिकारी गुन्नौर व खड विकास अधिकारी गुन्नौर के प्रयास से किसानो की प्रथम मांग राजकीय पशु चिकित्सालय धनारी की जमीन को सुरक्षित कर दिया गया है। शेष मांग बिन्दुओं पर समस्याओ से सम्बंधित अधिकारियो से बात कर कोई सार्थक हल निकालने का प्रयास किए जाने का आशवासन दिया। जबकि धरना स्थल पर गुन्नौर कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है। जिसमे मुख्य रूप से अग्रिम आन्दोलन व समस्याओ के समाधान पर विचार मंथन किया जाएगा तारबंदी व आमरण अनशन के कार्यक्रम को स्थगत कर दिया गया,लेकिन धरना जारी रखते हुए अन्तिम वार्ता का इन्तंजार किसान कर रहे है। इस मके पर राष्ट्रीय प्रमुख सचिव श्रृषिपाल सिह यादव यादव अमर सिंह किसन लाल कल्याण हरपाल सिह बदन सिह बहादुर सिह अतर सिह विजय सिह ओम प्रकाश मेघसिह हरपाल सिह रोहतास सत्यपाल सिह परम सिह नेकपाल सिह सुमन यादव बीरनसिह धीरेन्द्र रामजीत सिह राजपालसिह यादव आदि मौजूद रहे।

**0 28वें दिन भी जारी रहा धरना, अन्तिम वार्ता का इंतेजार कर रहे किसान कार्यकारिणी की बैठक में होगा मंथन**

## बबराला राजघाट पर हुए भंडारे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट धर्मशालाओं में भीड़ रही। गंगाघाट पर भंडारों का भी आयोजन हुआ। नगर बबराला के संतोषी माता श्री बांके बिहारी मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया।

# सपा सांसद ने बजट को नकारा, भाजपा ने सराहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल/बबराला।** केन्द्र सरकार के बजट की जहां पक्ष सराह रहा है वहीं बदॉयू सांसद ने इसे निराशाजनक व किसान व युवा विरोधी बजट करार दिया है।



बदायूँ लोकसभा क्षेत्र के जिसमें गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है बदायूँ सांसद आदित्य यादव ने केंद्रीय बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे जनविरोधी, किसान-विरोधी और युवा-विरोधी बजट बताया। सांसद आदित्य यादव ने कहा कि देश आज महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बदहाली से जूझ रहा है, लेकिन यह बजट आम जनता को राहत देने के बजाय कॉरपोरेट हितों को संरक्षण देने का दस्तावेज बनकर रह गया है। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और खाद्य वस्तुओं की महंगाई पर सरकार ने जनता को पूरी तरह निराश किया है। उन्होंने कहा कि किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी न देना यह साबित करता है कि सरकार की प्राथमिकता किसान नहीं, बल्कि बड़े उद्योगपति हैं। युवाओं के लिए स्थायी रोजगार का कोई ठोस रोडमैप नहीं है, केवल प्रशिक्षण और योजनाओं के खोखले वादे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत का नहीं, बल्कि चुनिंदा पूंजीपतियों को और अमीर बनाने का बजट है। आम आदमी की जेब, किसान की फसल और युवा का भविष्य तीनों इस बजट में उपेक्षित हैं। वहीं भाजपा कार्यालय पर बजट की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि केंद्रीय बजट देश के विकास और बुनियादी ढांचे पर केंद्रित है, जिसमें 12.2 लाख करोड़ का भारी निवेश घोषित किया गया है। यह बजट टियर-2/3 शहरों, युवाओं और किसानों के लिए एक विकासवादी कदम है, जो आत्मनिर्भर भारत के सपने को गति देने का प्रयास करता है। केंद्रीय बजट 2026-27 में उत्तर प्रदेश के लिए बुनियादी ढांचे, तकनीक और शिक्षा पर बड़ा जोर दिया गया है। राज्य में हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, एआई सिटी और 75 जिलों में गर्ल्स हॉस्टल की घोषणा की गई है, जो यूपी के विकास और रोजगार को नई दिशा देंगे। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ विकास की रफ्तार को और अधिक गति देने वाला है। विकसित भारत समावेशन के साथ महत्वाकांक्षा का संतुलन रहेगा बजट में संशय के स्थान पर कारवाई वाकपटुता के स्थान पर सुधार, लोक लुभावन दिखावे के स्थान पर जनहित को प्राथमिकता दी गई है। यह बजट युवा शक्ति को समर्पित बजट है सरकार का संकल्प किसान, महिला, दलित वंचित, शोषित ,पीड़ित और पिछड़े वर्ग पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है बजट में उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना, परिवर्तनशील वैश्विक परिस्थितियों के विरुद्व प्रतिरोधक क्षमता, लोक क्षमता निर्माण, भारत की समृद्धि के पद पर लोगों की मजबूत भागीदारी एवं यह सुनिश्चित करना कि प्रत्येक परिवार, समुदाय, क्षेत्र और सेक्टर के पास संसाधनों, सुविधााओं और सार्थक भागीदारी के अवसरों तक पहुंचे हो ,जीएसटी के सरलीकरण, श्रम संहिताओ और अनिवार्य गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों के विवेकीकरण सहित लगभग 350 सुधार किए गए हैं उच्च स्तरीय समितियां का गठन किया गया है केंद्र सरकार गैर विनिमय और अनुपालन अपेक्षाओं को कम करने के संबंधमें राज्य सरकारों के साथ काम कर रही है वित्त आयोग अनुदान के रूप में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राज्यों को 1.4 लाख करोड रुपए का प्रावधान इनमें ग्रामीण तथा शहरी स्थानीय निकाय और आपदा प्रबंधन अनुदान शामिल है।

# अपने रब ओर मानवता की पहचान कराने वाला ही सच्चा मजहब



सम्भल- सराय तरीन स्थित मदरसा फैजुलउलूम में जलसे को सम्बोधित करते।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** वार्षिक जलसा तहफ्फुज-ए-इस्लाम कान्फ्रेंस एवं दस्तारबंदी का आयोजन पूरी शान-ओ-शौकत और दीनी जज्बे के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, उलेमा-ए-किराम और बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की।

उपनगरी सरायतरीन में स्थित मदरसा फैज उल उलूम में कार्यक्रम को शुरुआत तिलावत मुकददस किताब से हुई उसके बाद हम्द और नात पढ़ी गईं जिससे लोग मंत्रमुग्ध हो गए। मशहूर नातख्वां मौलाना गुलाम नबी फैजी ने खूबसूरत नात ए रसूल पढ़ी। कान्फ्रेंस के मुख्य वक्ता मुफ्ती मोहम्मद आकिल मिस्बाही ने इस्लाम में इल्म शिक्षा) की अहमियत पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने मुकददस किताब की आयतों और हदीस-ए-पाक के हवाले से बताया कि इल्म हासिल करना हर मुसलमान मर्द और औरत पर फर्ज है। मुकददस कितसब की पहली आयत ही (इकरा) (पढ़ो) से शुरू हुई, जो शिक्षा के महत्व को दर्शाती है।सच्चा इल्म वही है जो इंसान को अपने रब की पहचान कराए और समाज में मानवता का संदेश दे। विशिष्ट अतिथि मौलाना तौसीफ मिस्बाही ने मदरसों की भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि मदरसा शिक्षा न केवल दीन की हिफाजत करती है, बल्कि बच्चों के चरित्र निर्माण में भी अहम योगदान देती है। उन्होंने पैगंबर-ए-इस्लाम (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के जीवन और उनकी पवित्र शिक्षाओं का जिक्र करते हुए उपस्थित लोगों को सुन्नत के रास्ते पर चलने की ताकीद की। जलसे का मुख्य आकर्षण उन छात्रों की दस्तारबंदी (पगड़ी बांधना) रही, जिन्होंने अपनी शिक्षा पूरी की। उलेमाओं के हाथों छात्रों के सर पर दस्तार सजाई गई और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए दुआ की गई। कार्यक्रम का समापन सलात-ओ-सलाम और मुल्क में अमन-चौन की दुआ के साथ हुआ। जलसे को अध्यक्षता मुफ्ती मुहम्मद महबूब मिस्बाही ने की तथा संचालन मौलाना जैगम रजा बरकाती ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से मदरसा प्रबंधक कलीम अशरफ सलामी, हाजी नूर इलाही, मौलाना कामिल मिस्बाही, मौलाना अब्बास अजमली, मौलाना अजीमुर रहमान, मौलाना फहीम, कारी आरिफ मूसापुरी, कारी अकबर, मौलाना आदिल मिस्बाही, मौलाना शोकत, मौलाना आलिम, कारी इश्त्याक, हाजी ताहिर सलामी, शराफत हुसैन, मोहम्मद जीशान, हाजी मरगूब, मुहम्मद आलम, बिलाल, मेहदी हसन, इरुान, अजीम, रहबर, तालिब आदि के अलावा सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने गुन्नौर सीएचसी का किया निरीक्षण



शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी डा. राजकिशोर को निर्देश देते हुए कहा कि बाहर पटि्टका पर प्रत्येक डाक्टर व कर्मचारी व उसके कक्ष की डिटेल लिखवाई जाए। जिससे अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को यह पता हो कि किस कक्ष में किस डाक्टर के पास उसको इलाज के लिए जाना है। यह न लिखे होने से वह अस्पताल में इधर-उधर भटकता रहता है। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल में डाक्टर का कक्ष, दवा की व्यवस्था, एक्स-रे मशीन अन्य कक्ष का निरीक्षण किया। डा. राजकिशोर ने मंत्री को बताया कि हृदय रोगी को अस्पताल में बेड की व्यवस्था के साथ इंजेक्शन की पूर्ण व्यवस्था है। जिससे उसको तुरन्त उपचार मिल सके। इसके साथ ही 30 शैया अस्पताल में डिलीवरी, लैब आदि की व्यवस्था देखी और संबंधित को निर्देशित किया। उसके बाद वह ग्राम चौपाल के लिए हिमायूँपुर निकल गए।

## माघ पूर्णिमा पर राजघाट में जुटी श्रद्धालुओं की भीड़

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट पर माघ पूर्णिमा पर्व पर श्रद्वालुओं ने भारी संख्या में पहुंचकर स्नान किया। लोग काफी दूर दूर से स्नान करने आये। राजघाट गंगाघाट पर मेला लगा और सभी ने सामान की खरीदारी की। गंगाघाट राजघाट पर माघ पूर्णिमा पर्व पर मेला लगा। जिसमे महिलाओ व बच्चों ने खूब खरीददारी की। घाट पर सुबह से ही चन्दौसी बहजोई डिबाई व् अन्य स्थानों से लोग पहुचने लगे थे।अपने वाहनों से लोग परिवार सहित पहुचे। मोक्षदायिनी गंगा मइया का जल सभी को पवित्र करता है। यही आस्था ही स्नान पर्व को महत्वपूर्ण बनाती है। लोगो का उत्साह देखने लायक था। सभी गंगा में स्नान कर अपने को धान्य मानते हैं। गंगा मईया में आसपास के लोगों की अपार श्रद्वा है। सभी अपनी ट्रैक्टर ट्राली भरकर गंगा स्नान को पहुंचे। कार व बाइक भी लोगो के पहुचने का साधन रहीं। वाहनों की संख्या के कारण कई बार इंदिरा चौक पर जाम की स्थिति बनी।जबकि ट्रेन,बस व अन्य वाहनों में भीड़ रही। माघ पूर्णिमा पर श्र)ालुओं की भीड़ रही। बबराला से राजघाट जाने वालों की भीड़ के चलते डग्गामार वाहनों की चांदी रही।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-संत रविदाय जयंती पर शोभायात्रा निकालते।

## संत रविदास जी की प्रतिमा संग निकली शोभायात्रा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गुरु रविदास संत जयंती की जयंती बड़े ही धूमधाम हर्षेल्लास के साथ मनायी गयी।

ग्राम चमरूआ में आयोजित संत गुरु रविदास जयंती कार्यक्रम में शोभायात्रा निकाली गई। इससे पूर्व संत रविदास की प्रतिमा को संदर तरीके से सजाया गया। इस दौरान पूर्व निर्धारित रास्तों से जुलूस निकाला गया। जयंती कार्यक्रम में गांव के बुजुर्ग नौजवान और महिलाएं सभी बढ़ चढ़कर भाग लिया। संत रविदास की झांकी के साथ निकाली गई शोभायात्रा का समापन पर पूजा पाठ करके हवन कुंड में आहुति देकर गांव की सुख शांति की कामना की गई। इस मौके पर अध्यक्ष राजकुमार उर्फ राजू, उपाध्यक्ष, राजीव कुमार, निर्देश कुमार, देशवीर कुमार, गोपाल, सौरभ, विशाल, अमित कुमार, छोटे सिंह, महिपाल सिंह, शीशपाल सिंह, छत्रपाल सिंह, श्रृषि पाल सिंह, सुखबीर सिंह, हेमराज सिंह, महावीर सिंह नेपाल सिंह, मलखान सिंह, राजवीर जाटव, जयंती कर्मेंद्र चौधरी के नेतृत्व निकाली गई।



बबराला। जन आरोग्य मेले में रोगियों का परीक्षण करते चिकित्सक।

## जन आरोग्य मेले में 118 रोगियों का दवा वितरित

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर के महिला चिकित्सालय में जन आरोग्य मेले में 118 मरीजों को देखकर दवा का वितरण किया गया।

डा. एच रहमान ने अस्पताल में जन आरोग्य मेले आए मरीजों की जांच कर दवा का वितरण किया। जिसमें बन्दर व कुत्ते के काटने, शुगर, दर्द, खुजली, खांसी जुखाम, बुखार के मरीज आये। शुगर के मरीजों की जांच कर दवा दी गई।उन्होंने बताया कि अस्पताल में 118 मरीज आये। उनको देखकर व जांच कराकर दवा का वितरण किया गया। इस दौरान फार्मेसिस्ट लक्ष्मीकांत शर्मा, विशेष कुमार, मंजू, नन्दकिशोर, रामबाबू आदि मौजूद रहे।



बबराला-साधूमणि पर गंगाघाट पर ड्यूटी स्वयं संवक।

## साधूमणि पर वार्डन व स्वयं सेवकों ने दी ड्यूटी

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** माघ मास की पूर्णिमा के अवसर पर साधु मणि आश्रम गंगा घाट पर नागरिक सुरक्षा कोर नरोरा के वार्डेन और स्वयंसेवकों ने पुलिस और प्रशासन के सहयोग में चीफ वार्डेन योगेन्द्र सिंह के निर्देशन और डिवीजन वार्डेन गुन्नौर घलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गंगा स्नान हेतु आए श्रृद्वालुओं और आश्रम पर होने वाले विशाल भंडारे की सेवा और सुरक्षा हेतु डयूटी दी गयी। श्रृद्वालुओं से सुरक्षित स्नान हेतु गहरे जल में स्नान नहीं करने हेतु माइक से बराबर सूचना दी गयी और लोगों को वार्डेन, स्वयं सेवकों द्वारा सचेत करने के साथ साथ मना भी किया। जिससे किसी को कोई भी असुविधा न हो इस अवसर पर डिवीजन वार्डेन गुन्नौर घलेन्द्र सिंह, अतर सिंह, जगदीश, सुरेश, गेंदन,लाल राजवीर,अंशु, विष्णु, राहुल, लीलाधर,ललतेष, मुकुट सिंह, साबिर अली, देवेंद्र सिंह, सोमवीर, रामपाल, विनोद, छोटे लाल आदि डयूटी पर मौजूद रहे।

# दो बाइकों की आमने सामने भीषण भिड़ंत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** एचपी पेट्रोल पंप के सामने रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदनगर निवासी नदीम पुत्र सफीक किसी काम से असमोली जा रहा था। जबकि रजपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम असबार निवासी बुल्ले हसन असमोली स्थित भारत एजेंसी में के वाई सी कराने आए थे और काम निपटाकर वापस जा रहे थे। एचपी पेट्रोल पंप के सामने उनकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बाइकों में टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही राहगीरों ने 112 नंबर पर कॉल कर सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) असमोली में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने दोनों बाइकों को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर दिया है।

**0 हादसे में दोनों बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल**

## राज्यमंत्री ने विकास कार्यों व दर्पण पोर्टल की समीक्षा की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** विकास खण्ड सभागार गुन्नौर में प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उ. प्र. धर्मवीर प्रजापति की अध्यक्षता में सीएम दर्पण पोर्टल पर विकास कार्यक्रमों एवं आकांक्षात्मक विकास खण्डों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत छात्रवृत्ति योजना, माध्यमिक शिक्षा, नई सड़क, सेतु निर्माण, ओडीओपी योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, अनुसूचित जाति जनजाति छात्रवृत्ति योजना पर चर्चा की गयी और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव ने दिव्यांगजन प्रमाण पत्र बनने की समस्या को रखा। प्रभारी मंत्री ने सीएमओ को दिव्यांग प्रमाण पत्र पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जबकि डीएम ने दो वर्ष में कितने प्रमाण पत्र बनाये उसकी जानकारी मांगी।

# बेटियों को आत्मरक्षा के लिए किया गया प्रशिक्षित

**0 बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं की दी जानकारी**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिलाधिकारी के दिशा-निर्देशों पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण में ग्राम आटा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय व कस्तूरबा बालिका विद्यालय सरथल खेड़ा की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें, प्रशिक्षक सुरेश कुमार, पूर्वी व रिद्धिमा ने छात्राओं व लेग राइज, साइड किक, नकल पंच आदि की ट्रेनिंग दी, सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राएं सेल्फ डिफेंस सीखने के लिए काफी उत्साहित हैं, जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाई स्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृति, मुख्यमंत्री बाल सेवा आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। ताकि बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी और पात्र महिलाओं/बालिकाओं को योजनाओं का लाभ मिल सके।



सम्भल-आत्म रक्षार्थ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत प्रशिक्षिण लेती बेटियां

# हिंदू सम्मेलन में समाज में एकजुटता का संदेश

**0 स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मनमोहा**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** विराट हिंदू सम्मेलन में समाज को एकजुट होने का संदेश दिया गया।

उप नगरी सरायतरीन के लाडम सराय बस्ती में आयोजित सम्मेलन के मुख्य अतिथि सच्चिदानंद शास्त्री (श्रृषिकेश) ने समस्त हिंदू समाज को अपने समाज में एकजुटता का लाने का संदेश दिया। जबकि मुख्य वक्ता डा. विशेष कुमार गुप्ता ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री राम केहर आर्य के आशीष वचन के साथ कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम के बीच में स्वामी दयानंद सरस्वती विद्या मन्दिर आर्य समाज एवं बी डी इंटर कालेज कालेज सरायतरीन के बच्चों ने सुंदर प्रस्तुति से सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम का संचालन सीमा आर्य ने किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था में वासु वार्ष्णेय, मुकेश गोयल, गोपी, प्रदीप, टिंकू, सौरभ, शोभित, सरनाम, नीरज, सुमित श्याम, पुष्पेंद्र, विकाश आदि रहे।




सम्भल-लाडम सराय में हिंदू सममेलन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देती बालिकाएं।

# जेकेईटी कॉवेंट में कक्षा 12 के विद्यार्थियों का हुआ विदाई समारोह

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** जे.के.ई.टी. कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं भावनात्मक वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत भाषण से हुआ।

विद्यालय के कनिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, एवं मनोरंजक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिससे कार्यक्रम अत्यंत आकर्षक बन गया। विद्यार्थियों ने अपने स्कूल जीवन से जुड़ी यादें साझा कीं, जिससे वातावरण भावुक हो गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर उमेश यादव ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा उन्हें परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12 विज्ञान वर्ग से गौरव कुमार को मिस्टर फेयरवेल तथा कक्षा 12 वाणिज्य वर्ग से निकिता वार्ष्णेय को हमिस फेयरवेल चुना गया। दोनों विद्यार्थियों को उनके आत्मविश्वास एवं प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने विद्यालय, शिक्षकों एवं साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। विदाई समारोह सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। स्टाफ मौजद रहा।




बबराला- जे के ईटी में साथी छात्राओं को समारोह पूर्वक विदाई देते।

# जनपद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई कनिष्ठ सहायक पद की लिखित परीक्षा



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित कनिष्ठ सहायक पद की लिखित परीक्षा रविवार को मुरादाबाद जनपद में शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क नजर आया और सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा कराई गई।जनपद में यह परीक्षा कुल 28 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा के लिए 12,480 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित था। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पूर्व सघन तलाशी, बायोमेट्रिक सत्यापन एवं दस्तावेज जांच के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी गई। नकल रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमण करते रहे।परीक्षा केंद्रों में अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज, अंसार इंटर कॉलेज, बलदेव आर्य कन्या इंटर कॉलेज, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, एसएसबी इंटर कॉलेज, हिंदू डिग्री कॉलेज, हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज, केजीके पीजी कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज, मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज, महारा. जा अग्रसेन इंटर कॉलेज सहित अन्य विद्यालय शामिल रहे। केंद्रों के बाहर भी पुलिस बल की तैनाती की गई ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी या अनुचित साधनों के प्रयोग की सूचना नहीं मिली। परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिससे अभ्यर्थियों में भी संतोष देखने को मिला।

# आठ मार्च को खत्री हितकारिणी सभा की ओर से होली मिलन एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का किया जाएगा आयोजन

**मुरादाबाद।** खत्री हितकारिणी सभा की ओर से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली मिलन एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम दिनांक 08 मार्च रविवार को शहनाई मंडप, सिविल लाइन, में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न होगा।सभा के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर खत्री समाज के 75 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके पुरुष एवं महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के ऐसे स्वजातीय दंपतियों को भी विशेष सम्मान प्रदान किया जाएगा, जिनके विवाह को 50 वर्ष अथवा उससे अधिक समय पूर्ण हो चुका है। यह सम्मान समाज के वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान और दांपत्य जीवन की मिसाल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिया जाएगा।सम्मान के लिए इच्छुक पात्र व्यक्तियों अथवा दंपतियों की जानकारी 02 मार्च 2026 तक संस्था को उपलब्ध कराना अनिवार्य है। इच्छुक सदस्य संस्था के व्हाट्सएप ग्रुप अथवा दिए गए मोबाइल नंबर पर आवश्यक विवरण भेज सकते हैं।आज आयोजित सभा की बैठक में सर्वश्री राकेश कुमार टंडन, राजेंद्र कुमार टंडन, संदीप खन्ना एडवोकेट, दीपक टंडन, मुकेश टंडन, हरि गोपाल कपूर, अशोक कुमार मेहरोत्रा, अमित मल्होत्रा, अनिल खन्ना, विनीत मेहरोत्रा, मनोज टंडन, विजय टंडन सहित श्रीमती आंशु बागई, ममता टंडन, पूजा खन्ना, आरती कपूर, प्रियंका टंडन, जय श्री खन्ना, राजेंद्र कपूर, रूपाली मल्होत्रा आदि सदस्य उपस्थित रहे।



# अधिवक्ता एकता मंच की बैठक में अधिवक्ता राजू गुप्ता को झूठे फंसाए जाने पर हुई चर्चा

**बिलारी।** ढकिया नरू के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क पर अधिवक्ता एकता मंच की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें अधिवक्ता हितों को लेकर चर्चा हुई। वहीं मंच से जुड़े अधिवक्ता राजू गुप्ता को रंजीशन झूठा फंसाए जाने पर अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखकर विरोध प्रकट किया और प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की उठाई गई। रविवार को हुई बैठक में अधिवक्ता राजू गुप्ता पर दर्ज हुए मुकदमे को लेकर लेकर कहा कि उनके विरुद्ध झूठा मुकदमा दर्ज किया गया। जिसकी पुलिस प्रशासन में अभी तक कोई जांच नहीं की और अधिवक्ता को जेल भेज दिया, कहा कि इस मामले की इस मामले की निष्पक्ष जांच के अलावा अधिवक्ता हितों पर बल दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से सतीश पाल सिंह, जसपाल सिंह,नफीस अहमद, आफाक हुसैन, शोभित गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, मुनेंद्र पाल सिंह, मोहम्मद रफी, आदेश कुमार सक्सेना, संतोष कुमार आदि सहित अनेकों अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष चौधरी लखन वीर सिंह व संचालन आदेश सक्सेना एडवोकेट ने किया।

## एक नजर

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की वर्षगांठ पर हिंदू विराट सम्मेलन का आयोजन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वी वर्षगांठ पर चल रहे हिंदू विराट सम्मेलन की श्रृंखला में आज छजलैट खंड के क्षेत्र महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में डॉक्टर दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचे मुख्य अतिथि उपेंद्र सिंह ने आरएसएस की स्थापना और इसके कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व की रक्षा करने के लिए हम सबको एकजुट रहना होगा उन्होंने बताया कि देश की आजादी में हिंदुओं का बहुत बड़ा योगदान था लेकिन जो चंद दूसरे वर्ग के लोग इसमें शामिल हुए वह हिंदुस्तान पर राज करना चाहते थे हिंदुत्व और हिंदुस्तान को बचाने के लिए ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की गई और यह तभी से अपना काम कर रहा है। कार्यक्रम में पहुंचे स्वामी प्रवणानंद महाराज एवं अन्य संतों ने भी हिंदुत्व पर प्रकाश डालते हुए एक जुटता का आवाहन किया। संचालन सत्यवान राजपूत ने किया इस मौके पर काफी संख्या में महिला और पुरुष मौजूद रहे।

# शनि देव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पर भंडारे का आयोजन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** श्री देवानंद देव स्वरूप निष्कलंक महाराज के आश्रम परिसर में स्थापित शनि मंदिर में शनि महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद आश्रम पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे महिला पुरुष और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया बताया गया कि शनि महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 3 दिन से धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा था और विधिवत आज मूर्ति को मंदिर में स्थापित कर दिया गया जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भाग लिया और शनि महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर आयोजित भंडारे में काफी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया मुख्य आयोजन निपेंद्र कसाना के सौजन्य से आयोजित किया गया।

# पिंजरा लगाकर तेंदुएं को पकड़ने की ग्रामीणों ने की मांग

## प्राथमिक विद्यालय के पास से बकरी को उठा ले गया था तेंदुआ, स्कूल जाने से कतरा रहे मासूम बच्चे

शाह टाइम्स

**डिलारी।** क्षेत्र के गांव राजपुर केसरिया मंझरा पिपली में बीती शनिवार की बीते रात रोहताश सिंह कि घर में बंधी बकरी को तेंदुआ उठाकर ले गया था।

घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर मनीष यादव के यूकेलिप्टस के वाड़े में बकरी को अपने मौका निवाला बनाया था, इस घटना से गांव के बच्चे और लोगों में दहशत का माहौल है तेंदुआ बकरी को प्राइमरी स्कूल के पास रोहताश के घर से उठा ले गया था जिसमें प्राइम. री स्कूल को जाने वाले बच्चे डरे हुए हैं क्योंकि स्कूल खुला है और बाउंड्री वॉल नहीं है स्कूल के पास में ही खेत है जिसमें सरसों और गेहूं की फसल है स्कूल को जाने वाले बच्चों में डर का माहौल बना है वही खेतों में काम करने वाले लोगों ने बताया कि जंगल में तेंदुआ लगातार देखा जा रहा है जिसमें आज फिर गांव पिपली में वन विभाग की टीम पहुंची वन दरोगा संजय कुमार चौहान, और दीपेंद्र चौधरी वन रक्षक पहुंचे। वन दरोगा संजय कुमार चौहान ने बताया कि किसान अगर जंगल को जाएं तो हाथ में लाठी डंडे लेकर जाएं और एक साथ कई लोग ही जंगल को जाएं। छोटे बच्चे जंगल के आसपास ना खेलें और जंगल को न जाएं क्योंकि जब तक तेंदुआ नहीं पकड़ा जाता आप सभी को सावधानी बरतनी होगी।



जिसमें ग्रामीण राकेश कुमार, राजवीर सिंह, विजय सिंह, अफसर अली ठेकेदार, साजिद अली, रो. हताश सिंह व ग्रामीणों ने पिंजरा लगातार तेंदुए को पकड़ने की मांग की है, वही वन विभाग की टीम ने जल्द ही पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने का आश्वासन दिया है।

# शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर श्रद्धालुओं ने किया प्रदर्शन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** शनि मंदिर से कुछ दूरी पर स्थापित शराब की दुकान हटाने की मांग आज श्रद्धालुओं ने उठाई और कहा कि इस दुकान को किसी दूसरी जगह स्थापित कराया जाए निपेंद्र कसाना सहित मंदिर पर आए श्रद्धालुओं का कहना था की धार्मिक स्थल से 500 मीटर की दूरी पर मदिरा की दुकान नहीं खोली जा सकती लेकिन यहां पर पहले से ही आश्रम स्थापित है इसके बावजूद भी यहां पर दुकान स्थापित करके मंदिर की गरिमा को भंग करने का काम किया जा रहा था। मगर अब शनि महाराज का मंदिर बिल्कुल सड़क किनारे बनकर तैयार हो चुका है और अब शराब की दुकान का हटाया जाना नितांत आवश्यक है उन्होंने कहा कि दुकान के पास बैठकर मदिरा पीने वाले मंदिर की गरिमा को भी भंग करने का काम कर सकते हैं लोगों ने आज दुकान हटाए जाने की मांग उठाई और कहा कि इसके लिए जिन अधिकारियों के पास भी जाना पड़ा जाएंगे।

# मदरसे में बच्चों को किया गया सम्मानित



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** मदरसा फैजुर रसूल शेख अब्दुल हक मोहदिस देहलवी स्थित मोहल्ला गफ्फार नगर करूला में एक दस्तारबंदी का जलसा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नईमुलदीन साहब थे। ?इस मौके पर हिफ्जोकुरान की दस्तारबंदी हुई और छह हाफिजों - अदन्ना रजा, जिसान रजा, हारून साहब, फरीद साहब, आकिफ साहब और मोहम्मद जीसान साहब को सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में पार्षद नसीम पाशा, मदरसे के संस्थापक महबूब अली नईम, मोहम्मद हारुन नईमी, मरगूब आलम, मौलाना तालिब, कातिब दूल्हा कारी इंतेखाब, इमाम मोहम्मद हुसैन नईम आदि लोग मौजूद रहे। इस मौके पर मुल्क की तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की गई।

# आर्य समाज संत रविदास की विचारधारा को आगे बढ़ा रहा है: रमेश आर्य एडवोकेट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग का आयोजन किया गया इस अवसर पर पंडित वीरेंद्र आर्य ने वैदिक रीति से अरबिंद आर्यबंधु की यज्ञमानी में यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात शिवम् आर्य ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किये। सत्यार्थ प्रकाश का पाठ करते समाज के मंत्री रमेश आर्य ने बताया कि संत रविदास की जयंती हमें जहां विपरीत परिस्थितियो में साहस और आत्मविश्वास के साथ जीने की शिक्षा देती है वहीं कर्तव्यनिष्ठा का भी संदेश रविदास जी के कार्यों से मिलता है।



उनका सिले जूते का चमड़ा फट जाता था लेकिन सिलाई नहीं खत्म होती थी। ऐसी कर्तव्यनिष्ठा समाज में विश्वास और सम्मान की भावना जगाती है। रविदास जी की जातिवाद की भावना को समाप्त करने की विचारधारा को आर्य समाज आज भी आगे बढा रहा है। महर्षि दयानंद सरस्वती से लेकर आर्य समाज लगातार जातिवाद को समाप्त करने के लिए सतत् प्रयत्नशील है। जातिगत की समाप्ति से ही समतामूलक समाज की परिकल्पना की जा सकती हैं।

जातिगत और छूआछूत समाज मे विभाजन और वैमनस्यता को बढ़ाते हैं। सतीश चंद्र मदान ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रधान डा अभय श्रोत्रिय डा आलोक कुमार अरविन्द आर्यबंधु, मयंक आर्य निर्मल आर्य राकेश कुमार आर्य रविंद्र आर्य निपेंद्र आर्य निहाल सिंह आर्य राजपाल सिंह नागर दिनेश आर्य रामपाल सिंह आर्य, सुनील कुमार ज्ञान प्रकाश आर्य अमित आर्य खुशबू आर्य , सुमित आर्य आदि उपस्थित रहे।

# टीएमयू के फॉरेंसिक स्टुडेंट्स ने पुलिस अकादमी का भ्रमण कर समझा समन्वय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के फॉरेंसिक विज्ञान विभाग की ओर से डॉ. भीमराव आम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद के शैक्षिक दौरे में छात्रों ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कार्यप्रणाली के संग-संग आपराधिक जांच में फॉरेंसिक विज्ञान के वास्तविक जीवन में अनुप्रयोगों की बारीकियों को समझा। टीएमयू के फॉरेंसिक छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने अकादमी के इतिहास, संग्रहालय, हथियार गृह, फॉरेंसिक प्रयोगशाला, पुस्तकालय, मिग-21 विमान का अवलोकन भी किया। इससे पूर्व फॉरेंसिक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नवनीत कुमार ने डॉ. भीमराव आम्बेडकर पुलिस अकादमी के डायरेक्टर जनरल श्री राजीव सभरवाल से भेंट करके कुलाधिपति श्री सुरेश जैन की ओर से उन्हें तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी आने के लिए आमंत्रित किया। शैक्षणिक भ्रमण में शामिल इन 66 छात्रों ने अपराध स्थल प्रबंधन, साक्ष्य संकलन, संरक्षण प्रक्रियाओं, कानूनी प्रथाओं और पुलिस प्रशिक्षण प्रणाली से अपडेट हुए। इस शैक्षिक संवाद में फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स और पुलिस ऑफिसर्स के बीच समन्वय को टीएमयू के छात्रों ने समझा। अंत में प्राचार्य ने उप पुलिस महानिरीक्षक श्री विकास कुमार बैद्या का भी शुक्रिया अदा किया। शैक्षिक यात्रा में फॉरेंसिक के एचओडी श्री रवि कुमार, श्री योगेश कुमार, श्रीमती सौम्या त्रिपाठी के संग-संग रिसर्च स्कॉलर अजय प्रताप सिंह आदि शामिल रहे। पुलिस उप-अधीक्षक श्री हरेंद्र सिंह यादव ने अपनी टीम के साथ छात्रों को अकादमी का भ्रमण कराया। अकादमी के श्री पुष्कर कुमार शर्मा, श्री पंकज तोमर की भी उल्लेखनीय भूमिका रही।



# संत रविदास जयंती पर नगर में शोभायात्रा का आयोजन आसपास के गांव में भी मनाई गई संत रविदास जयंती

**कांठ ( शाह टाइम्स )** संत रविद. ास जयंती आज क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाई गई इस दौरान नगर के संत रविदास मंदिर महमूदपुर माफी मंदिर सिरसा ठाट और डुडेला आदि गांव में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नगर में कई दिनों से चल रहे धार्मिक कार्यक्रम के आयोजनों के उपरांत आज दोपहर को गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें आए वक्ताओं ने संत शिरोमणि गुरु रविदास के बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास के आदर्श पर चलने वाला व्यक्ति ही महान कहलाता है। इसके बाद शाम को शोभा यात्रा आयोजित की गई महमूदपुर माफी गांव से निकाली गई शोभायात्रा कांठ के संत रविदास मंदिर पर पहुंची और वहां से पूरे नगर में शोभा यात्रा निकालकर अपने गंतव्य पर इनका समापन किया गया। इस अवसर पर शोभायात्रा में शामिल और देखने वालों की भारी भीड़ नगर में रही सुरक्षा के लिए कांठ के अलावा अन्य थानों की फोर्स को भी तैनात किया गया था।



# मदरसा नुरुल उलूम में दस्तार बंदी का हुआ आयोजन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मदरसा नुरुल उलूम में दस्तार बंदी का आयोजन किया गया जिसमें पहुंचे मेहमाने खुशबू सी मुफ्ती तौहीद साहब उस्ताद मदरसा शाही मुरादाबाद ने चार बातों का इजहार किया उन्होंने कहा कि नबी करीम मोहम्मद साहब ने फरमाया ए लोगों दूसरों के काम आने वाले बन जाओ, नजीबाबाद से आए मुफ्ती मोहम्मद इस्लामुद्दीन मजाहिरी ने कहा कि अल्लाह ताला ने हाफिज ए कुरान के लिए बड़ी कामयाबी रखी है हाफिज कुरान ऐसे 10 आदमियों को जन्नत में दाखिल करने का हक रखेगा जिस पर जहन्नुम वाजिब हो चुकी हो, अतरासी से आए मुफ्ती मोहम्मद अरमान साहब ने कहा कि अल्लाह पाक है तो अल्लाह ताला भी चाहता है कि उसके बंदे भी पाक साफ रहे इजलास का आगाज कारी अब्दुल बासित मुतल्लिम मदरसा शाही मुरादाबाद की तिलावत से हुआ और जलसे की सदारत मौलाना यामीन साहब ने फरमाई, निजामत मुफ्ती मोहम्मद हारून साहब की रही। मुफ्ती अनवार अहमद साहब की सरपरस्ती से इजलाज मुकलम हुआ इस मौके पर हाजी बशीर अहमद डॉक्टर इस्लाम हाजी ताहिर हाजी रईस अहमद हाजी शरीफ सिद्दीकी मो. इरशाद मोहम्मद इरफान हाजी अब्दुल लतीफ आदि मौजूद रहे। आखिर में मदरसे के नाजिम कारी अब्दुल समी साहब ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# संत शिरोमणि रविदास व संत नरहरी दास की मनाई जयंती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी महानगर मुरादाबाद द्वारा आज महानगर कैंप कार्यालय, मकबरा फाटक पर संत शिरोमणि रविदास एवं संत नरहरी दास (सोनार) की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों संतों के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री युवा हृदय सम्राट श्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार किया गया। वक्ताओं ने संत रविदास जी एवं संत नरहरी दास जी के जीवन, उनकी सामाजिक समरसता, समानता, भाईचारे और मानवता के संदेश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी समाज को एकता, सद्भाव और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्री इकबाल हुसैन अंसारी ने की तथा संच. ालन डॉ. सोमवीर यादव ने किया। इस अवसर पर राशिद हुसैन अंसारी (महानगर अध्यक्ष, मजदूर सभा), सलीम वारसी, लालू परवेज, शमशाद हुसैन अंसारी, शननू भाई साहब, मोहम्मद उमेर, शाहिद अली, मोहम्मद कामिल, मोहम्मद वासिफ, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद वसीम, असद खान, बिलाल मालिक, अरबाज फैसल, मोहम्मद शमशाद, मसरूर हसन, मोहम्मद शरीफ, फरमान खान, जुनेद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में महानगर अध्यक्ष श्री इकबाल हुसैन अंसारी ने कहा कि संत रविदास जी और संत नरहरी दास जी ने समाज को समानता, प्रेम और मानवता का जो संदेश दिया, वह आज के समय में और अधिक प्रासंगिक हो गया है।



उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से सामाजिक न्याय, भाईचारे और कमजोर वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का कार्य करती रहेगी। श्री अंसारी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संतों की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें। इसी अवसर पर संगठन को सशक्त करने के उद्देश्य से महानगर अध्यक्ष श्री इकबाल हुसैन अंसारी द्वारा वार्ड संख्या 45 के अध्यक्ष पद पर मोहम्मद उमेर की नियुक्ति की घोषणा की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं दीं।अंत में सभी ने संतों के आदर्शों पर चलने तथा समाज में प्रेम, भाईचारे और सामा. जिक न्याय को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## संबंध विच्छेद सूचना

मैं श्रीमती कोमल रानी पुत्री विनोद कुमार निवासी कस्बा डिलारी जिला मुरादाबाद की हूं। अपने पूरे होशो हवास में घोषणा करती हूं कि मैंने अपने पति मोहित कुमार पुत्र रमेश सिंह निवासी गूंगा नगला थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद से वैवाहिक संबंध विच्छेद कर लिए है। कोई लेनदेन शेष नहीं है, मोहित कुमार अपना जीवन अपनी इच्छा से जीने के लिए स्वतंत्र है, मोहित के किसी भी कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। पुत्र अक्ष आयु 5 वर्ष मेरे पास रहेगा। सभी सूचित होवे। श्रीमती कोमल रानी पुत्री विनोद कुमार निवासी कस्बा डिलारी जिला मुरादाबाद।

## खोया पाया सूचना

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1240599173 का प्रमाण पत्र -सह-अंकपत्र वास्तव मे कहीं खो गया है।
**मौ० फरमान पुत्र मौ०असलम निवासी ग्राम राजूपुर कलां ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र मुकीम को उसके अभद्र व्यवहार व गलत संगत में पडने के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए उससे संबंध विच्छेद कर लिए हैं उसके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे बाकी परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं होगा। **नईमुद्दीन पुत्र शमसुद्दीन, मोहल्ला नसीराबाद उमरी कला, तह. कांठ, जिला मुरादाबाद।**

# शराबी पति की हैवानियत से पीड़िता परेशान मारपीट कर दी जान से मारने की दी धमकी

**ठाकुरद्वारा।** महिला ने अपने पति पर शराब के नशे में आए दिन मारपीट, गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगते हुए कोतवाली पुलिस से पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करनावाला जब्ती निवासी स्वाति पत्नी भानू प्रताप ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका पति भानू प्रताप शराब व नशे का आदी है और घर खर्च के लिए कोई पैसा नहीं देता। आरोप है कि वह घर में रखा सामान बेच देता है तथा आए दिन घर में तोड़फोड़ करता रहता है। पीड़िता का एक आठ माह का पुत्र भी है। पीड़िता ने बताया कि 31 जनवरी की रात करीब सात बजे उसका पति शराब के नशे में घर आया और आते ही गाली-गलौच करने लगा। विरोध करने पर आरोपी पति ने लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट की और पीड़िता का सिर दीवार में मार दिया, जिससे वह घायल हो गई। शोर मचाने पर आरोपी ने कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका पति दबंग किस्म का व्यक्ति है, जिससे उसे अपनी जान का खतरा बना हुआ है। जीसपर पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## घायल मंदबुद्धि महिला की उपचार के दौरान मौत

**ठाकुरद्वारा।** नगर में मंदबुद्धि महिला को करीब चार दिन पूर्व अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है।

नगर में काफी समय से काफी दिन से एक मंदबुद्धि महिला घूम रही थी। करीब चार दिन पूर्व अज्ञात वाहन चालक ने महिला को टक्कर मार दी। जिसमें महिला घायल हो गई। समाज सेवी ने 108 एबुलेंस को सूचना दी। जिसमें घायल महिला को 108 एबुलेंस की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। शनिवार को घायल मंदबुद्धि महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला की काफी शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन कोई शिनाख्त नही हुई। तो पुलिस ने अज्ञात मे कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है ।

# पत्रकार गुड्डू ने थामा कांग्रेस का दमन समर्थकों के साथ कांग्रेस में हुए शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव अहमदनगर जेतबाड़ा में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा सदस्यता समारोह का आयोजन किया गया। पत्रकार गुड्डू ने अपने समर्थको के साथ कांग्रेस का दमन थाम लिया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गांधी जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। समारोह को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने आगामी चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति और नीतियों पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से आम जनता की समस्याओं को लेकर संघर्ष करती आई है और आने वाले चुनाव में जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, किसानों की



समस्याएं और महंगाई जैसे विषय कांग्रेस के मुख्य एजेंडे में रहेंगे। जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर ने कहा कि कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना होगा। ब्लॉक अध्यक्ष मुनीफ तुर्की ने संगठन को और मजबूत करने पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर गुड्डू पाशा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अयाज खान, ज्याबुल पाशा, जिला उपाध्यक्ष चौधरी एहसान खान, आफताब, फुरकान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। समारोह में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला।

## एक नजर

### नहीं रहे सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य चौधरी ओमपाल सिंह का हृदय गति रुकने से निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**कुंदरकी।** मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाना के पूर्व प्रधानाचार्य एवं शिक्षा जगत के वरिष्ठ शिक्षक चौधरी ओमपाल सिंह (82) का शनिवार को हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से कुंद.



रकी और बिलारी तहसील क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।बचौधरी ओमपाल सिंह वर्ष 1970 में मदन स्वरूप इंटर कॉलेज हरियाना के प्रधानाचार्य बने और वर्ष 2007 में सेवानिवृत्त हुए। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने सीमित संसाधनों से विद्यालय की नींव रखकर उसे एक सशक्त शैक्षणिक संस्थान के रूप में स्थापित किया। उनके प्रयासों से कॉलेज का भव्य भवन, प्रशासनिक ब्लॉक और क्रीड़ा स्थल विकसित हुआ तथा छात्र संख्या हजारों तक पहुंची। उनके मार्गदर्शन में पढ़े कई विद्यार्थियों ने जिला व मंडल की मेरिट में स्थान प्राप्त किया। अनुशासनप्रिय, ईमानदार और सरल स्वभाव के धनी चौधरी ओमपाल सिंह शिक्षा के प्रति आजीवन समर्पित रहे। सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने दूरस्थ ग्रामीण अंचल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जे. के. चिल्ड्रन अकादमी की स्थापना की, जहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। भैंसोण गांव के संभ्रांत परिवार में जन्मे चौधरी ओमपाल सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी से भी जुड़े रहे। उन्होंने वर्ष 1991 में बिलारी विधानसभा से चुनाव भी लड़ा। उनके बड़े भाई चौधरी लल्लू सिंह कई बार कुंदरकी के ब्लॉक प्रमुख रहे हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार को उनके पैतृक गांव भैंसोण में किया जाएगा। उनके निधन पर समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, पूर्व छात्रों और क्षेत्रवासियों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को न्याय दिलाना प्रथम प्रार्थमिकता: नबी अहमद

**कुंदरकी।** प्रदेश अध्यक्ष मंत्री प्रतिनिधि खुर्शीद आलम प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम नबी अहमद खान की प्रथम प्रार्थमिकता है कि समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को न्याय, सम्मान, और अधिकार दिलाने व संगठन को





मजबूत करने पर हैं तथा जो माननीय कैबिनेट मंत्री /राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर जी द्वारा समावेशी विकास, मदरसा आधुनिकीकरण, और केंद्र/राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अल्पसंख्यक समुदायों तक पहुंचाने पर जोर दिया है। उनकी योजनाओं में ष्जीरो पॉवर्टीष (शून्य गरीबी) के तहत गरीब परिवारों को आवास, राशन, शौचालय और पेंशन जैसी सुविधाएं शामिल हैं इन सभी चीजो का लाभ दिलाने का कार्य माननीय मंत्री प्रतिनिधि जी द्वारा किया जा रहा है वहीं अल्पसंख्यक समुदाय के लिए माननीय मंत्री जी के द्वारा कई योजनाओं पर जोर दिया गया जैसे मदरसा सुधार,गरीबी उन्मूलन,शैक्षिक वजीफा,प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम आदि कार्यों पर माननीय मंत्री द्वारा जोर दिया गया वहीं अल्पसंख्यक समाज को लगातार सुविधाओं को दिलाने के लिए अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम श नबी अहमद खान जी लगातार प्रयासरत रहते हैं।

### कुंदरकी के जीरो प्वाइंट पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

**कुंदरकी।** कुंदरकी थाना क्षेत्र के मुरादाबाद-अलीगढ़ मार्ग स्थित क्रिकेट अकेडमी वाले जीरो प्वाइंट के पास देर शाम एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक ट्रक के आगे फंसकर करीब 50 मीटर तक घिसटती चली गई। जानकारी के अनुसार बिलारी क्षेत्र के ग्राम तेवरखास निवासी अनस (17) पुत्र मोहम्मद अहमद, गुलाम कादिर (17) पुत्र रईस तथा सोइल पुत्र अबरार बाइक से अपने गांव से कुंदरकी जिम करने जा रहे थे। जैसे ही वे कुंदरकी के जीरो प्वाइंट के निकट पहुंचे सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को रौंद दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग बड़ी संख्या में जमा हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोइल की हालत गंभीर होने पर उसे बिलारी अस्पताल ले जाया गया। वहीं अनस और गुलाम कादिर को राहगीरों की मदद से कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही घायलों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बताया गया कि परिजनों ने ट्रक चालक को मौके पर ही रोक लिया।

### ट्रक ने रोड़वेज बस में मारी टक्कर परिचालन एक अन्य घायल

**मूंढापांडे (शाह टाइम्स, संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे जीरो प्वाइंट स्थित लक्ष्मीपुर कट्टई पुलिस के बराबर में ट्रक ने रोड़वेज बस में टक्कर मार दी, जिसमें दो लोग घायल हो गए, चालक इंतजार मेंहदी निवासी इकरोटिया थाना असमोली ने बताया कि मैं पीतलनगरी बस डिपो से लेकर निकला जीरो प्वॉइंट से दिल्ली की तरफ हाइवे पर चढ़ने के लिए चला तो रामपुर की तरफ से आ रहे ट्रक ने कंडक्टर साइड में टक्कर मार दी, जिससे रोड़वेज बस की परिचालक साइड क्षतिग्रस्त हो गई और परिचालक और एक अन्य सवारी घायल हो गई, अन्य सवारियां दूसरी बस में बैठ कर चली गई जबकि हल्की चोट लगने के कारण मरहम-पट्टी करा कर अपने घर चले गए, पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

### आयुष्मान कार्ड बनवाने की जिम्मेदारी भी उठाएंगे अब कोटेदार

**कांठ( शाह टाइम्स )** स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आशा, संगिनी और कोटेदारों की आईडी बनवाई जा रही है। शनिवार को सभी ब्लॉक पर आईडी बनवाने का कार्य किया गया सअधिकारियों के अनुसार शासन से मिली सूची इन लोगों को सौंप दी जाएगी।मुरादाबाद जनपद में 18 लाख लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने का लक्ष्य दिया गया था। इसमें 12 लाख से ज्यादा के कार्ड बन चुके हैं। करीब साढ़े पांच लाख लोगों के कार्ड बनने का कार्य बचा हुआ है। शासन ने 15 अप्रैल तक शेष कार्ड बनवाने के निर्देश दिए हैं। इसी कार्य की गति बढ़ाने के लिए एफएलडब्ल्यू (फील्ड लेवल वर्कर) आशा, संगिनी और कोटेदारों की आईडी और पासवर्ड बनवाने का कार्य किया जा रहा था। एक हजार आईडी बनवाने का लक्ष्य दिया गया। नोडल अधिकारी डॉ. राजीव शर्मा ने बताया कि इसके तहत एफएलडब्ल्यू के करीब 14 सौ आवेदन आए। देर रात तक 11 सौ आवेदन को सत्यापित कर दिया गया है। अब गांव-गांव जाकर पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा सकेंगे।

### संत रविदास की जयंती मनाई

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान संत शिरोमणि रविदास की जयंती सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल परिसर में श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाई गई, जहां मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने संत रविदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास दयालु, दानवीर तथा मानवतावादी विचारों के महान संत थे, जिन्होंने जातिगत भेदभाव का विरोध कर सामाजिक समरसता और समानता का संदेश दिया।

उन्होंने बताया कि संत रविदास के चालीस पद गुरु ग्रंथ साहिब में संकलित हैं, उनके गुरु स्वामी रामानंद थे, भक्त मीराबाई उनकी शिष्या थीं, उनका जन्म माघ पूर्णिमा 1377 ईस्वी को वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर गांव में हुआ था, पिता संतोख दास व माता कलसा देवी थीं, वे जूते बनाने का कार्य करते थे और पंडित शारदानंद की पाठशाला में शिक्षा प्राप्त की थी; कवि माधव मिश्र ने 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि संत रविदास का संदेश था कि भगवान ने इंसान को बनाया है और सभी को समान अधिकार हैं तथा मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है, इस अवसर पर डॉ. महेश कुमार गुप्ता, डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता, सुरेशचंद्र शर्मा, डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. नितिन कौशिक, अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय, अनमोल मिश्रा, हिमांशु यादव, विकास यादव, शिवकुमार, अफजल खान, शोभा यादव, सरोज कुमारी, सपना, अश्विनी, रितु कुमारी, कासिम, केशव यादव आदि मौजूद रहे।

# बरेली-बांदीकुई पैसेंजर ट्रेन के पुनः संचालन पर जताई खुशी

**चन्दौसी।** कोरोना काल के दौरान बंद की गई बरेली-बांदीकुई पैसेंजर ट्रेन के पुनः संचालन से नगर व आसपास के क्षेत्र के यात्रियों में खुशी का माहौल है। लंबे समय से इस रूट पर किसी भी अन्य ट्रेन का संचालन न होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब ट्रेन के चलने से आमजन को बड़ी राहत मिली है। ट्रेन के पुनः संचालन की खुशी में अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई की ओर से रविवार को रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर सहित अन्य रेलवे कर्मचारियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

रविवार को संगठन के पदाधिकारी रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने माल्यार्पण कर रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि बांदीकुई पैसेंजर ट्रेन के संचालन से सबसे अधिक लाभ मेहंदीपुर बालाजी धाम की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को होगा। साथ ही बरेली से बांदीकुई के बीच यात्रा करने वाले दैनिक यात्रियों को भी अब सुगम सुविधा मिल सकेगी।

बताया कि यह पैसेंजर ट्रेन बरेली से बांदीकुई के बीच नियमित रूप से संचालित होगी। व्यापारियों और यात्रियों ने ट्रेन के दोबारा चलने पर रेलवे प्रशासन का आभार जताया और इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस दौरान सभासद अमन कोरी, ऋषभ रस्तोगी, सपाम, निशांत शर्मा, गोविन्द वार्ष्णेय, आयुष वार्ष्णेय, रितिक वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं कुष्ठ पखवाड़ा के क्रम में वृद्ध आश्रम मिलन विहार में कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रिटी किड्स स्कूल की सह प्राचार्य श्रीमती प्रीति मिश्रा एवं श्रीमती प्रीति कत्याल के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम में आश्रम में रहने वाले वृद्ध जनों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

इस अवसर पर बोलते हुए जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ0 भास्कर अग्रवाल ने बताया कि कुष्ठ रोग एवं रोगी दोनों से घबराने की आवश्यकता नहीं है. जिसका उपचार बहुत आसान है एवं सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क उपलब्ध है। उपचार हो जाने के पश्चात मरीज में किसी प्रकार की विकलांगता उत्पन्न नहीं होती। ना हीं उसकी



उंगलियों हाथ पैर में कोई समस्या आ सकती है। भारत सरकार द्वारा 2027 तक कुष्ठ रोग को पूर्णता समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामान्य जन के सहयोग की बहुत अधिक आवश्यकता है। उन्होंने आश्रम के लोगों को बताया कोई ऐसा मरीज जिसके शरीर पर गांठे उत्पन्न हो गई हैं उसे बुखार भी आता है उसका शरीर सुजा हुआ है कान पर गांठे उत्पन्न हो गई हैं तो यह लक्षण भी कुष्ठ रोग के हो सकते हैं।

ऐसे किसी व्यक्ति के मिलने पर उसे निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराने के लिए तुरंत प्रेरित करें। डॉक्टर नीतिका अग्रवाल ने भी लोगों को कुष्ठ के संबंध में जागृत किया।

कार्यक्रम के आयोजन में आश्रम की चीफ वार्डन स्नेहे सिंह का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ विश्वास, देवेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, मनोज ठाकुर, सभासद निहाल सिंह लाठर, सुमित गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मंदिर पर बुलाकर की मारपीट अज्ञात सहित एक पर नामजद एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मंदिर पर बुलाकर ग्रामीण के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने नामजद सहित अज्ञात पर एफआईआर दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव सुंदरपुर चाऊपुरा निवासी निखिल शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा का आरोप है कि 31 जनवरी को शाम प्रशांत शर्मा पुत्र सत्येंद्र शर्मा चक छावि ने उसके नंबर पर फोन करके गांव के मंदिर पर बुलाया था जैसे ही वह मंदिर पर पहुंचा वहां पहले से मौजूद प्रशांत और उसके तीन अज्ञात साथियों ने लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा फिर भी वह लोग उसे मारते पीटते रहे शोर मचाने पर गांव के लोग आए तो वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए और कहा कि इस बार तो बच् लेकिन अगली बार नहीं बचेगा पीडित थाने पहुंचा और अपनी शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने प्रशांत सहित अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में आयोजित 'इंटरनेशनल कांफ्रेंस' में आईएफटीएम विश्वविद्यालय की छात्रा हुई पुरस्कृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में बी.फार्मा., चतुर्थ वर्ष में अध्ययनरत छात्रा अनुश्री संजीवन ने 'गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय', हरिद्वार, उत्तराखण्ड में आयोजित 'इंटरनेशनल कांफ्रेंस' में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया है।

छात्रा अनुश्री को यह पुरस्कार उत्कृष्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रस्तुति हेतु प्रदान किया गया। इस कांफ्रेंस में देश और विदेश के लगभग 500 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया। पोस्टर प्रेजेंटेशन के निर्णायक मंडल ने विभिन्न मापदंडों को ध्यान में रखते हुए प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार की घोषणा की। छात्रा अनुश्री ने पोस्टर प्रेजेंटेशन में एक अत्यंत ही महत्पूर्ण विषय को प्रदर्शित किया,





जिसमें उन्होंने नई-नई दवाइयों की जांच जेब्रा नामक मछली के ऊपर कैसे की जा सकती है, उसको दर्शाया। अनुश्री ने बताया कि ज्यादातर दवाइयों की जांच चूहों, खरगोश आदि जानवरों के ऊपर की जाती है, परन्तु इन जानवरों की कम उपलब्धता एवं अधिक मूल्य के कारण अब जेब्रा नामक मछली के ऊपर विभिन्न प्रकार के शोध किये जा रहे हैं। इस इंटरनेशनल कांफ्रेंस में मलेशिया, फ्लोरिडा (यू.एस.ए.) आदि अन्य कई देशों के विशेषज्ञों ने लेक्चर दिए तथा दवाइयों के उपयोग के बारे में बहुत सारी जानकारियां साझा कीं। पुरस्कार के रूप में छात्रा को प्रशस्ति पत्र के साथ ही 1500 रुपये की धनरा. शि भी चेक के रूप में प्राप्त हुई।

कांफ्रेंस के दौरान फार्मेसी कौंसिल ऑफ इंडिया की एक्सिक्यूटिव समिति के सदस्य डॉ. आकाश वेद, डॉ0 शिवा नंद पाटिल एवं एसोसिएशन ऑफ फार्मास्यूटिकल टीचर्स उत्तराखंड ब्रांच के अध्यक्ष डॉ. राजीव शर्मा के अलावा कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर आईएफटीएम विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने छात्रा अनुश्री को इस उपलब्धि हेतु बधाई देते हुए भविष्यमयी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे छात्र एवं छात्राएं हमेशा ही अपनी प्रतिभा के लिए सम्मानित होते रहे हैं।

## सिद्धार्थ बुद्ध बिहार में मनाई गई संत रविदास जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रविवार को सिद्धार्थ बुद्ध बिहार में महान संत रविदास की जयंती श्रद्धा एवं सादगी के साथ मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामरूप सिंह बौद्ध ने संत रविदास के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे पाखंडवाद के विरोधी थे तथा समानता और शिक्षा के प्रबल समर्थक रहे। उन्होंने बताया कि संत रविदास का जन्म वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर गांव में हुआ था, उनकी माता का नाम कालसी और पिता का नाम संतोषदास था। संत रविदास का संदेश था "ऐसा चाहूं राज में जहाँ मिले सबन को अन्न, छोट-बड़ो सब एक समान हो तब रविदास प्रसन्न।" इस अवसर पर हेमराज सिंह बौद्ध, पुष्पा बौद्ध, भगवत किशोर, सूरजपाल सिंह, ए.के. सिंह, कंचन बौद्ध, श्यामकली बौद्ध सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ निकली संत रविदास की भव्य शोभायात्रा झांकियों ने मोहा मन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** रविवार को सुरजन नगर की फिजा पूरी तरह भक्ति और सामाजिक समरसता के रंग में डूबी नजर आई। अवसर था संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती का, जिसके उपलक्ष्य में संत रविदास धर्मशाला कमेटी के तत्वावधान में एक विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र 'जय रविदास' और 'सतगुरु देव की जय' के उद्घोष से गुंजायमान रहा।घ्शोभायात्रा का औपचारिक और विधि-विधान से शुभारंभ पूर्व वरिष्ठ सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी रामपाल सिंह एवं वर्तमान ग्राम प्रधान वीर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर उन्होंने संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। अतिथियों ने कहा कि संत रविदास जी के विचार आज भी समाज को एकता और भाईचारे का संदेश देते हैं। रविदास धर्मशाला से जैसे ही शोभायात्रा शुरू हुई, ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बनता था। यात्रा जिस मार्ग से भी गुजरी, वहां मौजूद श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने छतों व रास्तों से पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया। नीले और पीले झंडों से सजी इस यात्रा ने पूरे नगर को उत्सव के रंग में सरोकार कर दिया।शोभायात्रा में शामिल सजीव झांकियां आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। विशेष रूप से शिव-गौरी के स्वरूप में नृत्य करते कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इसके अलावा मीराबाई और संत रविदास गुरु-शिष्य परंपरा को दर्शाती सुंदर झांकी।भारत माता और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की भव्य झांकियां-कृष्ण की मनमोहक झांकी के आगे श्रद्धालु झूमते नजर आए। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों और सामाजिक गीतों की धुन पर युवा थिरकते हुए और झंडे लहराते हुए चल रहे थे।शोभायात्रा रविदास धर्मशाला से प्रारंभ होकर झंडा चौक, ताज मार्केट, बस स्टैंड, पुलिस चौकी और होली चौक होते हुए वापस धर्मशाला पर संपन्न हुई। आयोजन की संवेदनशीलता और भव्यता को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सीओ आशीष कुमार एवं थाना प्रभारी मनोज परमार ने सुरक्षा व्यवस्था का खुद मोर्चा संभाला और मार्ग का औचक निरीक्षण किया। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में निपेंद्र भारती, आदित्य कुमार, मास्टर रामस्वरूप, और संजीव कुमार समेत कमेटी के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।



## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण

**चन्दौसी।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत ग्राम आटा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सरथल खेड़ा की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण ने बताया कि जिले के जूनियर हाईस्कूल व कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर छात्राओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृत्ति एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा जैसी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

# संत रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई, युवाओं ने उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा में संत शिरोमणि रविदास जी की 649 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। रविवार को नगर के अंबेडकर पार्क में अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ व बसपा कार्यकर्ताओं ने संत शिरोमणि गुरू रविदास के जन्म दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। नगर के अंबेडकर पार्क में संत रविदास की 649 वीं जयंती पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के संरक्षक व बसपा के जिला सचिव डॉ0 रामपाल सिंह गौतम ने उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत रविदास एक समाज सुधारक एवं छुआछूत व जाति वर्ण व्यवस्था के खिलाफ थे। सन् 1377 ई0 में वाराणसी जिले के गोवर्धन गांव में दलित जाति में जन्में संत रविदास के पिता का नाम संतोख दास एवं माता कलसा देवी था। इस अवसर पर डॉ0 रामपाल सिंह गौतम ने कहा कि संतो के संत जिनको संत शिरोमणि की संज्ञा दी गई उन्होंने विश्व को मन चंगा तो कटौती में गंगा का संदेश दिया। रविदास जी ऐसे संत थे जिनकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती क्योंकि उन्होंने अपने जीवनक. ाल में हमेशा समाज सुधार व समाज की कुरीतियों को नष्ट करने के लिए कार्य किए। उन्होंने पूरे विश्व में सामाजिक समरसता का संदेश प्रसारित किया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शेर सिंह सागर, अजय कुमार, अमित कुमार, ईश्वर सागर, धर्मेन्द्र कुमार, धर्मवीर सिंह, गोपाल सिंह, सुरेन्द्र कुमार, बंटी, सुशील कुमार, विशाल, डॉ0 संदीप कुमार, गौरव सागर आदि मौजूद रहे। वहीं क्षेत्र के गांव राजुपुर कला स्थित रविदास धर्मशाला से चंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में रविदास जयंती पर एक शोभायात्रा धूमधाम के गांव के मुख्य मार्गो से निकली गई। जिसका समापन हनुमान मूर्ति के निकट किया गया। कार्यक्रम में शिवलाल सिंह प्रीतम कुमार जगराज सिंहसुमित कुमारबिजेंद्र कुमार दिनेश कुमार मालू सिंह आदि मौजूद रहे।



ठाकुरद्वारा। गांव राजूपुर कला में रविदास जयंती पर शोभा यात्रा निकालते अनुयाई।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## विदर्भ ने उत्तर प्रदेश को चार विकेट से हराया

**नागपुर, वार्ता।** अमन मोखाड़े (83) और दानिश मालेवर (54) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत विदर्भ ने रविवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले के चौथे दिन उत्तर प्रदेश को चार विकेट से हराया। यहां विदर्भ ने कल 91 रन पर चार विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में 173 के स्कोर पर अमन मोखाड़े के रुप में विदर्भ का पांचवां विकेट गिरा। उन्हें शिवम शर्मा ने आर्यन के हाथों कैच आउट कराया। अमन मोखाड़े ने 150 गेंदों में 10 चौके लगाते हुए 83 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। मुकाबला जीतने के बेहद करीब विदर्भ को ध्रुव जुरेल ने दानिश मालेवर को विकेटकीपर आदित्य शर्मा के हाथों कैच आउट करा दिया। इसी ओवर की दूसरी गेंद पर नचिकेत भूटे ने छक्का लगाकर विदर्भ को चार विकेट से जीत दिला दी। उत्तर प्रदेश के लिए शिवम शर्मा ने चार विकेट लिए।

# देविका सिंहाग ने थाईलैंड मास्टर्स में जीता अपना पहला सुपर 300 खिताब



● **देविका सिंहाग ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया और फाइनल में मलेशियाई खिलाड़ी गोह जिन वेई को हराया**

**बैंकॉक, वार्ता।** भारत की देविका सिंहाग ने बड़े मंच पर शानदार तरीके से अपनी मौजूदगी दर्ज कराई, उन्होंने थाईलैंड मास्टर्स 2026 में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 खिताब जीता। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया और फाइनल में मलेशिया की गोह जिन वेई को हराया। 20 साल की देविका ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी गेम नहीं हारा और मजबूत अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के खिलाफ लगातार शानदार प्रदर्शन किया। उनका सबसे यादगार पल क्वार्टर फाइनल में आया, जहां उन्होंने टॉप सीड सुपाणिडा कैथोंग को हराया, जिससे खिताब की ओर उनके शानदार सफर की शुरुआत हुई।

फाइनल में, देविका ने मलेशिया की गोह के खिलाफ पूरा कंट्रोल बनाए रखा, जो यूथ ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट और दो बार की जूनियर वर्ल्ड चैंपियन हैं। भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम 21-8 से जीता, जिसमें उन्होंने अपने तेज अटैक और कोर्ट कवरेज का शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे गेम में वह 6-3 से आगे थीं, जब गोह को रिटायर होना पड़ा, जिससे देविका ने आसानी से खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ, देविका सुपर 300 महिला सिगल्स खिताब जीतने वाली सिर्फ तीसरी भारतीय महिला बन गई हैं, और वह पीवी सिधु और सायना नेहवाल जैसी दिग्गज खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हो गई हैं।

# विश्व कप के लिए पूरी टीम तैयार: सूर्या




● **भारत ने कीवियों के खिलाफ सीरीज में 4-1 से शानदार जीत हासिल की, जिससे आने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए उनकी तैयारी पूरी हो गई**

**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 4-1 से शानदार जीत हासिल की, जिससे आने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप के लिए उनकी तैयारी पूरी हो गई।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, श्रीलंका के साथ टूर्नामेंट के को-होस्ट भारत, पूरी सीरीज में ब्लैक कैप्स को हर डिपार्टमेंट में हराकर वर्ल्ड कप में अपनी तरफ से मोमेंटम के साथ उतर रहा है। भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव, जो पहली बार किसी आईसीसी इवेंट में टीम की कप्तानी करेंगे, ने अपने पर्सनल फॉर्म और टीम के ओवरऑल परफॉर्मेंस दोनों पर खुशी जताई, साथ ही अच्छे नतीजों के बावजूद सीखने की अहमियत पर जोर दिया।

पांचवें टी-20 में भारत की जीत में 63 रन बनाने के बाद प्लेयर ऑफ द सीरीज बने सूर्यकुमार ने कहा कि हम खुश हैं। जब आप किसी टीम की कप्तानी कर रहे हों तो रन बनाना हमेशा अच्छा होता है, आप मिसाल बनकर लीड करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि एक टीम के तौर पर, चीजें बहुत अच्छी चल रही हैं। लेकिन जब हम जीतते हैं, तो हम उससे सीखने और अगले गेम या सीरीज में सुधार करने की भी कोशिश करते हैं। सूर्यकुमार ने कहा कि इस सीरीज ने 7 फरवरी से शुरू होने वाले ग्लोबल टूर्नामेंट से पहले कीमती तैयारी का मौका दिया। उन्होंने कहा कि ए पांच गेम टी-20 वर्ल्ड कप कैंपेन शुरू करने से पहले अच्छी तैयारी थे। लड़के और मैं बहुत उत्साहित हैं। भारत का टॉप ऑर्डर सीरीज का एक बड़ा आकर्षण था, जिसमें सूर्यकुमार के साथ ईशान किशन और अभिषेक शर्मा ने जबरदस्त शुरुआत दी। किशन ने 43 गेंदों पर 103 रन बनाकर सीरीज के सबसे शानदार प्रदर्शनों में से एक किया, जिससे भारत अपने तीसरे सबसे बड़े टी-20 टोटल तक पहुंचा। सूर्यकुमार ने कहा कि हम हमेशा जानते थे कि ईशान क्या कर सकता है। ष्हम चाहते थे कि वह उसी तरह बैटिंग करे, अपनी पहचान न बदले, चाहे वह ओपनिंग करे या नहीं।

उन्होंने आगे कहा कि टॉप पर किशन और शर्मा के आक्रामक रवैए ने मिडिल ऑर्डर और फिनिशर्स पर दबाव कम किया। टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होने वाला है, जिसमें भारत का लक्ष्य टूर्नामेंट से पहले के अपने अच्छे फॉर्म को ग्लोबल स्टेज पर सफलता में बदलना है।

## अवैध एक्शन के लिए अमेरिका की खिलाड़ी को किया सस्पेंड



**काठमांडू, वार्ता।** अमेरिका की सीम बॉलर इसानी वाघेला को इंटरनेशनल क्रिकेट में बॉलिंग करने से सस्पेंड कर दिया गया है, क्योंकि आईसीसी इवेंट पैनल ने पुष्टि की है कि वह अवैध बॉलिंग एक्शन का इस्तेमाल करती हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, यह फैसला मैच अधिकारियों की एक रिपोर्ट के बाद लिया गया, जब नेपाल में हो रहे आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर 2026 में आयरलैंड के खिलाफ अमेरिका के मैच के दौरान वाघेला को देखा गया था। आईसीसी के अनुसार, इवेंट पैनल ने वाघेला के अगले मैच के बॉलिंग एक्शन के मैच फुटेज की समीक्षा की और निष्कर्ष निक. ाला कि यह बॉलिंग एक्शन को नियंत्रित करने वाले नियमों का पालन नहीं करता है। नतीजतन, उन्हें आईसीसी नियमों के अनुच्छेद 6-7 के तहत तत्काल प्रभाव से इंटरनेशनल क्रिकेट में बॉलिंग करने से सस्पेंड कर दिया गया है। यह सस्पेंशन तब तक रहेगा जब तक वाघेला अपने बॉलिंग एक्शन का फिर से मूल्यांकन नहीं करवा लेतीं और उन्हें बिना किसी अवैध एक्शन के बॉलिंग करने की अनुमति नहीं मिल जाती।

# नवाचार को बढ़ावा देने के लिए खेलों से संबंधित एक समर्पित पहल का प्रस्ताव

**खेल क्षेत्र रोजगार के बहुत सारे साधन, कौशल और नौकरियों के अवसर प्रदान करता है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने आज संसद में केंद्रीय बजट 2026-27 पेश करते हुए कहा कि उच्च गुणवत्तापूर्ण, किफायती खेल सामान के लिए भारत के वैश्विक केंद्र के रूप में उभरकर सामने आने की क्षमता का लाभ उठाने के लिए खेलों के सामान से संबंधित एक पहल का देश में शुभारंभ किया जाएगा।

खेलों से संबंधित सामान पर की गई घोषणा तीन कर्तव्यों के पहले कर्तव्य पर केंद्रित है, जो इस वर्ष के बजट के स्तंभों का निर्माण करती हैं, अर्थात आर्थिक वृद्धि को गति देना और उसको बनाए रखना, उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बेहतर करना और उथल-पुथल वाले वैश्विक डायनेमिक्स के प्रति लचीलेपन का निर्माण करना। खेलों के सामान से संबंधित इस पहल का उद्देश्य उपकरण डिजाइन और सामग्री विज्ञान दोनों में विनिर्माण, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना है। केंद्रीय बजट ने एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव किया है, जो देश के खेलों से संबंधित इकोसिस्टम को मजबूत करेगा। अपने बजट भाषण में श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कहा कि खेल क्षेत्र रोजगार के बहुत सारे साधन, कौशल और नौकरियों के अवसर प्रदान करता है। खेलो इंडिया कार्यक्रम के द्वारा खेलों से जुड़ी प्रतिभाओं के व्यवस्थित बढ़ावा देने को और आगे ले जाने के लिए मैं खेलो इंडिया मिशन के शुभारंभ का प्रस्ताव करती हूं, जो अगले एक दशक में खेल क्षेत्र का कायाकल्प कर देगा। यह कदम बजट में रेखांकित किए गए दूसरे कर्तव्य के अनुरूप है, अर्थात देश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना और उनकी क्षमताओं को विकसित करना, ताकि वे भारत की समृद्धि के मार्ग में मजबूत भागीदार बन सकें। जैसा कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, खेलो इंडिया मिशन निम्नलिखित को सुगम बनाएगा। एक एकीकृत प्रतिभा विकास मार्ग, जो बुनियादी, इंटरमीडियट और एलीट स्तर पर प्रशिक्षण केंद्रों द्वारा समर्थित होगा।

# विश्व कप से पहले दो अभ्यास मैच खेलेंगे तिलक



● **रणजी ट्रॉफी के दौरान लगी चोट के बाद अंडकोष की सर्जरी कराने के चलते वे लगभग वे एक महीने से मैदान से बाहर थे**

**मुंबई, वार्ता।** भारत के बल्लेबाज तिलक वर्मा को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से खेलने की मंजूरी मिल गई है और वह 2026 टी-20 विश्व कप से पहले दो अभ्यास मैच खेलेंगे। जनवरी की शुरुआत में रणजी ट्रॉफी के दौरान लगी चोट के बाद अंडकोष की सर्जरी कराने के चलते वे लगभग एक महीने से मैदान से बाहर थे। तिलक पहले 2 फरवरी को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ इंडिया ए टीम की ओर से खेलेंगे और इसके बाद 4 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के अभ्यास मैच में हिस्सा लेंगे। भारत का 2026 टी-20 विश्व कप में पहला मैच 7 फरवरी को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ है। तिलक न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में नहीं खेल पाए और उनकी गैरमौजूदगी में भारत ने लगभग सभी मैचों में नंबर तीन पर इशान किशन को खिलाया। सर्जरी के बाद तिलक सीओई में रिकवरी कर रहे थे और बीसीसीआई के एक बयान में 26 जनवरी को कहा गया था कि वे अपनी रिहैबिलिटेशन में लगातार प्रगति कर रहे हैं। ऑलराउंडर सुंदर भी इस सीरीज से बाहर रहे और आने वाले दिनों में उनका फटिनेस टेस्ट होने की उम्मीद है। रियान पराग कंधे की चोट के कारण लगभग दो महीने से नहीं खेले हैं और वे भी टी-20 विश्व कप से पहले इंडिया ए के दो अभ्यास मैच खेलेंगे। इनमें से दूसरा मैच 6 फरवरी को बेंगलुरु स्थित सीओई में नामीबिया के खिलाफ होगा। भारत 2026 टी-20 विश्व कप में ग्रुप ए में है और 7 फरवरी को मुंबई में अमेरिका, 12 फरवरी को दिल्ली में नाम. ीबिया, 15 फरवरी को कोलंबो में पाक और 18 फरवरी को अहमदाबाद में नीदरलैंड्स के खिलाफ उनका मुक़ाबला है।

# कृष्णा मेनन ने अपना ही शॉट पुट रिकॉर्ड तोड़ा



● **कृष्णा जयशंकर मेनन ने 6.63 मी. थ्रो के साथ खिताब जीता और अपने पिछले 16.03 मी. के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया, जो उन्होंने पिछले साल अल्बुकर्क में किया था**

**अमेरिका, वार्ता।** भारत की कृष्णा जयशंकर मेनन ने शनिवार को न्यू मैक्सिको टीम ओपन 2026 एथलेटिक्स मीट में महिलाओं के इंडोर शॉट पुट स्पर्धा में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड बेहतर करते हुए खिताब अपने नाम किया। पूर्व भारतीय बास्केटबॉल खिलाड़ी प्रसन्ना और जयशंकर मेनन की बेटी कृष्णा ने 16.63 मीटर थ्रो के साथ खिताब जीता और अपने पिछले 16.03 मीटर के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया, जो उन्होंने पिछले साल अल्बुकर्क में ही हासिल किया था। हन्ना रिचर्डसन (15.94 मीटर) और एलेशा लेन (14.52 मीटर) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। नियमों के अनुसार, नेशनल रिकॉर्ड को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) से मंजूरी मिलनी शेष है।

इस महीने की शुरुआत में नेवादा इंटरनेशनल जीतने के बाद इस साल अपनी दूसरी मीट में हिस्सा लेते हुए, कृष्णा ने 15.99 मीटर के प्रयास के साथ शाम का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अपने दूसरे थ्रो में हासिल किया। उन्होंने प्रतियोगिता की शुरुआत 14.45 मीटर के सामान्य थ्रो से की, जिसे उन्होंने अपने दूसरे थ्रो में सुधार कर 16-63 मीटर कर दिया। अपने तीसरे प्रयास में फाउल करने के बाद, कृष्णा ने 14.82 मीटर और 14.92 मीटर दर्ज किया और अपने आखिरी थ्रो में फिर से फाउल कर दिया। 23 साल की कृष्णा पिछले साल माउंटेन वेस्ट इंडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप में 16.03 मीटर के प्रयास के साथ महिलाओं के इंडोर शॉट पुट में 16 मीटर का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय एथलीट बनीं और उन्होंने पूर्णिमा राव राणे के पिछले 15.54 मीटर के रिकॉर्ड को तोड़ा।

## पुड्डुचेरी ने राजस्थान को पांच विकेट से हराया

**पुड्डुचेरी, वार्ता।** जसवंत श्रीराम (57) और अजय रोहेरा (नाबाद 49) की शानदार पारियों की बदौलत पुड्डुचेरी ने रविवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले के चौथे दिन राजस्थान को पांच विकेट से हरा दिया। यहां पुड्डुचेरी ने कल के दो विकेट पर 51 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में मोहित चांगरा ने पुनीत दाते (25) को आउटकर राजस्थान को तीसरी सफलता दिलाई। 31वें ओवर में अजय सिंह ने जसवंत श्रीराम को आउटकर पुड्डुचेरी को चौथा झटका दिया। जसवंत श्रीराम ने 87 गेंदों में सात चौके लगाते हुए 57 रनों की पारी खेली। राममूर्ति राघवन (छह) रन बनाकर मोहित चांगरा का शिकार बने। पुड्डुचेरी ने 44-1 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। राजस्थान के लिए मोहित चांगरा ने चार विकेट लिए। अजय सिंह ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# आयरलैंड ने थाईलैंड को हराकर 2026 महिला टी-20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया




● **आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 121 रन बनाए, जबकि थाईलैंड सिर्फ 59 रन पर सिमट गई**

**नेपाल, वार्ता।** अर्लीन केली (चार विकेट), लारा मैकब्राइड (तीन विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत आयरलैंड की महिला टीम ने रविवार को थाईलैंड पर 62 रनों से जीत दर्ज की। इसी के साथ वह 2026 महिला टी-20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी टीम बन गई है। जून-जुलाई में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले इस बड़े टूर्नामेंट में वह बंगलादेश और नीदरलैंड्स के साथ शामिल हो गई है। यहां क्वालिफायर के आखिरी दिन थाईलैंड के खिलाफ खेलते हुए, आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 121 रन बनाए। थाईलैंड का टूर्नामेंट में बल्ले से सबसे खराब दिन रहा और आयरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे उसकी पूरी टीम 16-1 ओवर में सिर्फ 59 रन पर सिमट गई। आयरलैंड को 62 रनों से जीत दर्ज की। गैबी लुईस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, आयरलैंड की टॉप तीन बल्लेबाजों एमी हंटर (15 गेंदों में 24), लुईस (30 गेंदों में 25), और ओर्ला प्रेंडरगास्ट (22 गेंदों में 24) सभी ने अच्छी शुरुआत की और दसवें ओवर के आखिर तक आयरलैंड का स्कोर 71 रन था। 12वें ओवर तक उसके तीनों अनुभवी बल्लेबाज आउट हो चुके थे। लुईस लिटिल ने 18 गेंदों में 14 रन बनाए, और जेन मैगुइरे 12 गेंदों में 15 रन बनाकर नाबाद रहीं। थाईलैंड के लिए लेगस्पिनर सुलीपोर्न लाओमी ने 24 रन देकर चार विकेट लिए। सुनीदा चतुरोंगरताना को दो विकेट मिले। इसके बाद 122 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थाईलैंड के बल्लेबाज आयरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सके। कप्तान नारुएमोल चाईवाई ने सर्वाधिक 22 रन बनाए। उनके अलावा नन्नापत कोंचारोएनकाई 15 रन बनाकर आउट हुईं। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 26 रनों की साझेदारी हुई। शेष नौ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। आयरलैंड के लिए अर्लीन केली ने चार ओवर में सात रन देकर चार विकेट झटके, जबकि ऑफस्पिनर लारा मैकब्राइड ने छह रन देकर तीन विकेट लिए एमी मैगुइरे को दो विकेट मिले। ओरला ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## माया को मुंबई ओपन के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्ड कार्ड

● **माया राजेश्वरन ने पिछले सीजन में अपना ब्रेकआउट टूर्नामेंट खेला था, जिसमें उन्होंने अपने से कई ज्यादा रैंक वाली खिलाड़ियों को हराया था**

**मुंबई, वार्ता।** 16 साल की सेंसेशन माया राजेश्वरन रेवती एल एंड टी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125के सीरीज में वाइल्ड कार्ड के तौर पर मेन ड्रॉ में वापसी कर रही हैं। यह टूर्नामेंट 2 से 8 फरवरी, 2026 तक मुंबई में महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन में होगा।

माया ने पिछले सीजन में अपना ब्रेकआउट टूर्नामेंट खेला था, जिसमें उन्होंने क्वालिफायर से लेकर मेन ड्रॉ सेमीफाइनल तक कई ज्यादा रैंक वाली इंटरनेशनल खिलाड़ियों को हराया था। उन्हें आखिर में चैंपियन बनी जिल टीचमैन ने बाहर कर दिया था। अपने दूसरे एडिशन में, माया मेन ड्रॉ के पहले राउंड में थाईलैंड की पांचवीं सीड लानलाना तारारुडी से भिड़ेंगी, क्योंकि वह पिछले साल टूर्नामेंट में अपने शानदार प्रदर्शन को आगे बढ़ाना चाहती हैं। मुंबई ओपन के 2025 एडिशन में अपने शानदार प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए माया ने कहा कि 2025 मुंबई ओपन मेरे ब्रेकआउट टूर्नामेंट में से एक था और मुझे घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का चैलेंज बहुत पसंद आया।

2025 मेरे लिए एक अच्छा साल था क्योंकि मैंने बहुत यात्रा की, कई टूर्नामेंट में हिस्सा लिया और कई ज्यादा रैंक वाली खिलाड़ियों के साथ खेला, जिससे मुझे कीमती अनुभव मिला। यह पहली बार था जब मैंने लगातार टूर्नामेंट खेले, जिससे मुझे वर्कलोड मैनेजमेंट को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली। पिछले एडिशन के शानदार प्रदर्शन के बाद, माया से काफी उम्मीदें हैं, लेकिन वह इससे परेशान नहीं दिखतीं।

# फाइनल में हरियाणा से भिड़ेंगी दिल्ली

● **दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल में महाराष्ट्र केसरी को 5-4 से हराकर प्रो रेसलिंग लीग के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली**



**नोएडा, वार्ता।** दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल 2 में महाराष्ट्र केसरी को कड़े मुकाबले में 5-4 से हराकर प्रो रेसलिग लीग 2026 के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। बाउट दर बाउट उतार-चढ़ाव से भरे इस मुकाबले में दिल्ली ने दबाव में संयम दिखाते हुए जीत दर्ज की और खिताबी मुकाबले में हरियाणा थंडर्स से टक्कर तय की। 57 किग्रा पुरुष वर्ग में शानदार वापसी जीत के लिए शुभम कौशिक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि 57 किग्रा महिला वर्ग में दबदबा दिखाने वाली मनीषा भनवाला को फाइटर ऑफ द मैच का सम्मान मिला।

62 किग्रा महिला मुकाबले में अंजली के दम पर दिल्ली ने शानदार शुरुआत की। दुदोवा बिल्याना झिवकोवा के खिलाफ संयमित और सटीक प्रदर्शन करते हुए अंजली ने टेकडाउन, पुश-आउट और पावर मिनट में निर्णायक चार अंकों की चाल के साथ 12-4 से जीत दर्ज कर दिल्ली को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके जवाब में 57 किग्रा महिला वर्ग में महाराष्ट्र की मनीषा भनवाला ने कार्ला गोडिनेज गोंजालेज पर एकतरफा दबदबा बनाते हुए लगातार टेकडाउन- टर्न संयोजनों से 15-0 की टेक्निकल सुपीरियॉरिटी से जीत दर्ज कर स्कोर बराबर कर दिया। हेवीवेट मुकाबले में महाराष्ट्र का पलड़ा भारी रहा, जहां कप्तान रॉबर्ट बारान ने अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। शुरुआती एक्टिविटी प्वाइंट गंवाने के बाद बारान ने दूसरे पीरियड में, खासकर पावर मिनट में, टेकडाउन और एक्सपोजर के जरिए रौनक को 11-1 से हराकर महाराष्ट्र को बढ़त दिलाई। 53 किग्रा महिला वर्ग में निशु भनवाला ने सारिका के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में बढ़त को और मजबूत किया। पहले पीरियड की मजबूत शुरुआत के बाद, दूसरे पीरियड में सारिका की जोरदार वापसी के बावजूद महाराष्ट्र ने 7-6 की करीबी जीत के साथ स्कोर 3-1 कर लिया। हार के दबाव में दिल्ली को 57 किग्रा पुरुष वर्ग में शुभम कौशिक के रूप में जीवनदान मिला। घुटने की तकलीफ के बावजूद शुभम ने पावर मिनट में टूर्नामेंट के यादगार पलों में से एक रचते हुए चार अंकों के एक्सपोजर और उसके बाद चार अंकों के टेकडाउन से 11-10 की नाटकीय जीत हासिल की और दिल्ली को मुकाबले में बनाए रखा। 76 किग्रा महिला मुकाबले में यूरा. ेपीय चैंपियन अनस्तासिया अल्पएएवा ने हर्षिता मोर के खिलाफ अनुभव का बेहतरीन नमूना पेश किया। शुरुआती अंक गंवाने के बाद अल्पएएवा ने तेज टेकडाउन और पुश-आउट के जरिए नियंत्रण हासिल किया और 7-5 की जीत के साथ सेमीफाइनल को 3-3 की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद 86 किग्रा पुरुष वर्ग में वाफाएईपौर हादी बख्तियार ने अमित के खिलाफ कड़े मुकाबले में 11-9 से जीत दर्ज कर दिल्ली को फिर बढ़त दिलाई। पावर मिनट में लगातार दो टेकडाउन निर्णायक साबित हुए।

## जूनियर पुरुष स्कीट टी2 ट्रायल्स में पंजाब का क्लीन स्वीप

**नई दिल्ली, वार्ता।** डा. कर्णी सिंह शूटिग रेंज में आयोजित शॉटगन राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स 1 एवं 2 के अंतर्गत जूनियर पुरुष स्कीट टी2 फाइनल में पंजाब के निशानेबाजों ने पोडियम पर पूरी तरह कब्जा जमाया। हरविराज सिंह, हरजीज सिंह अटवाल और गुरफतेह सिंह संधू ने क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया। वहीं सीनियर वर्ग में अनंतजीत सिंह नरूका ने 36 का परफेक्ट स्कोर कर ट्रायल 2 फाइनल जीता, जबकि महिला वर्ग में यशस्वी राठौड़ ने केवल एक निशाना चूकते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। कड़े मुकाबले वाले सीनियर पुरुष फाइनल में, क्वालिफिकेशन में 120 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहने वाले अनंतजीत सिंह नरूका ने फाइनल में 36 में से 36 निशाने साधे। ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया ने भी 34वें टारगेट तक परफेक्ट स्कोर बनाए रखा, लेकिन आखरीरी से पहले वाला निशाना चूक गए और 35/36 के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अभय सिंह सेखों ने 30 हिट्स के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले क्वालिफिकेशन में भवतेड़ा 120 के स्कोर के साथ अनंतजीत के बाद दूसरे स्थान पर रहे। ज्योतिरादित्य ने 119 के साथ तीसरा स्थान पाया।

# पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा के साथ एक महिला सहित 3 तस्करों को किया गिरफ्तार



मुरादाबाद। जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नागफनी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल नेतृत्व एवं क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर के पर्यवेक्षण में की गई कार्रवाई के दौरान थाना नागफनी पुलिस ने एक महिला सहित तीन तस्करों को 26 किलो 380 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। थाना नागफनी पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर संदिग्धों को रोका गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों में मफीजुल रहमान पुत्र मोहम्मद मिया निवासी ग्राम गोलनआवटी, थाना सेतुलकूची, जिला कूचबिहार (पश्चिम बंगाल), अमरित पुत्र अमरपाल निवासी गांव चोरावाला, थाना ककरौली, जिला मुजफ्फरनगर तथा सोनम पुत्री प्रेम सिंह निवासी गांव शोभापुर, थाना कंकरखेड़ा, जनपद मेरठ शामिल हैं।पुलिस ने तस्करों के पास से कुल 26 किलो 380 ग्राम अवैध गांजा के साथ-साथ घटना में प्रयुक्त तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों से अवैध गांजा की सप्लाई और नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा रही है।

अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पुलिस का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी इसी प्रकार सख्ती से जारी रहेगा।

# हिंदू समाज को संगठित करने का आह्वान

## लोकमाता अहिल्याबाई होलकर पार्क में हुआ हिंदू सम्मेलन

**चन्दौसी।** नगर के मौहल्ला आवास विकास स्थित लो. कमाता अहिल्याबाई होल्कर पार्क में रविवार को आयोजित हिंदू सम्मेलन में समाज, संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर सनातन संस्कृति की विचार धारा का आगाज हुआ। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर समरस, स्वाभिमानी और कर्तव्यनिष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही। गणेश वंदना, सरस्वती वंदना के बाद भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवम विभिन्न विद्यालयों के द्वारा सांस्कृतिक एवं देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। मुख्य अतिथि परमपूज्य महामंडलेश्वर हरिकान्त महाराज ने कहा कि विश्व की उत्पत्ति सनातन ने की है, हिन्दू को अब जगाने की आवश्यकता नहीं हैं वो जागा हुआ है लेकिन हम जातियों में बंट जाते हैं। सभी को एकजुट होने की आवश्यकता है। समय-समय पर पापियों का अन्त करने के लिये स्वयं ईश्वर ने अवतार लिया है। इसी प्रकार अब विधर्मियों के नाश के लिये मोदी-योगी आए हैं। वर्तमान परिवेश में राजनीति से ही धर्म को बचाया जा सकता हैं। राजनीति धर्म का एक अंग हैं। मनुष्य को अपने तन-मन-धन को राष्ट्रसेवा में लगाना चाहिए। धर्म की रक्षा के लिये राष्ट्रसेवा अवश्य करनी चाहिए।मुख्य अतिथि शंकराचार्य पीठ सोमानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि अश्वमेध यज्ञ कलयुग में नहीं होता लेकिन हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने जो रास्ता चुना वो राष्ट्रसेवा में अश्वमेध यज्ञ हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत की रीढ़ है जो भी स्वयंसेवक राष्ट्रसेवा में लगे हैं वो सीधे बैकुण्ठ धाम जाएंगे। भारत को विश्व गुरु बनाना है, 2019 तक क्योंकि हमारा राजा सनातन को मानने वाला है। देश के विधर्मी राष्ट्र के लिए कैंसर है। 2017 के बाद से उत्तरप्रदेश की स्थिति बदली है, जब से योगी आदित्यनाथ ने उत्तरप्रदेश संभाला है। संघ के ये 100 वर्ष 1000 वर्षों के बराबर हैं विपरीत परिस्थितियों में जो तप और त्याग राष्ट्र के लिये किया है वो अदभुत हैं। वर्तमान परिवेश में गंगा-गायत्री-गौ माता को बचाएं तभी देश हिन्दू राष्ट्र बनेगा। मुख्य वक्ता विभाग संयोजक कुटुम्ब प्रबोधन महावीर ने कहा कि देशभक्ति से ओत-प्रोत स्वयंसेवक समाज के कष्ट देखते ही दौड़ पड़ते हैं, तभी आज किसी भी प्राकृतिक अथवा अन्य आपदाओं के समय वहां तुरंत पहुंचते हैं। केवल आपदा के समय ही नहीं, वह नियमित रूप से समाज में दिखने वाले अभाव, पीड़ा, अपेक्षा दूर करने हेतु स्वयंसेवक अपनी क्षमतानुसार सर्वत्र प्रयास करते हैं। स्वयंसेवक प्रशासन अथवा सरकार पर निर्भर ना रहते हुए अपने क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सभी क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर करते हैं। स्वयंसेवक नियमित रूप से समाज परिवर्तन और समस्याओं का समाधान करने के लिए सतत् सक्रिय रहते हैं जो पांच परिवर्तन के माध्यम से संभव है, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, सह आधारित जीवन और नागरिक कर्तव्यबोध। सभी को इस राष्ट्रकार में अपनी रुचि व क्षमता के अनुसार सक्रिय भूमिका में लगना चाहिए। इस दौरान हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष राकेश पाठक, हिमांशु अग्रवाल उर्फ मोंटू सर्राफ, डॉ0 दुर्गा टंडन, राजीव गुप्ता, संजय सैनी, सुधा शर्मा, इंद. ुरानी, मोक्षिका शर्मा, नूतन चौधरी, नीलम राय, आकृति गुप्ता, सभासद शिव कुमार सैनी, सभासद अमन कोली, डॉ टी.एस. पाल, नकुल वार्ष्णेय, आलोक शाक्य, उमेश सैनी, मुकेश जाटव, सुबोध शर्मा, मनोज राघव, विनोद वार्ष्णेय, दौलत सैनी, उत्कर्ष वार्ष्णेय, दिनेशचंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### भोजपुर में शांतिभंग करने के आरोप में दो गिरफ्तार



**भोजपुर।** रविवार को पुलिस ने गांव सिरसवा गौड निवासी तन्जीम आलम उर्फ तहजीब आलम पुत्र आशक हुसैन और महेश सैनी पुत्र चरण सिंह निवासी गांव त्रिलोकपुर को शांति भंग करने के आरोप में हिरासत में लेकर चालान कर दिया। उप जिला मजिस्ट्रेट ने आरोपियों को भारी जमानत राशि पर पाबंद कर रिहा कर दिया। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों के खिलाफ शांति भंग करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने दोनों आरो. पियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। उप जिला मजिस्ट्रेट ने आरोपियों को भारी जमानत राशि पर पाबंद कर रिहा कर दिया है, जिससे वे भविष्य में शांति भंग न करें। इस कार्रवाई से भोजपुर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के प्रयासों को बल मिला है। पुलिस ने कहा है कि वे भविष्य में भी शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। भोजपुर पुलिस ने कहा है कि वे शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं और शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और किसी भी असामाजिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### भीकनपुर में हवन कीर्तन कर निकाली शोभायात्रा



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** हर साल की तरह इस साल भी थाना छजलेट के गांव भीकनपुर में संत रविदास जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई इस दौरान मंदिर पर हवन कीर्तन एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया बाद में गांव में शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें देवी देवताओं की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। वक्ताओं ने संत रविदास के बारे में अपने विचार रखें और उन पर चलने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता बृजेश कुमार उर्फ विजेंद्र सिंह रहे। अध्यक्षता हुकम सिंह जाटव तथा पूर्व प्रधान कमलवीर सिंह मुकुंद सिंह लालमन बाबू सिंह अशोक कुमार की रही। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### दस्तारबंदी कार्यक्रम में बांटी गई डिग्रियां

**बिलारी।** नगर के शहीदे आजम पार्क गल्ला स्टोर में मदरसा रजा ए मुस्तफा का वार्षिक जलसा कार्यक्रम आयोजन हुआ। जिसमें भारी तादात में डिग्रियां बांटी गई।

इस बीच मुफ्ती, कारी और हिफ्ज की डिग्रियां दी गई। मौलाना ने तकरीर कर इस्लाम के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उस्ताद सैय्यद मुफ्ती गुलाम जिलानी, मुफ्ती जीशान मिस्बाही, कारी रईस अशरफ आदि ने तकरीर कर पांच वक्त की नमाज पढ़ने, युवाओं को दीनी तालीम हासिल करने पर बल दिया। इस मौके पर मदरसा रजा ए मुस्तफा के जलसे कार्यक्रम में मुफ्ती की डिग्री मोहम्मद एजाज, मोहम्मद रिजवान, सैयद शारिक मियां, मोहम्मद अजहरुद्दीन मिस्बाही, नूर मोहम्मद,मोहम्मद राशिद, आफताब आलम, कारी की डिग्री मोहम्मद फैजान, मोहम्मद शान, मोनिश रजा, मोहम्मद बिलाल ,मोहम्मद आलम, मोहम्मद फिरोज, अब्दुल कादिर, मोहम्मद सुब्हान,अबू बकर,अब्दुल वाजिद को दी गई। इसके अलावा हिफ्ज की डिग्री मोहम्मद तहजीब को दी गई। कार्यक्रम में मेहमाने खुससी मुफ्ती फैजान मियां रामपुर, मुफ्ती ए आजम मुरादाबाद, मुफ्ती सुलेमान साहब तशरीफ लाए। कार्यक्रम में मौलाना अखलाक, हाफिज अली रजा, मोहम्मद इरफान, खलील नेताजी, मोहम्मद उस्मान रजा, मोहम्मद अखलाक इंजीनियर, शमशाद हुसैन आदि सहित अनेको मौजूद रहे ।कार्यक्रम की सदारत सैय्यद जाकिर मियां ने की।

# केंद्रीय आम बजट पर राय



● आज संसद में पेश किया गया बजट 2026-27 सरकार की प्राथमिकताओं को साफ दिखाता है। यह बजट बड़े उद्योगों और कॉरपोरेट हितों को तो मजबूत करता है, लेकिन आम आदमी, गरीब, किसान, मजदूर और अल्पसंख्यक तबकों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता।

सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर और कैपेक्स की बात करती है, लेकिन सवाल यह है कि जब पेट में रोटी नहीं होगी, इलाज सस्ता नहीं होगा, रोजगार नहीं होगा-तो सड़कें किसके लिए बनेंगी?

**एडवोकेट मोहिद फरगानी जिला अध्यक्ष**
**ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन**
**( AIMIM ), मुरादाबाद**

● आज संसद में पेश किया गया बजट 2026-27 सरकार की प्राथमिकताओं को साफ दिखाता है। यह बजट गरीब जनता के लिए सिर्फ एक छलावा है और कुछ नहीं इस बजट में गरीब जनता के लिए कुछ नहीं रखा गया। यह बजट बड़े उद्योगों और कॉरपोरेट हितों को तो मजबूत करता है, लेकिन आम आदमी, गरीब, किसान, मजदूर और अल्पसंख्यक तबकों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। जहां सरकार यह कह रही है कि सबका साथ और सब का विकास हमारा उद्देश्य है इस बजट से साफ हो गया है यह केवल बड़े उद्योगपतियों और अमीरों को ही तेजी देती है।



**इकबाल हुसैन अंसारी**
**महानगर अध्यक्ष समाजवादी**
**पार्टी मुरादाबाद।**

## बजट का महिलाओं पर रहा मिला जुला असर

**मुरादाबाद।** यप परिवार की महिला सदस्यों ने बजट आने के बाद अपने विचार व्यक्त किए जिसमें कुछ मायूसी तो कुछ खुशी और हर्ष भी था। एक एक कर सभी ने अपना दृष्टिकोण सभी के समक्ष रखा अनेक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई ।



नेहा मेहरोत्रा ने गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सभी के विचार सुने। थोड़ी मायूसी रसोई में कोई छूट न मिलने की रही चांदी सोने के भाव में कुछ रोक थाम हो इसकी भी सभी ने अपनी महिला वित्त मंत्री से आस लगाई थी जोकि पूरी नहीं हो पाई।इस दौरान संजना प्रियंका शालू चांदनी श्वेता पूजा अमृता शालू नीता प्रीति सोनिया ऋतु आदि मौजूद रही।

# हिंदू सम्मेलन में समाज, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण पर मंथन

**चन्दौसी।** रविवार को नगर के संभल गेट क्षेत्र में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें समाज, संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर समरस, स्वाभिमानी और कर्तव्यनिष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली, जिससे आयोजन स्थल पर उत्साहपूर्ण और अनुशासित वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ किया गया। इसके उपरांत विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने सराहा। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक मूल्यों का संदेश दिया गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता मनीष सिंह (अधिवक्ता, पूर्व जिला प्रचारक, नई दिल्ली) ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का अपना-अपना महत्व है, जैसे मानव शरीर के विभिन्न अंगों का महत्व होता है। इसी प्रकार सभी हिंदुओं को संगठित होकर भारत की संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी।

संघ व्यक्ति निर्माण का कार्य करता है और जब भी देश में प्राकृतिक आपदा आती है, तब संघ का स्वयंसेवक सबसे पहले समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए खड़ा दिखाई देता है। मनीष सिंह ने कहा कि प्रत्येक हिंदू को प्रतिदिन अपने परिवार के साथ ईश्वर की पूजा करनी चाहिए तथा परिवार के सदस्यों को संघ की शाखाओं में भेजना चाहिए, जिससे राष्ट्रसेवा के लिए निःशुल्क और समर्पित स्वयंसेवक तैयार हो सकें। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् को 150 वर्ष पूरे हो चुके हैं और जिन लोगों को अपने राष्ट्रगान या राष्ट्रगीत से आपत्ति है, उन्हें देश में रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित ऐसे हिंदू सम्मेलन वर्तमान परिवेश में हिंदू संस्कृति को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने वर्तमान सामाजिक चुनौतियों पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि आजकल समाज में जाति, लव जिहाद और अन्य कारणों से धर्मांतरण की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे हिंदू समाज को आघात पहुंच रहा है।

संघ अपनी शाखाओं और अनुषांगिक संगठनों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचकर सेवा कार्य कर रहा है। विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों में दी जाने वाली शिक्षा सेवा और संस्कार पर आधारित होती है, जिससे विद्यार्थियों में राष्ट्र और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विक. सित होती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म से अशुद्ध होता है, लेकिन संस्कारों के माध्यम से वह सच्चा सनातनी बनता है। डॉ. संदीप वेदांल. कार (प्रधानाचार्य) ने कहा कि समाज जीवन में समय के अनुरूप परिवर्तन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने जीवन में पांच बिंदुआ. ेंकृसामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व-आधारित जीवन, नागरिक कर्तव्यबोध एवं शिष्टाचारकृको आत्मसात करें, तो राष्ट्रहित में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में भारत का भविष्य उज्ज्वल दिखाई देता है, लेकिन अनेक चुनौतियां भी सामने हैं, जिनका समाधान संगठित समाज के माध्यम से ही संभव है। इस अवसर पर संतोष जैन, आचार्य ऋतुपर्ण व प्रभु, मुदित गर्ग, शुभम अग्रवाल, ओमवीर, अनिल, तरुण नीरज, विवेक, सुशांत मित्तल, दिलीप नगीना, विनोद बिन्नी, सतीश अरोड़ा, सुधीर मल्होत्रा, यश मदान, अंकुर अग्रवाल, गोपाल दिवाकर सक्सेना, बृजकिशोर, हरेंद्र कोली, पूनम अरोड़ा, प्रदीप बिसारिया, सुरेश सपड़ा, सरजू ठाकुर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सम्मेलन का समापन राष्ट्र और समाज के प्रति कर्तव्यों के निर्वहन के संकल्प के साथ किया गया।

## श्री शिव कथा महोत्सव का तृतीय दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न

**मुरादाबाद।** पीताम्बरा बगलामुखी देवी महायज्ञ एवं श्री शिव कथा महोत्सव के तृतीय दिवस का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। प्रातः कालीन सत्र में श्री लक्ष्मी नारायण अष्ट लक्ष्मी मंगला गौरी यज्ञ संपन्न कराया गया। यज्ञ में मुख्य यजमान के.ए. सक्सेना, के.के. गुप्ता, अमित सक्सेना, अवनी सक्सेना, हिमांशु सक्सेना, अमित अग्रवाल एवं अमित गुप्ता पत्नी सहित उपस्थित रहे। अनुष्ठान श्री परिवार पीठाधीश्वर पंडित कृष्णा स्वामी जी के निर्देशन में आचार्य कामेश मिश्र द्वारा विधिवत कराया गया। सांध्य कालीन सत्र में शुकतीर्थ से पधारे आचार्य आशीष माधव जी ने जालंधर वध एवं तुलसी महिमा की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने जालंधर राक्षस के अत्याचार, भगवान शंकर और भगवान विष्णु की लीला तथा वृंदा के पतिव्रता धर्म के प्रसंग को विस्तार से सुनाया। साथ ही बताया कि यही जालंधर अगले जन्म में रावण बना और वृंदा मंदोदरी के रूप में अवतरित हुईं, जबकि भगवान विष्णु ने श्रीराम तथा माता लक्ष्मी ने सीता के रूप में अवतार लिया। आज की कथा में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक नगर रणविजय सिंह सपत्नीक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संजय गिरी जी महाराज, प्रिया अग्रवाल, के.के. गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, दिनेश अग्रवाल, वरुण, नरेश सक्सेना, अतुल सोती, विकास ममगाई, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## शिक्षा और साहित्य में नई पहचान बना रही हैं चन्दौसी की बेटी अदिति गुप्ता

**चन्दौसी।** शहर की बेटी अदिति गुप्ता आज शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में प्रेरणास्रोत के रूप में पहचानी जा रही हैं। वर्तमान में बेंगलुरु निवासी अदिति गुप्ता पिछले 11 वर्षों से शिक्षा जगत से सक्रिय रूप से जुड़ी हैं और विद्यार्थियों के बौद्धिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। जिसकी प्रेरणा उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात और परीक्षा पे चर्चा जैसे विद्यार्थियों-केंद्रित विचारों से मिली है। अदिति गुप्ता ने अपनी पुस्तक की एक प्रति जिलाधिकारी संभल डॉ. राजेन्द्र पैंसिया को भेंट की।

## अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए बढ़ी आवेदन की तारीख

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2026-27 में कक्षा छह व कक्षा नौ में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि आगे बढ़ा दी गई है। पूर्व में 31 जनवरी अंतिम तिथि निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 15 फरवरी कर दिया गया है महानिदेशक अटल आवासीय विद्यालय पूजा यादव ने सभी मंडलायुक्तों को पत्र भेजा है। अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए एक जनवरी को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई थी। शनिवार को अंतिम तिथि तक प्रवेश के लिए बहुत कम आवेदन आए जिसे लेकर अब 15 दिन का समय और बढ़ाया गया है।

# केंद्रीय वित्त मंत्री ने लगातार नौवीं बार पेश किया पूर्णकालिक बजट

## स्वास्थ्य, बायोफार्मा और पूंजी निवेश को मिली प्राथमिकता

**चन्दौसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 01 फरवरी 2026 को लगातार नौवीं बार पूर्णकालिक केंद्रीय बजट पेश कर इतिहास रच दिया। ऐसा करने वाली वह देश की पहली वित्त मंत्री बन गई हैं। यह भी पहली बार हुआ है जब पूर्ण केंद्रीय बजट रविवार के दिन संसद में पेश किया गया। बजट पेश होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण उपस्थित रहीं। इसी बैठक में आम बजट को मंजूरी दी गई। परंपरा के अनुसार बजट पेश करने से पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को दही-चीनी खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

आम बजट 2026 के बाद सोलर उपकरण, जूते, इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी, ओवन, कैंसर व मधुमेह की दवाएं, कपड़ा, संपीडिष्त प्राकृतिक गैस, विदेश यात्रा तथा विमान के पुर्जे सस्ते हुए हैं। वहीं शराब, स्क्रैप और खनिज पदार्थ महंगे किए गए हैं। सरकार ने बजट में बड़ा ऐलान करते हुए देश में सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर विकसित करने की घोषणा की है। इससे यातायात व्यवस्था मजबूत होगी और आर्थिक गति. विधियों को गति मिलेगी। अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के





उद्देश्य से सरकार ने अगले वित्त वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय बढ़ाकर 12 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। इससे बुनियादी ढांचे के विकास को नई रफ्तार मिलेगी। बजट में शिक्षा और अनुसंधान ढांचे को मजबूत करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। देश में तीन नए राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान खोले जाएंगे। इसके साथ ही पहले से मौजूद सात संस्थानों को आधुनिक तकनीक से लैस किया जाएगा, ताकि भारतीय छात्र नई दवाओं की खोज में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें।

**आम बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया......**

● आम बजट 2026-27 में किसान, युवा, महिला एवं व्यापारी वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। बचत योजनाओं को और मजबूत करने की उम्मीद जताई गई है। बालिकाओं की शिक्षा और विवाह के लिए संचालित सुकन्या समृद्धि योजना में ब्याज दर बढ़ाने या योगदान सीमा बढ़ाने की संभावना है। वर्तमान में इस योजना में सालाना 1.5 लाख रुपये तक जमा किए जा सकते हैं और यह कर-मुक्त रिटर्न प्रदान करती है।

**--सामाजिक कार्यकर्ता, डॉ० टी.एस. पाल**

● इस बजट की सबसे क्रांतिकारी घोषणा 'बायोफार्मा शक्ति पहल' है। सरकार का लक्ष्य भारत को दवाओं के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है। इस मिशन पर अगले पांच वर्षों में 10 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वर्तमान में कई जटिल दवाओं के लिए भारत को विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता है। इस पहल से देश में आधुनिक दवाओं का निर्माण होगा, आयात घटेगा और भारत विश्व को दवाएं आपूर्ति कर सकेगा।

# पालिकाध्यक्ष के आवास पर देखा गया बजट कार्यक्रम केंद्रीय बजट 2026 को बताया गया 'विकसित भारत' की दिशा में मजबूत कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 की सराहना करते हुए पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने इसे "विकसित भारत" की आधारशिला बताया। अपने आवास पर बजट भाषण सुनने के बाद उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट देश को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला है।

रघुराज सिंह यादव ने कहा कि आजादी के अमृत काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट वर्ष 2047 तक भारत को विक. सित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने इसे समावेशी विकास का प्रतीक बताते हुए कहा कि बजट में समाज के हर वर्ग के कल्याण के साथ-साथ बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था जिस गति से आगे बढ़ रही है, यह बजट उस रफ्तार को और अधिक ऊर्जा प्रदान करेगा। उनके अनुसार यह बजट केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि करोड़ों देशवासियों के सपनों और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है, जो आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती देता है। पालिका अध्यक्ष ने



कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे से जुड़े प्रावधानों से युवाओं और किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने बजट को जन-कल्याणकारी बताते हुए प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर डॉ विश्वास, देवेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, मनोज ठाकुर, सभासद निहाल सिंह लाठर, सुमित गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया

● केंद्रीय बजट में सरल इनकम टैक्स फॉर्म, विदेश यात्रा एवं शिक्षा से जुड़े खर्चों पर कर में दी गई राहत स्वागतयोग्य कदम हैं। बजट में एमएसएमई सेक्टर को लेकर सरकार का दृष्टिकोण सकारात्मक दिखाई देता है, जिससे छोटे एवं मध्यम उद्यमों को मजबूती मिलेगी। सरकार द्वारा छोटे किसानों के साथ-साथ छोटे उद्यमियों एवं व्यापारियों पर केंद्रित नीतियां आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं।



इसके अतिरिक्त ईवी एवं सोलर पैनल के दामों में कमी आम आदमी के लिए बड़ी राहत है और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देगी। कुल मिलाकर यह बजट व्यापार, रोजगार और आमजन के हितों को संतुलित रूप से आगे बढ़ाने वाला है। **डॉ. पवन कुमार जैन महासचिव व्यापार भारती।**

● सरकार का बजट सराहनीय है इस बजट में शुगर और कैंसर की दवाई सस्ती होगी खेलकूद के सामान सस्ते होंगे इससे बच्चों का जो देश के भविष्य होते हैं उनका सर्वांगीण विकास होगा पशुओं के डॉक्टर बनने पर विशेष जोर दिया जाएगा इससे यह लाभ होगा की आए दिन सड़क पर भी बीमार और लाचार पशु पड़े रहते हैं उनका उपचार समय से हो सकेगा व्यापारियों को यह लाभ होगा की इनकम टैक्स में छोटी गलती पर भी सजा नहीं होगी। व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री संजय जैन।



### उदासहीन बजट हैः विधायक

● बिलारी विधायक मौहम्मद फहीम इरफान ने रविवार को लोकसभा में सत्र के दौरान पेश हुये बजट को उदासहीन बजट बताया। कहा कि यह बजट किसान, नौजवान, महिला, रोजगार, मजदूर, युवा, और कारोबा. री विरोधी बजट है।



● डॉ विश्वास शर्मा भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि बजट आम जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर आज वित्त मंत्री सीतारमण जी ने प्रस्तुत किया जिसमें रेल यातायात और स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखकर आम जनता के लिए प्रस्तुत किया गया जो जनहित में है

### बेकारी बेरोजगारी से जूझ रहे लोगों की उम्मीद की थाली खाली

### निरशाजनक, निंदनीय बजट



● भाजपा सरकार से कोई उम्मीद नहीं है, तो उसके बजट से क्या होगी। हम तो भाजपा के हर बजट को 1/20 (एक बँटे बीस) का बजट मानते हैं क्योंकि वो 5% लोगों के लिए होता है। भाजपा का बजट, अपने कमीशन और अपने लोगों को सेट करने का बजट होता है। भाजपा का बजट, भाजपाई भ्रष्टाचार की अदृश्य खाता-बही होता है। इस बजट में न आम जनता का जिक्र है न फिक्र। महंगाई बेतहाशा बढ़ने पर भी इस बजट में जनता को टैक्स में छूट न देना, 'टैक्स-शोषण' है। अमीरों के काम-कारोबार और घूमने-फिरने पर दस तरह की छूटें दी गई हैं लेकिन बेक. ारी-बेरोजगारी से जूझ रहे लोगों की उम्मीदों की थाली, खाली है। धर्मेंद्र यादव प्रदेश अध्यक्ष भारत रक्षा सेना जिला प्रवक्ता समाजवादी पार्टी, मुरादाबाद।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# आम आदमी खाली

रविवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में 2026-27 का बजट पेश किया। इस बजट में सभी विभागों को कुछ न कुछ देने की कोशिश की गई है, लेकिन आज की दुनिया के हालात देखते हुए विशेषकर सिंदूर ऑपरेशन से सबक लेते हुए सरकार ने अपना रक्षा बजट बढ़ाया है, जोकि स्वाभाविक भी है। अपने 85 मिनट के भाषण में वित्त मंत्री ने जहां जियो पॉलिटिक्स और चुनौतियों की बात कही, वहीं देश का रक्षा बजट 6 लाख 81 करोड़ से बढ़ाकर 7 लाख 85 हजार करोड़ रुपये करने की बात कही। इस तरह डिफेंस बजट में 15.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। बजट को ध्यान से देखने पर आम आदमी के हिस्से में कुछ आता दिखाई नहीं दे रहा है। खेती और पशुपालन आय और रोजगार के मौके बढ़ाने के थोड़ा जरूर फोकस किया गया। नारियल प्रोत्साहन योजना से करीब 3 करोड़ लोगों को जोड़ा जाएगा। मछली पालन को बढ़ावा लेने के लिए 500 तालाबों और सरोवरों का विकास किया जाएगा। इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया। हां इतना जरूर है कि रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने के लिए 3 महीने से ज्यादा का समय देने की बात कही गई है। इस तरह अब व्यापारी 31 दिसंबर के बदले 31 मार्च तक रिवाज्ड रिटर्न फाइल कर सकते हैं। कैंसर की 17 दवाओं से आयात शुल्क हटाया गया है, जो अभी तक 5 फीसदी लगता था। 15 हजार सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर्स लैब बनाए जाने की बात भी बजट में कही गई है। करीब 800 जिलो में लड़कियों के लिए हॉस्टल बनेंगे, हर जिले में यह हॉस्टल होगा। बजट में तीन आयुर्वेदिक एम्स बनाने का भी लक्ष्य रखा गया है। सात जिलों में हाईस्पीड ट्रेन भी दौड़ेंगी। जाहिर है इससे महानगरों के बीच की दूरी घटेगी। इससे देश की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। वित्त मंत्री के अनुसार 2025-26 में राज्य कोषीय घाटा 4.4 फीसदी रहा और अगले साल 2026-27 के लिए इसे और घटाकर 4.3 फीसदी करने का लक्ष्य है। बता दें कि राजकोषीय घाटे का मतलब सरकार की कमाई और खर्च के बीच का अंतर है। 2025-26 में सरकारों की कुल कमाई 34 लाख करोड़ रही। इसमें 26.7 लाख करोड़ टैक्स से आए और कुल खर्च 49.6 लाख करोड़ रहा। 26-27 के लिए सरकार ने 36.5 लाख करोड़ की कुल कमाई का अनुमान लगाया है, जिसमें टैक्स से 28.7 लाख करोड़ आएंगे और 53.5 लाख करोड़ कुल खर्च रहने का अनुमान है। इससे साफ है कि खर्च कमाई से ज्यादा है, इसलिए सरकार ने बाजार से 11.7 लाख करोड़ उधार लेने की बात कही है। शराब, सिगरेट महंगी होंगी। जमीनी स्तर पर इस बजट का क्या प्रभाव पड़ता है, यह तो आने वाले वक्त में ही पता चलेगा, लेकिन यह बजट लुभावना बजट कतई नहीं है और सरकार वास्तविकता को स्वीकार करती दिखाई देती है। जहां तक बात विपक्ष की है वह इसे रूखा बजट बता रहा है।

## पूंजीवादी सोच से प्रभावित बजट



संसद में पेश किए गए बजट में योजनाओं, परियोजनाओं और वादों के नाम भले ही बड़े हों, लेकिन असली कसौटी यह है कि उनका लाभ जमीन स्तर पर आम लोगों तक कितना पहुंचता है, सर्वसमाज के हित में केवल बातें करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें सही नीयत के साथ अमल में लाना भी उतना ही जरूरी है, केंद्र सरकार का बजट सत्ताधारी बहुजन समाज पार्टी के नजरिए से नहीं, बल्कि पूंजीवादी सोच से प्रभावित प्रतीत होता है, जिसमें बड़े उद्योगपतियों और धनाढ्य वर्ग को प्राथमिकता मिलती दिखती है, जबकि गरीब, दलित और बहुजन समाज की अपेक्षाएं पीछे छूट जाती हैं, सरकार की नीति और नीयत का आकलन इस बात से होना चाहिए कि वास्तव में गरीबों और वं. चतों के जीवन में कितना सकारात्मक बदलाव आया है।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# बजट 2026-27: लोकलुभावन वादों से दूर, राहत और मायूसी का मिश्रण



योगेश कुमार गोयल

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को एक ओर जहां सरकार के घटक दलों द्वारा विकसित भारत का बजट और बदलते भारत की राजनीतिक-आर्थिक प्राथमिकताओं तथा सरकार की दीर्घकालिक सोच का आईना बताया गया है, वहीं विपक्ष द्वारा इसे पूरी तरह दिशाहीन बजट करार दिया गया है। वैसे निर्मला सीतारमण ने लगातार नौवीं बार बजट पेश कर संसदीय इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। सवाल यह नहीं है कि बजट कितना बड़ा है या कितने नए आंकड़े पेश किए गए हैं बल्कि यह है कि क्या यह बजट महंगाई से जूझ रहे आम नागरिक के वर्तमान को कुछ राहत देता है और भविष्य के लिए भरोसेमंद आधार तैयार करता है? बजट के तमाम महत्वपूर्ण प्रावधानों का आकलन किया जाए तो यह बजट विकास, निवेश, बुनियादी ढ़ांचे, डिजिटल अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर भारत की स्पष्ट झलक तो दिखाता है लेकिन इसके साथ ही इसमें कई ऐसे खाली स्थान भी हैं, जो आम आदमी और विशेषकर किसान, निम्न आय वर्ग और असंगठित क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए निराशा पैदा करते हैं। सरकार ने इस बार तात्कालिक लोकलुभावन उपायों से दूरी बनाते हुए दीर्घकालिक क्षमता निर्माण पर जोर दिया है। यह . ष्टिकोण आर्थिक रूप से समझदारी भरा हो सकता है लेकिन लोकतंत्र में बजट का मूल्यांकन केवल भविष्य के सपनों से नहीं, वर्तमान की चुनौतियों से भी होता है।

शिक्षा और रोजगार को जोड़ने वाला 'एजुक. ेशन-टू-एम्प्लॉयमेंट' मॉडल सरकार की उस सोच को सामने लाता है, जो कक्षा और कार्यस्थल के बीच की खाई को पाटने का दावा करती है। पहली नौकरी पाने वाले युवाओं के लिए 15,000 रूपए का डीबीटी बोनस और एक करोड़ इंटर्नशिप की घोषणा निश्चित रूप से आकर्षक लगती है। यह कदम युवाओं को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ने और उन्हें सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की दिशा में सकारात्मक है। लेकिन यहां भी सबसे बड़ा प्रश्न क्रियान्वयन का है। क्या यह इंटर्नशिप वास्तविक कौशल और स्थाई रोजगार की ओर ले जाएंगी या फिर यह योजना सस्ते श्रम तक सीमित रह जाएगी? भारत पहले भी कई बार योजनाओं के आकर्षक नाम और बड़े लक्ष्यों के बावजूद जमीनी स्तर पर कमजोर क्रियान्वयन का अनुभव कर चुका है। 'स्किल इंडिया 2.0' के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और मशीन लर्निंग जैसी उभरती तकनीकों को क्षेत्रीय भाषाओं में सिखाने की योजना डिजिटल डिवाइड को कम करने की दिशा में अहम कदम है। ग्रामीण और अर्ध-शहरी युवाओं के लिए यह तकनीकी दुनिया में प्रवेश का द्वार खोल सकता है लेकिन प्रशिक्षकों की गुणवत्ता, पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता और उद्योग-सहयोग के बिना यह पहल भी सीमित असर तक सिमट सकती है। शिक्षा बजट को लगभग 1.35 लाख करोड़ रूपए तक बढ़ाने का प्रस्ताव सराहनीय है लेकिन बढ़ती छात्र संख्या, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और शोध की जरूरतों के सामने यह राशि अपर्याप्त प्रतीत होती है। मध्यम वर्ग के लिए यह बजट राहत और मायूसी का मिश्रण है। आयकर दरों में तो कोई बदलाव नहीं हुआ है लेकिन आयकर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में घोषणा अवश्य की गई है। सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है, कर व्यवस्था को जटिल छूटों के जाल से निकालकर सरल और पारदर्शी बनाना, ताकि उपभोग बढ़े और अर्थव्यवस्था में मांग का संचार हो। यह दृष्टिकोण आर्थिक सुस्ती के दौर में उपयोगी हो सकता है।

सरकार ने कुछ चुनिंदा वस्तुओं और क्षेत्रों में कर कटौती कर राहत देने की कोशिश की है। कैंसर और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों की दवाओं का सस्ता होना निसंदेह करोड़ों परिवारों के लिए जीवनरक्षक कदम है। मोबाइल फोन, ईवी बैटरी और सौर पैनलों पर रियायतें हरित ऊर्जा और डिजिटल इंडिया को गति देने के साथ-साथ तकनीक को आम आदमी की पहुंच में लाने का प्रयास हैं। जूते, कपड़े और कुछ घरेलू उपकरणों के सस्ते होने से मध्यमवर्गीय खपत में हल्की तेजी आ सकती है लेकिन दूसरी ओर शराब, खनिज और स्क्रैप पर बढ़े शुल्क से उत्पादन लागत बढ़ने और अंततः उपभोक्ता कीमतों पर असर पड़ने की आशंका भी बनी हुई है। सबसे बड़ा झटका शेयर बाजार में देखने को मिला। फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग पर बढ़े टैक्स ने खुदरा निवेशकों की धारणा को कमजोर किया और बजट के दौरान बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। इससे यह संदेश गया कि सरकार सट्टात्मक गतिविधियों पर सख्ती चाहती है लेकिन इसके दुष्परिणाम अल्पकाल में निवेशकों और बाजार की स्थिरता पर पड़े। यह बजट महंगाई और निवेश के मोर्चे पर एक तरह का विरोधाभास प्रस्तुत करता है, एक ओर खपत बढ़ाने की कोशिश, दूसरी ओर निवेश भावना को झटका। इंफ्रास्ट्रक्चर पर रु. 12.2 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय सरकार की विकास रणनीति का सबसे मजबूत स्तंभ है। सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, जिनमें मुंबई- पुणे और दिल्ली-वाराणसी जैसे मार्ग शामिल हैं, भारत की कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय विकास की तस्वीर बदल सकते हैं। बेहतर परिवहन से उद्योग, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन और रियल एस्टेट को नई गति मिल सकती है। टियर-2 और टियर-3 शहरों पर फोकस शहरीकरण के असंतुलन को सुधारने की दिशा में सही कदम है। हालांकि, बुनियादी ढ़ांचे पर खर्च का लाभ आम आदमी तक पहुंचने में समय लगता है और तात्कालिक रूप से निर्माण सामग्री की कीमतों में बढ़ोतरी महंगाई का दबाव बढ़ा सकती है। एमएसएमई और व्यापार जगत के लिए बजट में नई संजीवनी दिखाई देती है। 10,000 करोड़ रूपए का एसएमई ग्रोथ फंड छोटे उद्यमों को पूंजी की कमी से उबार सकता है। महिलाओं के लिए मुद्रा लोन की सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये करना महिला उद्यमिता को वास्तविक आर्थिक ताकत देने की दिशा में अहम कदम है। टेक्निकल टेक्सटाइल पर विशेष फोकस भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत स्थान दिला सकता है और 'मेक इन इंडिया' को व्यावहारिक आधार दे सकता है।

डिजिटल अर्थव्यवस्था के संदर्भ में यह बजट ऐतिहासिक कहा जा सकता है क्योंकि पहली बार कंटेंट क्रिएटर्स और क्रिएटिव इकोनॉमी को औपचारिक मान्यता दी गई है। 'रील' और 'रियल' इकोनॉमी के बीच की दीवार लगभग गिर चुकी है। डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, एनीमेशन और एजुकेशनल प्लेटफॉर्म को एमएसएमई जैसा दर्जा मिलने से युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर खुल सकते हैं। हालांकि बौद्धिक संपदा संरक्षण, आय की स्थिरता और नियमन जैसे सवाल भविष्य की बड़ी चुनौतियां बने रहेंगे। स्वास्थ्य और तकनीक के मोर्चे पर 'बायो-फार्मा 2.0' और सेमीकंडक्टर मिशन पर जोर भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक सोच को दर्शाता है। दवा परीक्षण और अनुसंधान के लिए 1,000 टेस्टिंग साइट्स का नेटवर्क दवाओं की लागत कम कर सकता है। सेमीकंडक्टर निर्माण में आत्मनिर्भरता भारत को वैश्विक तकनीकी आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत बनाएगी।

रक्षा बजट में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है लेकिन नई नीतिगत घोषणाओं के अभाव में बाजार की अपेक्षाएं पूरी नहीं हो सकी। इस पूरे बजट की सबसे बड़ी कमी किसानों को लेकर किसी ठोस और नई घोषणा का न होना है। कृषि क्षेत्र अभी भी महंगाई, लागत और आय की अनिश्चितता से जूझ रहा है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किए बिना समग्र विकास अधूरा रहेगा, यह सच्चाई इस बजट में अपेक्षाकृत कम झलकती है। कुल मिलाकर, बजट 2026-27 संतुलित प्रयास माना जा सकता है। यह न तो लोकलुभावन है और न ही कठोर सुधारवादी। सरकार ने भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए दिशा स्पष्ट की है लेकिन महंगाई, रोजमर्रा का खर्च और आय की सुरक्षा जैसी आम आदमी की तात्कालिक चिंताओं पर सीधी राहत सीमित है। यह बजट आम नागरिक को तुरंत सुकून देने के बजाय धैर्य रखने की सलाह देता है। आने वाले समय में इसका मूल्यांकन इस बात से होगा कि इसके वादे कितनी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ जमीन पर उतरते हैं। अब असली परीक्षा बजट भाषण की नहीं बल्कि उसके प्रभावी क्रियान्वयन की है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पक्षियों की विलुप्ति का चौंकाने वाला आंकड़ा

**स्थिति को समझने में सबसे बड़ी चुनौती पक्षियों का हल्का वजन और खोखली हड्डियां हैं जिनके कारण उनके अवशेषों का जीवाश्म के रूप में भलीभांति संरक्षण नहीं होता है। इसलिए पक्षी विलुप्ति के अधिकांश विश्लेषण लिखित रिकॉर्ड के आधार पर किए गए हैं जो पिछले 500 वर्षों से ही उपलब्ध हैं।**



हाल ही में नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन ने पिछले 1,26,000 वर्षों में मानव गतिविधियों के कारण पक्षियों की विलुप्ति के चौंकाने वाले आंकड़े उजागर किए हैं। पूर्व में किए गए अनुमानों से आगे जाकर इस शोध ने लगभग 1500 पक्षी प्रजातियों के विलुप्त होने के पीछे मनुष्यों को दोषी पाया है। यह आंकड़ा पूर्व अनुमानित संख्या से दुगना है जो पक्षियों की जैव विविधता पर मानव गति. विधियों के गहरे प्रभाव का संकेत देता है।

सदियों से जमीनें साफ करके, शिकार और बाहरी प्रजातियों को नए इलाकों में पहुंचाने जैसे मानवीय कारकों की वजह से पक्षियों की विलुप्ति होती रही है। यह प्रभाव विशेष रूप से द्वीपों जैसे अलग-थलग पारिस्थितिक तंत्रों में विनाशकारी रहा है और पक्षियों की 90 प्रतिशत ज्ञात विलुप्तियां ऐसे ही स्थानों पर होने की संभावना है। स्थिति को समझने में सबसे बड़ी चुनौती पक्षियों का हल्का वजन और खोखली हड्डियां हैं जिनके कारण उनके अवशेषों का जीवाश्म के रूप में भलीभांति संरक्षण नहीं होता है। इसलिए पक्षी विलुप्ति के अधिकांश विश्लेषण लिखित रिकॉर्ड के आधार पर किए गए हैं जो पिछले 500 वर्षों से ही उपलब्ध हैं। इस दिक्कत से निपटने के लिए, यूके सेंटर फॉर इकॉलॉजी एंड हाइड्रोलॉजी के रॉब कुक और उनकी टीम ने 1488 द्वीपों में दस्तावेजीकृत विलुप्तियों, जीवाश्म रिकॉर्ड और अनुमानित अनदेखी विलुप्तियों के अनुमानों को जोड़कर कुल विलुप्तियों का एक व्यापक मॉडल तैयार किया। अनदेखी विलुप्तियों का अनुमान लगाने के लिए उन्होंने द्वीप के आकार, जलवायु और अलग-थलग होने की स्थिति जैसे कारकों के आधार पर प्रजातियों की समृद्धता का आकलन किया। उनका निष्कर्ष है कि मानवीय गतिविधियों के कारण प्लायस्टोसीन युग के अंतिम दौर के बाद से वैश्विक स्तर पर लगभग 12 प्रतिशत पक्षी प्रजातियां विलुप्त हुई हैं। अध्ययनकर्ताओं का मत है कि इनमें से आधे से अधिक पक्षियों को तो इंसानों ने देखा भी नहीं होगा और न ही उनके जीवाश्म बच पाए होंगे। इस विलुप्ति में विशेष रूप से प्रशांत क्षेत्र के हवाई द्वीप, मार्केसस द्वीप और न्यूजीलैंड को सबसे अधिक खामियाजा भुगतना पड़ा जहां विलुप्त पक्षियों का लगभग दो-तिहाई हिस्सा केंद्रित था। अध्ययन से पता चलता है कि महाविलुप्ति की शुरुआत लगभग 700 वर्ष पूर्व हुई जब इन द्वीपों पर मनुष्यों का आगमन हुआ। इसके नतीजे में विलुप्त होने की दर में 80 गुना वृद्धि हुई। शोध के यह परिणाम नीति निर्माताओं और संरक्षणवादियों के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। कार्लस्टेड विश्व. विद्यालय के फोल्मर बोकमा के अनुसार इन नुकसानों को समझकर अधिक प्रभावी जैव विविधता लक्ष्य निर्धारित किए जा सकते हैं। एडिलेड विश्वविद्यालय के जेमी वुड का कहना है कि इस अध्ययन ने दर्शाया है कि पक्षियों की विलुप्ति के अनुमान कम लगाए गए थे और वास्तविक स्थिति शायद इस अध्ययन के आकलन से भी ज्यादा भयावह है।

**-स्रोत फीचर्स**

# तो इन्हें सताता है देश की बदनामी का डर



तनवीर जाफरी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारतीय जनता पार्टी के नेता व समर्थक अक्सर यह आरोप लगाते रहते हैं कि वे विदेशी की धरती पर भारतीय राजनीति, संस्थानों चुनाव आयोग, न्यायपालिका या भारतीय मीडिया व सरकार की आलोचना करके देश की छवि को खराब करते रहते हैं। इतना ही नहीं बल्कि भाजपा इसे देश-विरोधी या भारत को बदनाम करने की साजिश तक बताती है। सवाल यह है कि आखिर किन बातों से देश की बदनामी होती है और बदनामी और नेकनामी का पैमाना है क्या? याद कीजिए जब राहुल गांधी ने 2023 में कैंब्रिज यूनिवर्सिटी (यू के) में कहा कि भारत में विपक्ष को दबाया जा रहा है और चीन का खतरा समझा नहीं जा रहा है। इसमें राहुल ने क्या गलत कहा था ? परन्तु भाजपा ने राहुल के इस सच्चाई भरे वक्तव्य को ष्भारत को बदनाम करनाष बताया था। इसी तरह जब 2023 में कोलंबिया की एक यूनिवर्सिटी में राहुल ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र पर हमला हो रहा है और कुछ बड़े व्यापारियों का अर्थव्यवस्था पर कब्जा है तब भी भाजपा ने इसे राहुल द्वारा विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करना बताया था। अभी कुछ समय पूर्व ही जब राहुल गांधी ने बर्लिन में चुनाव आयोग पर सवाल उठाए और कहा कि हरियाणा चुनाव में धांधली हुई उस समय भी भाजपा ने इसे संस्थानों को बदनाम करने की साजिश बताया था। राहुल गांधी के ऐसे आरोपों से भाजपा इतना तिलमिला जाती है कि वह राहुल की आलोचना को एंटी-इंडिया फोर्सेज से जोड़कर कांग्रेस को कमजोर करने की कोशिश करने लगती है। यहां तक कि कुछ भाजपा नेता इसे चाइना की तारीफ या विदेशी हस्तक्षेप को आमंत्रित करने तक के रूप में परिभाषित कर देते हैं। भाजपाई कहते हैं कि इससे भारत की ग्लोबल इमेज खराब होती है

इस विषय पर कांग्रेस व राहुल गांधी का कहना है कि वे सिर्फ सच्चाई बोलते हैं,और आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है। लिहाजा राहुल भाजपा के आरोपों को खारिज करते हुए कहते हैं कि चीन जैसे मुद्दों पर तो मोदी खुद ही विदेश में भारत को बदनाम करते हैं। कुछ का मत है कि राहुल विदेश में कुछ नया नहीं कहते,वे भारत में भी यही कहते हैं। कांग्रेस के अनुसार समस्या चुनावी प्रक्रिया में है, न कि आलोचना में। कांग्रेस इसे साइलेंट करने की कोशिश बताती है और सच भी है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक नेता प्रायः विदेश में अपनी सरकार की आलोचना करते हैं और यह श्फ्री स्पीचश का हिस्सा माना जाता है। इससे देश की बदनामी नहीं होती, बल्कि इससे किसी भी देश के लोकतान्त्रिक मूल्य नजर आते हैं। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह भी कि ऐसे भी कोई प्रमाण नहीं है कि विदेश में की गई राहुल की बातों से भारत की अर्थव्यवस्था, निवेश या कूटनीति पर कभी कोई नकारात्मक प्रभाव पड़ा हो। सरकार खुद ही तो बताती रहती है कि भारत की जी डी पी ग्रोथ और ग्लोबल रैंकिंग मजबूत बनी हुई है?

इसी तरह राहुल गांधी व कांग्रेस के कई नेता नरेंद्र मोदी पर भी यह आरोप लगा चुके हैं कि वे विदेशी धरती पर भारत या पिछले 70 वर्षों के शासन की आलोचना कर देश को बदनाम करते हैं। नरेंद्र मोदी ने



2014 से 2023 के दौरान देश विदेश में कई बार यह दोहराया कि पिछले 70 सालों में भारत में कुछ खास नहीं हुआ, पहले लोग भारत में जन्म लेना दुर्भाग्य मानते थे, या 70 साल में विकास नहीं हुआ। इसी तरह मोदी ने 2022 में रूस में एक कार्यक्रम में भारत के पिछड़ापन, गरीबी या पिछली सरकारों की कमियों पर बात की थी। अमेरिका, यूके या अन्य देशों में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मोदी ने अक्सर पूर्व सरकारों की कमजोर विदेश नीति, उनके घोटालों या उस दौर में विकास की कमी पर जोर दिया है। कांग्रेस भी मोदी की इन बातों को भारत की बदनामी बताती है। कांग्रेस के अनुसार, मोदी ने कम से कम 4-5 बार विदेश में ऐसा कहा कि कांग्रेस शासन में ष्भारत को दुनिया ने गंभीरता से नहीं लियाष या षपिछले शासकों ने देश को कमजोर बनायाष आदि । कांग्रेस इसे भारत और भारतीयों खास तौर से पिछली पीढ़ियों का अपमान मानती है, क्योंकि यह कांग्रेस के शासन काल को नकारात्मक रूप से पेश करता है। राहुल गांधी ने 2023 में लंदन में कहा भी था कि मोदी खुद विदेश में भारत को बदनाम करते हैं, क्योंकि वे हर भारतीय, उनके माता-पिता और दादा-दादी का अपमान करते हैं।

ऐसे में यह समझना भी जरूरी है कि दरअसल सत्ता व विपक्ष के उपरोक्त आरा. ेपों प्रत्यारोपों से ही देश की बदनामी होती है या फिर इसतरह के आरोप प्रत्यारोप ही एक दूसरे नेताओं व उनके दलों को नीचा दिखाने व उन्हें जनता में बदनाम करने जैसा एक षडडंत्र मात्र है ? या फिर वास्तव में जनता को इस तरह की बहस में उलझाकर उन वास्तविक समस्याओं व विषयों पर पर्दा डालने का प्रयास है जिससे हकीकत में देश की बदनामी होती है ? क्या गलत कहते है राहुल गांधी कि चुनाव आयोग संदिग्ध है ? वे चुनाव आयोग सामने कितने सबूत पेश कर चुके जिनका कोई जवाब नहीं आया ? क्या देश के अनेक महत्वपूर्ण संस्थानों व संसाधनों पर अडानी का कब्जा नहीं होता जा रहा ? क्या सरकारी संस्थाओं का दुरूपयोग विपक्ष को परेशान करने के लिए नहीं किया जा रहा ? जब देश में मॉब लिंचिंग होती है तो क्या देश की बदनामी नहीं होती ? देश में सत्तारूढ़ दल की ओर से मंत्री व मुख्यमंत्री स्तर के लोग खुले आम साम्प्रदायिकता फैलाने वाली बातें कर ओछी राजनीति करते हैं तो क्या देश की बदनामी नहीं होती? देश की राजनीति को संविधान से अलग हटकर सांप्रदायिकता के रंग में चलाने के प्रयास क्या देश की बदनामी का कारण नहीं ? कितने लुटेरे जिनमें अधिकांश गुजराती,देश की अरबों रूपए लूटकर विदेशों में बैठे हैं क्या यह बदनामी की वजह नहीं ? देश के सर्वोच्च धर्माधिकारी शंकराचार्य जी को व उनके सहयोगियों को संगम तट पर मारा पीटा गया क्या वह देश की बदनामी की वजह नहीं ? नकली डिग्री धारक लोग सत्ता में सर्वोच्च पदों पर बैठे हों,यह बदनामी की बात नहीं ? संसद विधानसभा व मंत्रिमंडल में भ्रष्ट,बलात्कारियों व अन्य अपराधियों का शामिल होना क्या बदनामी की बात नहीं ? गांधी के हत्यारों का महिमामंडन क्या देश की बदनामी नहीं ? सत्ता द्वारा बलात्कारियों व अपराधियों को संरक्षण क्या बदनामी की वजह नहीं ? बड़ा आश्चर्य है कि देश की बदनामी इबारत लिखने वालों को ही देश की बदनामी का दर सताता रहता है?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




इटली। मिलान शहर में 2026 शीतकालीन ओलंपिक से पहले ICE विरोध प्रदर्शन में भाग लेते लोग।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी मामले में 36 भारतीय सहित 2000 से अधिक विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया में ऑनलाइन धोखाधड़ी के खिलाफ नवीनतम कार्रवाई के दौरान कुल 2044 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें 36 भारतीय भी शामिल हैं। यह जानकारी कंबोडियाई गृह मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने रविवार को दी। शनिवार को दक्षिणपूर्वी स्वे रींग प्रांत के बावेत शहर में 22 इमारतों वाले एक कैसिनो पर छापेमारी के दौरान आठ अलग-अलग देशों के संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। कम्पूचिया न्यूज के अनुसार, गिरफ्तार हुए कुल 2044 विदेशी नागरिकों में 1792 चीनी, 177 वियतनामी, 179 म्यांमारी, 30 नेपाली, पांच ताइवानी, एक मलेशियाई, दो लाओसी, 36 भारतीय और एक मैक्सिकन नागरिक हैं।

# बलूचिस्तान में 145 बलूच लड़ाके मारे गए

## पाक के गृह मंत्री मोहसिन नकवी व सेना ने कहा: इन हमलों को भारत का समर्थन मिला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हुए एक के बाद एक बड़े आतंकी हमलों के बाद सुरक्षा बलों ने करीब 40 घंटे चले ऑपरेशन में 145 बलूच लड़ाकों को मार गिराया। यह जानकारी प्रांत के मुख्यमंत्री ने रविवार को दी। उन्होंने बताया कि इस हिंसा में 17 सुरक्षाकर्मी और 31 आम नागरिकों की जान गई। इससे पहले, एसोसिएटेड प्रेस ने पाकिस्तानी सेना के हवाले से बताया था कि आतंकियों ने बलूचिस्तान में आत्मघाती हमले और गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 33 लोगों की मौत हुई।



■ इस हिंसा में 17 सुरक्षाकर्मी व 31 आम नागरिकों की जान गई
■ आतंकियों ने बलूचिस्तान में आत्मघाती हमले और गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 33 लोगों की मौत हुई

इसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 92 लड़ाकों को मार गिराया। अधिकारियों के मुताबिक, यह बलूचिस्तान में दशकों में पहली बार हुआ है जब एक ही दिन में इतनी बड़ी संख्या में आतंकी मारे गए। इन हमलों की जिम्मेदारी प्रतिबंधित संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी और सेना ने कहा कि इन हमलों को भारत का समर्थन मिला है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इन आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान बार-बार ऐसे निराधार आरोप लगाकर अपने देश की अंदरूनी नाकामियों से ध्यान हटाने की कोशिश करता है। उन्होंने कहा कि हर हिंसक घटना के बाद बिना सबूत के आरोप लगाना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान को ऐसे निरर्थक दावे दोहराने के बजाय अपने ही लोगों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं और मांगों पर ध्यान देना चाहिए, खासकर उस क्षेत्र में जहां हालात गंभीर बने हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि पाकिस्तान का दमन, क्रूरता और मानवाधिकार उल्लंघन का रिकार्ड दुनिया से छिपा नहीं है।

## पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान में 92 आतंवादियों को मार गिराया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने शनिवार को देश के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में 92 आतंकवादियों को मार गिराया और 'आतंकवादियों के बुरे इरादे को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया है।' सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि आतंकवादियों ने कल पूरे प्रांत में कई आतंकवादी गतिविधियां कीं, और कहा कि हमलों का मकसद 'स्थानीय लोगों के जीवन और बलूचिस्तान के विकास में रुकावट डालना' था। सेना ने कहा कि ग्वादर और खारान जिलों में 18 निर्दोष नागरिक 15 सैनिक मारे गए। बयान में आगे कहा गया कि पिछले दो दिनों में इन सफल अभियानों के साथ, बलूचिस्तान में चल रहे अभियानों में मारे गए आतंकवादियों की कुल संख्या 133 हो गई है, और इनमें से 41 शुक्रवार को प्रांत में मारे गए। बयान में कहा गया है कि इन इलाकों में लगातार आतंक रोधी अभियान चलाए जा रहे हैं, और इन आतंकवादी कामों को अंजाम देने वालों और उन्हें मदद देने वालों को सज़ा दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### थाईलैंड में आम चुनाव के लिए मतदान शुरू

**बैंकॉक।** थाईलैंड में आम चुनाव के लिए पूर्व मतदान रविवार को सुबह आठ बजे शुरू हुआ। इस प्रक्रिया में 20 लाख से जयादा पात्र मतदाता हिस्सा ले रहे हैं, जो आठ फरवरी को आधिकारिक मतदान के दिन अपना वोट नहीं डाल पाएंगे। इस मतदान में हिस्सा लेने वाले मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर दो बैलेट पेपर दिए गए है जिनमें एक प्रतिनिधि सभा सदस्य को चुनने के लिए और दूसरा अपनी पसंदीदा राजनीति दल को वोट देने के लिए। मतदान आज शाम 5 बजे समाप्त होगा और आठ फरवरी के बाद सभी मतपत्रों की गिनती एक साथ की जाएगी।

### आइवरी कोस्ट में सड़क हादसे में 14 लोगों की मौत

**अबिजान।** आइवरी कोस्ट में शनिवार को एक सड़क हादसे में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। परिवहन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह हादसा सुबह करीब पांच बजे कबाडूगू इलाके में हुआ और इसमें एक ट्रक शामिल था जो अनाज ले जा रहा था और जिसमें अवैध रूप से 69 यात्री सवार थे। परिवहन मंत्री अमादौ कोन ने कबाडूगू क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के अधिकारियों को हादसे की शुरुआती जानकारी इकट्ठा करने के लिए तुरंत मौके पर जाने का निर्देश दिया है।

### अमेरिका के लुइसियाना में गोलीबारी से पांच लोग घायल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में लुइसियाना राज्य के क्लिंटन में शनिवार को 'मार्डी ग्रास इन द कंट्री' परेड के दौरान हुई गोल. ीबारी में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक यह घटना क्लिंटन में पूर्वी फेलिसियाना पैरिश कोर्टहाउस के बाहर हुई। पूर्वी फेलिसियाना पैरिश के शेरिफ जेफ ट्रैविस ने स्थानीय समाचार आउटलेट डब्ल्यूएएफबी को बताया कि घायलों में एक छह साल का बच्चा भी शामिल है। ट्रैविस ने कहा कि तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# ईरान नहीं, वेनेजुएला का तेल खरीदेगा भारत

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का दावा: भारत ने वेनेजुएला से तेल खरीदने का सौदा कर लिया, चीन को भी डील करने के लिए कहा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि भारत अब ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। उन्होंने दावा किया है कि भारत ने वेनेजुएला से तेल खरीदने का सौदा कर लिया है। यह बयान ट्रम्प ने वाशिंगटन डीसी से एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात. चीत के दौरान दिया। हालांकि, भारत सरकार की ओर से इस पर अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ट्रम्प ने कहा कि हमने पहले ही एक डील कर ली है। भारत वेनेजुएला से तेल खरीदेगा, ईरान से नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के साथ इस सौदे का कांसेप्ट तय हो चुका है।

ट्रम्प के मुताबिक, चीन भी अगर चाहे तो वेनेजुएला से तेल खरीद सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 जनवरी को वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज से टेलीफोन पर बातचीत की थी। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई थी। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया था कि दोनों देशों ने साझेदारी को और गहरा करने और आने वाले वर्षों में संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के साझा विजन के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है। अमे. रिका ने 2019 में वेनेजुएला पर बहुत कड़े आर्थिक प्रतिबंध (सेंक्शंस) लगा दिए थे, अमेरिका ने सेकेंडरी सेंक्शंस भी लगा दिए, यानी जो भी देश या कंपनी वेनेजुएला से तेल खरीदती है, उसे अमेरिकी बाजार में व्यापार करने या बैंकिंग सुविधाओं से रोक दिया जा सकता था। इस वजह से कई देशों ने वेनेजुएला का तेल खरीदना बंद कर दिया। भारत भी वेनेजुएला से बहुत ज्यादा तेल खरीदता था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि तब भारत अपने कुल तेल आयात का लगभग 6 प्रतिशत वेनेजुएला से लेता था। वेनेजुएला पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (ओपीईसी) का सदस्य है। उसके पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है, लेकिन वह वैश्विक सप्लाई का करीब 1 प्रतिशत ही देता है। अमेरिका ने कुछ समय के लिए (2023-2024 में) वेनेजुएला पर आंशिक रूप से सेंक्शंस ढीले किए, जिससे भारत ने फिर से वेनेजुएला से तेल खरीदा। 2024 में भारत का आयात औसतन 63000 से 1 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गया। इसके बाद 2025 में वेनेजुएला से भारत का तेल आयात बढ़कर करीब 1.41 अरब डालर तक पहुंच गया, लेकिन मई 2025 में अमेरिका ने एक बार फिर से वेनेजुएला के तेल पर सख्ती बढ़ा दी। इसके बाद 2026 की शुरुआत में वेनेजुएला से भारत का क्रूड आयात सिर्फ 0.3 प्रतिशत रह गया। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक भारत की बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वेनेजुएला से फिर से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका से मंजूरी लेने की कोशिश शुरू कर दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि पश्चिमी देश भारत पर रूस से तेल आयात कम करने का दबाव बना रहे हैं और रिलायंस अपने लिए वैकल्पिक तेल सप्लाई सुरक्षित करना चाहती है। सूत्रों के मुताबिक रिलायंस के प्रतिनिधि इस मंजूरी के लिए अमेरिका के यूएस स्टेट डिपार्टमेंट और यूएस ट्रेजरी डिपार्टमेंट से बातचीत कर रहे हैं। इस पूरे मामले पर रिलायंस इंडस्ट्रीज ने रायटर्स की ओर से भेजे गए ईमेल का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। रिलायंस ने पहले भी अमेरिका से लाइसेंस लेकर वेनेजुएला से तेल खरीदा था। कंपनी के पास दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनरी काम्प्लेक्स है। यह गुजरात में स्थित है और इसकी कुल क्षमता लगभग 14 लाख बैरल प्रतिदिन है। 2025 के पहले चार महीनों में वेनेजुएला की कंपनी च्वटै। ने रिलायंस को चार जहाजों से तेल भेजा था, जो रोजाना करीब 63000 बैरल के बराबर था, लेकिन मार्च-अप्रैल 2025 में अमेरिका ने ज्यादातर लाइसेंस सस्पेंड कर दिए और वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले देशों पर टैरिफ की धमकी दी, जिसके बाद मई 2025 में रिलायंस का आखिरी वेनेजुएलन तेल का जहाज भारत पहुंचा था।



■ ट्रम्प ने कहा: हमने पहले ही एक डील कर ली है, भारत वेनेजुएला से तेल खरीदेगा, ईरान से नहीं
■ अमेरिका ने 2019 में वेनेजुएला पर बहुत कड़े आर्थिक प्रतिबंध (सेंक्शंस) लगा दिए थे

## ईरान अमेरिका के साथ कर रहा है बातचीत: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। ट्रम्प ने शनिवार को फॉक्स न्यूज़ से कहा कि योजना यह है कि (ईरान) हमसे बात कर रहा है, और हम देखेंगे कि क्या हम कुछ कर सकते हैं। नहीं तो, हम देखेंगे कि क्या होता है। उन्होंने आगे कहा कि पिछली बार जब उन्होंने बातचीत की थी, तो हमें उनके परमाणु हथियार हटाने पड़े थे। यह काम नहीं आया, आप जानते हैं। फिर हमने इसे एक अलग तरीके से हटाया, और हम देखेंगे कि क्या होता है। ट्रम्प ने कहा कि हमारा एक बड़ा बेड़ा वहां जा रहा है, जो वेनेजुएला में हमारे बेड़े से भी बड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के साथ बातचीत करते समय अमेरिका खाड़ी के साथियों के साथ सैन्य योजना साझा नहीं कर सकता। ट्रम्प ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हम उन्हें योजना नहीं बता सकते। अगर मैंने उन्हें योजना बताई, तो यह लगभग उतना ही बुरा होगा जितना आपको योजना बताना असल में, यह और भी बुरा हो सकता है।

## अमेरिका में मूल निवासियों के शोषण के इतिहास को मिटाने की कोशिश

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के एरिजोना राज्य में स्थित ग्रैंड कैन्यन नेशनल पार्क से ऐतिहा. सिक प्रदर्शनी के उन हिस्सों को हटा दिया गया है, जिनमें बताया गया था कि कैसे इस पार्क को बनाने के लिए 'आदिवासी समुदायों को उनकी जमीनों से बेदखल किया गया था।' अमे. रिका अखबार वाशिगटन पोस्ट के अनुसार, यह एक सुनियोजित अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत अमेरिका के पश्चिमी हिस्से के कम से कम 18 राष्ट्रीय उद्यान प्रभावित हैं।

■ सरकारी दस्तावेजों से पता चलता है कि पार्क के कर्मचारियों ने उन संदर्भों को भी हटा दिया

इनमें मोंटाना, टेक्सास, कोलोराडो, यूटा और व्योमिग के स्थल शामिल हैं। वाशिगंटन पोस्ट की रिपोर्ट में बताया गया है कि सरकारी दस्तावेजों से पता चलता है कि पार्क के कर्मचारियों ने उन संदर्भों को भी हटा दिया, जिसमें 'अमेरिका के मूल निवासियों के दुख, कष्ट और नुकसान' का उल्लेख किया गया था। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मार्च 2025 में एक कार्यकारी आदेश जारी किया था, जिसमें एजेंसियों को उस सामग्री को खत्म करने का निर्देश दिया गया था जो 'अनुचित रूप से अमे. रिकियों को नीचा दिखाती है'। आदेश में इसके बजाय 'अमेरिकी लोगों की उपलब्धियों और प्रगति की महानता' पर ध्यान केंद्रित करने को कहा गया था। अमेरिकी इतिहासकारों के दो प्रमुख संगठनों अमेरिकन हिस्टोरिकल एसोसिएशन और ऑर्गनाइजेशन ऑफ अमेरिकन हिस्टोरियंस ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर होने के बाद एक संयुक्त बयान जारी कर प्रशासन की नीतियों को 'ऐतिहासिक रिकॉर्ड के महत्वपूर्ण हिस्सों को विकृत करने, हेरफेर करने और मिटाने का एक व्यवस्थित अभियान' बताया था। बयान में कहा गया था कि हालिया निर्देश ऐतिहासिक अनुसंधान, ऐतिहासिक सटीकता और अमेरिकियों के वास्तविक अनुभवों के बजाय संकीर्ण विच. ारधारा को कपटपूर्ण तरीके से प्राथमिकता देते हैं। एक गैर-लाभकारी समूह नेशनल पार्क्स कंजर्वेशन एसोसिएशन के अनुसार, धन की कटौती ने देश भर में 200 से अधिक 'ट्राइबल हिस्टोरिक प्रिजर्वेशन' अधिका. रियों के काम को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। ये अधिकारी जनजातियों को उनके विरासत स्थलों की रक्षा करने और उनके इतिहास के सटीक चित्रण को सुनिश्चित करने में मदद करते हैं।

## सत्ता सरकारों के हाथ से निजी तकनीकी कंपनियों के हाथों में जा रही है: गुटेरेस

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बढ़ते वैश्विक तनाव के बीच शांति, न्याय और सतत विकास के लिए नये प्रयासों का आह्वान किया है। गुटेरेस ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि दुनिया 'शायद हमारे समय के सबसे बड़े सत्ता हस्तांतरण' से गुजर रही है।

सत्ता सरकारों से निजी तकनीकी कंपनियों के हाथों में जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी, जब व्यवहार, चुनाव, बाजार और यहां तक कि संघर्षों को आकार देने वाली तकनीकें बिना किसी सुरक्षा घेरे के काम करती हैं, तो प्रतिक्रिया नवाचार नहीं, बल्कि अस्थिरता होती है। महासचिव ने अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष यानि 2026 की प्राथमिकताओं की रूपरेखा पेश करते हुए कहा कि 2026 अभी से निरंतर आश्चर्य और उथल-पुथल वाले वर्ष के रूप में आकार ले रहा है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक बदलाव के समय में वह उन सिद्धांतों की ओर लौटते हैं, जो बताते हैं कि ताकतें कैसे काम करती हैं। इसमें न्यूटन का तीसरा नियम भी है, जो कहता है कि हर क्रिया की एक समान और विप. रीत प्रतिक्रिया होती है। गुटेरेस ने कहा कि इस वर्ष की शुरुआत में, हम ऐसी कार्रवाइयों को चुनने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं जो ठोस और सकारात्मक प्रतिक्रियाएं उत्पन्न करें। हमारे संकटपूर्ण समय में शांति, न्याय, जिम्मेदारी और प्रगति की प्रतिक्रियाएं।

■ 2026 अभी से निरंतर आश्चर्य और उथल-पुथल वाले वर्ष के रूप में आकार ले रहा

## तुर्की के अंताल्या में बस दुर्घटना में 8 लोगों की मौत, 26 घायल

**अंकारा।** तुर्की के अंताल्या शहर में एक बस पलटने से आठ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। टीआरटी हैबर टीवी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यात्री बस टेकिरदाग से अंताल्या जा रही थी, तभी आज सुबह एक तीव्र मोड़ पर बस चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस खाई में पलट गई। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि बस अंताल्या-इस्पार्टा राजमार्ग पर ग्रीन. विच मीन टाइम के अनुसार लगभग साढ़े सात बजे पलटी और खाई में जा गिरी। कई लोगों की मौत और घायल होने की खबरें हैं। टीआरटी हैबर की रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना के समय लोग बस के अंदर और नीचे फंसे हुए थे। चिकित्सा दल और आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर काम कर रही है।

# चीनी जेट बेचकर कर्जा चुका रहा पाकिस्तान

## जेएफ-17 फाइटर जेट्स की सऊदी अरब, लीबिया जैसे देशों से डीलिंग की, हर साल 50 जेट बन रहे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान अपना कर्जा चुकाने के लिए चीन के फाइटर जेट्स की अन्य देशों के साथ डीलिंग कर रहा है। उसने नाइजीरिया, अजरबैजान, लीबिया, सऊदी अरब, मोरक्को, इंडोनेशिया, इथियोपिया और सूडान जैसे देशों को ये जेट्स बेचे हैं।



■ नाइजीरिया अजरबैजान, लीबिया सऊदी अरब मोरक्को, इंडोनेशिया इथियोपिया और सूडान जैसे देशों को ये जेट्स बेचे हैं

जिन देशों को जेट्स दिए गए हैं उनमें से 8 मुस्लिम देश हैं। इस्लामाबाद के कामरा में चीन सरकार का चेंडु एयरक्राफ्ट कार्पोरेशन और पाकिस्तान एयरोनाटिकल काम्पलेक्स जाइंट वेंचर प्रोडक्शन कर रहे हैं। ये प्रोडक्शन यूनिट पूरी तरह से चीन ही आपरेट कर रहा है। चीन के लगभग 500 एयरोनाटिकल इंजी. नियर यहां पर नियुक्त हैं। कामरा यूनिट से हर साल लगभग 50 जे सीरीज फाइटर जेट का प्रोडक्शन किया जा रहा है। पाकिस्तान ने सऊदी अरब को चीन के जेट बेच कर 18 हजार करोड़ रुपये का कर्ज भी चुका दिया। इससे बार्टर डील कहा जा रहा है। पाक पर सऊदी का लगभग 70 हजार करोड़ रुपये का कर्ज है। चीन के फाइटर जेट बेचने को आलवेज ब्रदर डील का नाम दिया गया है। लगभग 200 करोड़ रुपये के एक जे सीरीज के फाइटर जेट को बेचने का लगभग 80 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा चीन के हिस्से में जाता है। वर्ल्ड आर्म्स मार्केट में बैटल रेडी ब्रांडिंग बेहद जरूरी होती है। चीन ने 47 साल से किसी देश के साथ युद्ध नहीं लड़ा है। ऐसे में पाक चीन के हथियारों की बैटल रेडीनेस खरीदारों को बता रहा है। पाक इसके लिए भारत और अफगानिस्तान के खिलाफ इन हथियारों के इस्तेमाल को पेश करता है। पाक ने चीन के अलावा तुर्किये के साथ भी हथियार बनाने के प्लान पर काम शुरू कर दिया है। तुर्किये के कामीकाजी (आत्मघाती) ड्रोन की संयुक्त यूनिट अगले साल लाहौर के पास लगाने का समझौता हुआ है। पाकिस्तान ने हर साल लगभग 200 ड्रोन प्रोडक्शन का लक्ष्य रखा है। ये एक्सपोर्ट भी किए जाएंगे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ने विदेशी कर्ज पर देश की बढ़ती निर्भरता को लेकर नाराजगी जताई है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, शहबाज ने शुक्रवार को माना कि देश की बदहाल आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें बार-बार विदेशी दौरों पर जाकर कर्ज मांगना पड़ा। शहबाज ने कहा: कर्ज लेना हमारे आत्मसम्मान पर बहुत बड़ा बोझ है। कई बार हमें काम्प्रोमाइज करना पड़ता है। कई बार हम उनकी शर्तों को 'ना' भी नहीं कह पाते।

# रूसी लड़कियों से संबध नहीं बनाए: बिल गेट्स

## यौन बीमारी के दावे को गलत बताया, कहा: एपस्टीन फाइल्स में लगे आरोप पूरी तरह झूठे

**वाशिंगटन।** माइक्रोसाफ्ट के को-फाउंडर और अरबपति बिल गेट्स ने रूसी लड़कियों से संबंध बनाने और यौन बीमारी होने के आरोपों को खारिज कर दिया है। यौन अपराधी जेफी एपस्टीन से जुड़ी फाइलों में दावा किया गया है कि बिल गेट्स के रूसी लड़कियों के साथ यौन संबंध थे और इसके बाद उन्हें यौन रोग (एसटीडी) हुआ। गेट्स के प्रवक्ता ने इन आरोपों को पूरी तरह बेतुका और झूठा बताया। उन्होंने कहा कि ये दावे गेट्स को फंसाने और बदनाम करने की कोशिश हैं।

प्रवक्ता के मुताबिक, इन दस्तावेजों से सिर्फ इतना पता चलता है कि जेफी एपस्टीन इस बात से नाराज था कि बिल गेट्स ने उससे दूरी बना ली थी। इसी वजह से वह गेट्स की छवि खराब करने की कोशिश कर रहा था। अमेरिकी न्याय विभाग ने 30 जनवरी को जेफी एपस्टीन जांच से जुड़े करीब 30 लाख पन्नों के दस्तावेज, 2000 वीडियो और 1.8 लाख तस्वीरें सार्वजनिक की हैं। नई फाइल्स में जेफी एपस्टीन (बाएं) और बिल गेट्स (दाएं) की एक मुलाकात की एक नई तस्वीर सामने आई। हालांकि यह साफ नहीं है कि यह कब ली गई थी। रिलीज हुई फाइल्स में एपस्टीन ने एक मेल में दावा किया कि यौन रोग होने के बाद बिल गेट्स ने उससे एंटीबायोटिक दवाएं मांगी थी, ताकि वह ये दवाएं चुपचाप अपनी पूर्व पत्नी मेलिंडा गेट्स को दे सकें। एपस्टीन ने एक ईमेल में गेट्स पर आरोप लगाया था कि उन्होंने अपनी छवि बचाने के लिए छह साल पुरानी दोस्ती को तोड़ दिया। साल 2021 में बिल गेट्स ने सीएनएन से कहा था कि एपस्टीन से मिलना उनकी बहुत बड़ी गलती थी। उन्होंने बताया था कि वे एपस्टीन से इसलिए मिले थे, ताकि वह गेट्स फाउंडेशन को दान दे सके। बिल गेट्स और एपस्टीन की दोस्ती को उनकी पूर्व पत्नी मेलिंडा फेंच गेट्स से तलाक की एक बड़ी वजह भी माना जाता है। बिल गेट्स पहले कह चुके हैं कि उन्हें एपस्टीन के साथ अपने संबंधों पर पछतावा है। हालांकि उन्होंने किसी भी तरह की गलत गतिविधियों से इनकार किया है। 2019 में उन्होंने कहा था कि उनका एपस्टीन के साथ कोई कारोबारी या व्यक्तिगत संबंध नहीं था और वे कभी किसी पार्टी या निजी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। न्यूयार्क टाइम्स और वाल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि गेट्स ने 2011 से 2013 के बीच एपस्टीन से कई बार मुलाकात की। इनमें न्यूयार्क स्थित उसके घर पर देर रात तक रुकना और निजी विमान से यात्रा करना भी शामिल रहा। बिल और मेलिंडा गेट्स की शादी 1994 में हुई थी। दोनों का 2021 में तलाक हो गया था। मेलिंडा ने बाद में कहा था कि गेट्स के अफेयर्स और एपस्टीन से संबंध उनके तलाक की बड़ी वजह बने।



■ अमेरिकी न्याय विभाग ने 30 जनवरी को जेफी एपस्टीन जांच से जुड़े करीब 30 लाख पन्नों के दस्तावेज, 2000 वीडियो और 1.8 लाख तस्वीरें सार्वजनिक की हैं

